किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853 9802414328

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

राष्ट्रीय सलाहकार संपादक श्री कृष्णराज अरुण, अध्यक्ष नार्थ जोन, न्यूज पेपर एसोसिएशन आफ इंडिया NAI दिल्ली 92

वर्ष: 1 अंक: 250 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 26 जून 2023 http://samajjagran.in पेज : 12 मूल्य 05 रुपया

मंत्री दयाशंकर सिंह के सख्त रुख से एक्शन में नगर पालिका प्रशासन

-ठेकेदार पर डंडा

-कार्यदायी संस्था छात्रशक्ति कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्टेड करने के भेजे नोटिस

-प्रत्येक दशा में पांच जुलाई तक पूरा करना है 284 मीटर नाला निर्माण का कार्य

-बसपा विधायक उमाशंकर सिंह की ही है छात्रशक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : नगर के एनसीसी तिराहा से होटल पार्क इन तक दोनों पटरी पर हो रहे नाला निर्माण में गड़बड़ी मिलने के बाद परिवहन मंत्री के कड़े रुख को देख नगरपालिका परिषद भी एक्शन मोड में आ गया है। मामले में मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाने के बाद नगरपालिका परिषद ने भी संबंधित कार्यदायी संस्था छात्रशक्ति कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी किया है।

नपा प्रशासन ने छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन को पत्र जारी कर कहा है कि यदि अंतिम तिथि पांच जुलाई तक बाकी बचे 284 मीटर नाले का कार्य पूरा नहीं होता है तो उसके अनुबंध की समस्त जमानत राशि को जब्त कर निविदा को निरस्त कराने के साथ ही फर्म को काली सूची में डाल दिया जाएगा। ऐसे में नपा प्रशासन के सख्त रुख से हड़कंप की स्थिति है। गौरतलब है कि मामले में 22 जून को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व जिलाधिकारी के निरीक्षण में मौके पर पाया गया कि कार्यदायी संस्था सीएस कंस्ट्रक्शन द्वारा कार्य बहुत धीमी गति से किया जा रहा है। मौके पर टेंडर होने के चार वर्ष बाद भी मामूली कार्य होना ही पाया गया। इससे तय हुआ कि निश्चित समय सीमा में कार्य पूरा करना असंभव है। अभी तक मात्र 157 मीटर की लंबाई में कार्य हुआ है जबकि 283.40 मीटर का काम पांच जुलाई तक पूरा करना है। ऐसे में प्रतिदिन 25 से 30 मीटर का कार्य करने पर ही यह कार्य तय समय पर होगा। मामले में नगर पालिका परिषद ने प्रतिदिन की कार्य प्रगति की रिपोर्ट भी मांगी है। ऐसे में नपा ने कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी कर इसकी प्रति परिवहन मंत्री, जिलाधिकारी तथा अन्य अधिकारियों को प्रेषित कर दिया है। इसी माममें में परिवहन मंत्री ने संबंधित जेई पर भी कार्रवाई के निर्देश जारी किया है। सनद रहे छात्रशक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी रसड़ा से बसपा विधायक उमाशंकर सिंह की कंपनी है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्धनगर वासियों को दी बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री ने नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 1719 करोड़ रुपये की 124 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा भारत।

आजादी के अमृतकाल में बड़ी उपलब्धियों को लेकर वैश्विक मंच पर छा रहा है भारत।

किसानों की समस्याओं का समाधान उत्तर प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता: मुख्यमंत्री।

समाज जागरण

25 जून 2023, गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने जनपद गौतमबुद्धनगर के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम रामनाथ गोयनका मार्ग नोएडा पंहुचकर रामनाथ गोयनका मार्ग का अनावरण कर कार्यक्रम को संबोधित किया। उसके उपरांत नोएडा स्टेडियम नोएडा सेक्टर 21ए पंहुचे जहॉ पर मा0 मुख्यमंत्री जी ने नोएडा एवं ग्रेटर

नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 1719 करोड़ की 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने देश के लोकतंत्र को बचाने वाले सभी ज्ञात और अज्ञात लोकतंत्र सेनानियों की स्मृतियों को नमन किया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सकारात्मक सोच के साथ अपने विजनरी नेतृत्व में देश को एक नई दिशा दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे काशी दिव्य आभा के साथ वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा प्राप्त कर रही है। वैसे ही अयोध्या भी नई अयोध्या के रूप में जगमगा रही है। दुनिया में रह रहा हर सनातन धर्मावलंबी और भारत का शुभचिंतक जनवरी 2024 का इंतजार कर रहा है, जब भगवान रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि सवा तीन वर्ष से अपने 80 करोड़ नागरिकों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ देने वाला इकलौता देश भारत है। भारत की यात्रा ऐसे ही चलती रही तो 2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में भारत दो बड़ी उपलब्धियों को लेकर वैश्विक मंच पर छा रहा है। पहली उपलब्धि जी-20 की अध्यक्षता और दूसरी उपलब्धि भारत का दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरना है।

हमारी संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर लोगों को जागरूक करें सांस्कृतिक योद्धा: सीएम

अपनी संस्कृति के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकता है भारत: सीएम योगी

समाज जागरण

25 जून, गौतमबुद्धनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल युग में हमारी संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर सांस्कृतिक योद्धा लोगों जागरूक करें, लेकिन कानून को अपने हाथों में न लें। अगर कानून को अपने हाथ में लेंगे तो आप उनकी मदद करेंगे, उनके लिए बचाव का रास्ता खोल देंगे। ऐसी किसी तरह की सूचना मिलने पर सांस्कृतिक योद्धा पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल युग जितना लाभकारी है उतना ही खतरनाक भी है। हाल ही में एक घटना सामने आई थी, जिसमें ऑनलाइन गेमिंग माध्यम से स्कूली बच्चों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। बहुत बड़ा गिरोह है, जिसे हमारी पुलिस ने पकड़ा था।

सीएम योगी ने रविवार को गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय में "सेव कल्चर सेव इंडिया फाउंडेशन" द्वारा आयोजित 'सेव कल्चर सेव इंडिया मिशन' में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को लेकर कुछ दिनों पहले एक और गिरोह का पदार्फाश हुआ था, जो मूक बधिर बच्चों का धर्मांतरण करा रहा था। धर्मांतरण की घटनाएं सिर्फ उत्तर प्रदेश में नहीं हो रही हैं। ऐसे लोग षडयंत्र के तहत सभ्य परिवारों के बीच अपनी जगह बनाते हैं। आगे क्या होता है वह आप सबके सामने हुआ। हाल ही में दिल्ली और मुंबई हुई घटनाएं इसका बड़ा उदाहरण है। हमारी सरकार इसको रोकने के लिए अध्यादेश लेकर आई है और कानून उसके हिसाब से कार्य कर रहा है।

शेष पेज-3 पर

'6 मुस्लिम देशों पर 26 हजार बम बरसाने वाले अब हमें...', बराक ओबामा के आरोपों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया जवाब

दैनिक समाज जागरण/के. आर. अरुण

नई दिल्ली. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका और मिस्र की यात्रा दौरे को भारत के लिए सम्मान की बात बताया और अपने फायदे के लिए 'गैरवाजिब मुद्दे' उठाने को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना की. वहीं भारत में मुसलमानों के साथ व्यवहार को लेकर पूछे गए सवाल पर निर्मला सीतारमण ने साफ किया कि पीएम मोदी की सरकार 'सबका साथ सबका विकास" सिद्धांत पर काम करती है और किसी विशेष समुदाय के साथ भेदभाव नहीं करती है.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग केवल उन मुद्दों को उजागर करने के लिए बहस में शामिल होते हैं जो एक तरह से गैर-मुद्दा हैं. सीतारमण ने कहा कि ह्यबिना किसी जानकारी के केवल आरोप लगाना; यह साफ करता है कि यह सब संगठित अभियान का हिस्सा है.' उन्होंने कहा कि विपक्षी दल चुनावी मैदान में बीजेपी से मुकाबला नहीं कर सकते, इसलिए वे ऐसा अभियान चला रहे हैं. उन्होंने कहा, 'कांग्रेस इसमें विशेष भूमिका निभा रही है.'

बराक ओबामा के इंटरव्यू पर बोलीं सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के बयान को लेकर भी निशाना साधा. इस इंटरव्यू में ओबामा ने भारतीय मुसलमानों पर टिप्पणी की थी. उन्होंने कहा कि 'उनके (ओबामा) शासन

में '6 मुस्लिम बहुल देशों पर 26,000 से अधिक बम बरसाए गए थे.'

उन्होंने कहा, '... मैं सावधानी से बोल रही हूं, हम अमेरिका के साथ अच्छी दोस्ती चाहते हैं. लेकिन जब वहां से भारत की धार्मिक सहिष्णुता पर टिप्पणियां आती हैं. शायद उनकी वजह से 6 मुस्लिम बहुल देशों पर बमबारी हुई... सीरिया से लेकर यमन तक... 26 हजार से अधिक बम गिराए गए... लोग उनके (ओबामा के) आरोपों पर कैसे भरोसा करेंगे.'

मुस्लिम बहुसंख्यक देशों ने किया है पीएम मोदी का सम्मान

सीतारमण ने यह भी कहा कि यह गर्व की बात है कि पीएम मोदी को मिस्र के सर्वोच्च राजकीय सम्मान से सम्मानित किया गया, जो उनका 13वां ऐसा पुरस्कार है. वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि पीएम मोदी को जो 13 पुरस्कार दिए गए हैं, उनमें से छह उन देशों द्वारा दिए गए हैं जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं. यह तब हो रहा है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र के अपने पहले दौरे पर हैं, जो 26 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा है. बता दें कि मिस्र के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को ह्यऑर्डर ऑफ द नाइलह्ल पुरस्कार से सम्मानित किया, जो मिस्र का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है. अपनी दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी अपनी ऐतिहासिक अमेरिकी यात्रा समाप्त करने के बाद शनिवार को काहिरा पहुंचे थे.

नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से सोना गायब, CIAA के नियंत्रण में मंदिर, श्रद्धालुओं का प्रवेश रोका

दैनिक समाज जागरण/ के. आर. अरुण

काठमांडू. नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में 100 किलोग्राम के आभूषणों में से 10 किलोग्राम सोना गायब होने के बाद इसकी जांच शुरू कर दी गई है. सोना गायब होने की रिपोर्ट सामने आने के बाद जांच के लिए भ्रष्टाचार रोधी निकाय ने मंदिर परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया है. इसके चलते रविवार को इसे श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया.

गौरतलब है कि पशुपतिनाथ मंदिर काठमांडू में सबसे पुराना हिंदू मंदिर है. दस किलोग्राम सोना गायब होने की रिपोर्ट के बाद संसद में सवाल उठाए जाने पर सरकार ने

अधिकारों के दुरुपयोग की जांच से जुड़े एक आयोग ह्यसीआईएएह्ल को इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया था. सीआईएए भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए नेपाल सरकार की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था है.

जलाहारी बनाने खरीदे गए 103 किलो सोने से 10 किलो गायब

पशुपति क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने दावा किया कि उसने जलाहारी बनाने के लिए 103 किलोग्राम सोना खरीदा गया था, लेकिन आभूषण से 10 किलोग्राम सोना गायब था. पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक घनश्याम खातीवाड़ा ने मीडिया को बताया कि गायब हुए सोने पर सवाल उठने के बाद पशुपतिनाथ की सोने से बनी जलाहारी को उसकी गुणवत्ता और वजन निर्धारित करने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने अपने कब्जे में ले लिया है.

पशुपतिनाथ मंदिर में तैनात हुए नेपाल सेना के जवान

सूत्रों ने कहा कि जांच प्रक्रिया के लिए पशुपति मंदिर परिसर में नेपाल सेना के जवानों सहित कई सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है. सूत्रों ने बताया कि अपराह्न साढ़े तीन बजे से श्रद्धालुओं के मंदिर में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई और मंदिर मध्य रात्रि तक बंद रहेगा.

जब पूरा जंगल एक घाट पर इकट्ठा हो जाए तो समझ लेना दूसरे घाट पर शेर है: समरनाथ सिंह

नेताओं के आपस में मिलने से विपक्षी एकता नहीं हो सकती

दैनिक समाज जागरण

अररिया। भाजपा के किसी भी कार्यक्रम बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले, तन मन और धन से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका निभाने वाली भारतीय जनता पार्टी के खांटी और काबिल नेता सह जिला भाजपा के लोकसभा संयोजक भाई समरनाथ सिंह उर्फ समर ने पीएम मोदी के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के बीच महा जनसंपर्क अभियान के दौरान पत्रकारों से रू ब रू होते हुए विपक्षी एकता पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि

जब पूरा जंगल एक घाट पर इकट्ठा हो जाए तो समझ लेना दूसरे घाट पर शेर है। नेताओं के आपस में मिलने से विपक्षी एकता नहीं हो सकती ।विपक्षी एकता के नाम पर कुछ राजनीतिक दल अपने विरासत को बचाने में लगे हुये हैं।विपक्षी एकता के नाम पर उन लोगों को एकत्रित किया जा रहा है जो जिन्होंने आपातकाल के समय निदोर्षों को जेल की सलाखों के पीछे छोड़ा था. लेकिन जनता इस बात से सचेत हो रही है कि जो लोग विकास के संकल्प के साथ एकजुट नहीं हो पाये, वें ब्लैकमेल का रास्ता अख्तियार कर रहे हैं. जो विकास का संकल्प लेकर एकजुट नहीं हो पाये, वे आपातकाल की छत्रछाया

में एकजुट हो रहे हैं।

मेढ़क को तराजू पर नहीं तोला जा सकता है। एक प्रश्न के उत्तर में समर भाई ने कहा कि "बिहार संभलता नही चला देश संभालने ।" विपक्षी एकता होती तो 10 साल पूर्व हीं हो जाती।

नरेंद्र मोदी के अलावा देश में दूसरा कोई विकल्प नहीं नरेंद्र मोदी के अलावा देश में दूसरा कोई विकल्प नहीं है । पीएम मोदी का एक ही लक्ष्य है, 2047 में भारत जब आजादी का एक सौ वां वर्षगांठ मनाएं तो भारत दुनिया के विकसित देश की श्रेणी में हो। मोदी जी ने सारे कूड़े कचरा को एक जगह इकट्ठा कर दिया है अब बारी हमारी जनता की है इन्हें ठिकाने लगाने का। जय भाजपा, तय भाजपा।

महाजन साहब के अधूरे कार्यो और सपनो को पूरा करने का प्रण ले जनता के बीच आया हु :- लोकेश महाजन

हिसार / दिनेश महता स्व. बाऊजी श्री ओम प्रकाश महाजन जी और झाई जी सुमित्रा महाजन जी ने अपनी पूरी उम्र हिसार की जनता की सेवा में लगा दी, जनता का भरपूर प्यार, साथ, स्नेह, आशीर्वाद उन्हे मिला.. वही प्यार, साथ और आशीर्वाद में आप सभी साथियो, भाइयो और बड़े बुजुर्गो से मांगने आया हु, आज शांति नगर स्थित कांग्रेस पार्टी के पूर्व व्यापार सेल से महासचिव रहे वरुण शर्मा हिसार के निवास पर जनता से रुबरु होते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता लोकेश महाजन ने ये बाते कही. श्री महाजन ने कहा की बाऊजी और झाई जी ने सदैव बिना स्वार्थ के राजनीति में उच्च पदों पर रहते हुए जनसेवा की हैं, उन्ही के पद चिन्हों पर चलने का मेरा प्रयास हैं इसलिए आज वही साथ और आशीर्वाद आपसे झोली फैला कर मांगने आया हु, साथ ही बाऊजी जी के हिसार के प्रति अधूरे सपनो और कार्यो को पूरा करने का प्रण भी मैंने खुद से किया हैं इसलिए आज आपके बीच हु, वहाँ उपस्थित हर जन ने लोकेश महाजन जी को साथ और आशीर्वाद के लिए आश्वस्त किया. इस दौरान बड़े बुजुर्गो ने भी भरपूर आशीर्वाद श्री महाजन को दिया.

26 जून नशा मुक्ति दिवस पर विशेष

नशा मुक्ति के लिए उठे बड़े कदम

दैनिक समाज जागरण

आज पूरी दुनिया नशे के चंगुल में फंसी हुई है। दुनिया का कोई भी ऐसा देश नहीं है जहां के लोगों को नशे कि लत नहीं लगी हो। भारत में तो स्थिति और भी बदतर हो रही है। यहां की बहुत बड़ी आबादी नशे की गिरफ्त में आ चुकी है। विशेषकर युवा वर्ग में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृत्ति समाज व राष्ट्र के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। नशे की लत के कारण बहुत से नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो चुका है।

हमारे देश में नशा करने वाले युवा पीढ़ी के लोग अब चरस, हेरोइन, कोकीन,अफीम जैसा खतरनाक नशा करने लगे। देश भर में नशे का सामान बेचने वाले बड़े-बड़े नशा माफिया पनप गए हैं। जो स्कूलों, कॉलेजों में कम उम्र के नौजवानों को नशे का सामान बेचते हैं। घर से बाहर रहकर पढ़ने वाले बहुत से छात्र इन नशा माफियाओं के चंगुल में फंसकर नशे की लत के शिकार हो जाते हैं। जब तक उनके घर वालों को असलियत का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। नशीले पदार्थों के निवारण के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसम्बर 1987 से इसे मनाने का निर्णय लिया था। इसका उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना हैं। यह अच्छी बात है कि इस दिन लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। लोगों को सचेत किया जाता है, सावधान किया जाता है। मगर जब तक समाज व सरकार नशे को जड़ से समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही नहीं करेगी तब तक नशे का व्यापार फैलता ही रहेगा। भारत में भी सरकार ने विभिन्न प्रकार के नशे के सामान की बिक्री पर रोक लगा रखी है। कई कानून भी बनाए हैं। मगर उन पर प्रभावी अमल नहीं हो पाता है। जिसके चलते खुलेआम नशे का कारोबार होता है।

आज देश में कहीं से कोई भी व्यक्ति नशे का कोई भी सामान खरीद सकता है। उसे ना कोई रोकने वाला है ना कोई टोकने वाला है। नशे का सामान बेचने वाले सौदागर दिनों दिन धनवान होते जा रहे हैं। जिस कारण से उनका पुलिस व प्रशासन पर पूरा प्रभाव रहता है। जिसकी बदौलत वह शासन, प्रशासन से मिलकर सरेआम धड़ल्ले से अपना धंधा करते रहते हैं। नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ हमारा समाज भी जागरुक नहीं है। नशे की लत के चलते पंजाब जैसा संपन्न प्रांत नशेड़ियों का प्रदेश कहलाने लगा था। वैसी ही स्थिति आज देश के अधिकांश प्रदेशों की हो रही है। नशे को लेकर पंजाब जब सुर्खियों में आया तो पूरे देश का ध्यान उस तरफ गया और वहां नशे के कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लग पाया। वैसा ही हमें पूरे देश में करना होगा तभी नशे की तरफ जा रही हमारी युवा पीढ़ी को भटकने से रोका जा सकेगा। कहते हैं कि नशा हर अपराध की जड़ होता है। नशेड़ी व्यक्ति कोई भी बुरे से बुरा काम करने से नहीं झिझकता सकता है। अधिकांश अपराध नशे की धुन में ही किए जाते हैं। बढ़ते नशे के प्रचलन को रोकने के लिए हमें सरकार के भरोसे ही नहीं रहना होगा। इसके लिए हमें स्वयं भी प्रयास करने होंगे। हमें देखना होगा कि हमारे परिवार का कोई सदस्य तो नशे की तरफ नहीं जा रहा है। यदि ऐसा है तो हमें समय रहते उस को नियंत्रित करना होगा। यदि सभी लोग ऐसा करने लगेंगे तो धीरे-धीरे नशे की प्रवृत्ति कम होती चली जाएगी और एक समय ऐसा आएगा जब हमारा समाज, हमारा क्षेत्र, हमारा प्रदेश, हमारा देश नशा मुक्त बन सकेगा।

ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) की विश्व ड्रग रिपोर्ट 2022 का अनुमान है कि दुनिया भर में 15-64 आयु वर्ग के लगभग 28.4 करोड़ लोगों ने मादक पदार्थों (ड्रग्स) का सेवन किया था। यह पिछले दशक की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। हालांकि वैश्विक स्तर पर मादक पदार्थों का सेवन करने वाली महिलाओं की संख्या कम है। इसके बावजूद महिलाओं में मादक पदार्थों के सेवन में वृद्धि दर पुरुषों की तुलना में अधिक है। अवैध मादक पदार्थों पर निर्भर अर्थव्यवस्थाएं मुख्यतः कमजोर कानून व्यवस्था वाले देशों में फल-फूल सकती हैं। इससे देश में संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है। मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया में संघर्ष की स्थिति सिंथेटिक मादक पदार्थों के निर्माण के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करती है।

कोका की गैर-कानूनी खेती के लिए वनों की कटाई की जाती है। इसके अलावा सिंथेटिक मादक पदार्थों के निर्माण के दौरान अत्यधिक मात्रा में अपशिष्ट पैदा होता है। ऐसे अपशिष्ट के कारण प्रत्यक्ष रूप से मृदा, जल और वायु पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे अप्रत्यक्ष रूप से सजीव प्राणी और खाद्य श्रृंखलाएं भी प्रभावित होती हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत उपभोगकताओं के मामले में दुनिया के सबसे बड़े अफीम बाजारों में से एक है। साथ ही यहां इसकी आपूर्ति बढ़ने की भी संभावना है। इससे गैर-कानूनी व्यापार और इससे जुड़े संगठित अपराधों के स्तर में बढ़ोतरी हो सकती है।

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि भारत में युवा इस खतरे से सबसे अधिक प्रभावित हैं। भारत में जब्त की गई सभी अवैध दवाओं में से 60 प्रतिशत से अधिक पंजाब से हैं। एक अध्ययन के अनुसार अधिकांश नशेड़ी 15 से 35 वर्ष की आयु के बीच हैं और कई बेरोजगार हैं। नशीली दवाओं का दुरुपयोग समाज को प्रभावित करने वाला एक गंभीर खतरा है। नशीली दवाओं की लत से अनजाने में चोट लगने, दुर्घटनाएं, घरेलू हिंसा की घटनाएं, चिकित्सा समस्याएं और मृत्यु का उच्च जोखिम होता है। नशीली दवाओं का सेवन करने वालों की आर्थिक क्षमता बुरी तरह प्रभावित होती है। नशीली दवाओं पर निर्भरता से आत्म-सम्मान में भी कमी आती है। निराशा, आपराधिक गतिविधियों और यहां तक कि आत्मघाती प्रवृत्ति को भी जन्म दे सकती है।

भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ नशा मुक्त भारत अभियान या ड्रग्स-मुक्त भारत अभियान 15 अगस्त 2020 से देश के उन 272 जिलों में शुरू किया गया था जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग से सबसे अधिक असुरक्षित और प्रभावित पाए गए थे। इसका उद्देश्य शिक्षण संस्थानों के साथ सकारात्मक भागीदारी, जन शिक्षा और स्वच्छता के लिए सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों और उपचार, पुनर्वास और परामर्श सुविधाओं के एकीकरण के द्वारा भारत को एक नशा मुक्त देश बनाना है।

भारत ने नशीली दवाओं की समस्याओं को दूर करने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। हालांकि सरकार के पास व्यापक खाका, प्रतिबद्ध कार्यबल और कई समर्पित कार्यक्रम और नीतियां हैं। लेकिन मौजूदा कार्यक्रमों में और अधिक सुधार करने की जरूरत है।

आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा

मोदी ने साबित किया झुकती है दुनिया

झुकाने वाला चाहिए

दैनिक समाज जागरण

नौ फरवरी 2014 को चेन्नई में कट्टनकुलाथुर में एसआरएम विश्वविद्यालय के डॉ. टीपी गणेशन ऑडिटोरियम में छात्रों को संबोधित करते हुए आज के देश के प्रधानमंत्री और उस समय के भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया झुकती है, लेकिन इसे झुकाने वाला चाहिए।

और ये आज उन्होंने साबित करके दिखा दिया. 2005 में नरेंद्र मोदी के गुजरात के सीएम थे. गुजरात दंगों को तीन साल हुए थे; गुजरात दंगों को लेकर उनके खिलाफ मामला भी चल रहा था. हालाकि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें निर्दोष मानते हुए बरी कर दिया था. उस समय नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के वीजा के लिए आवेदन किया था. तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने उन्हें वीजा देने से मना कर दिया था. अब उसका उल्टा हुआ है, अमेरिका ने मोदी को स्टेट गैस्ट ही नही बनाया. उनके स्वागत में पलक पांवडे बिछा दिए.अमेरिका के प्रथम नागरिक राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रधानमंत्री मोदी का खुली बाहों से स्वागत किया। उनके स्वागत में तोपों की सलामी दी गई। इतना ही नहीं, पीएम मोदी इस बार अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करके इतिहास रचा. वो ऐसा करने वाले पहले भारतीय पीएम बनें.

1965 के युद्ध के समय भारत ने अमेरिका से अपनी जरूरत के लिए शस्त्र खरीदने चाहे थे . अमेरिका ने पाकिस्तान से अपनी दोस्ती निभाई. उसने भारत को शस्त्र देने से साफ मना कर दिया.कारगिल युद्ध के समय भारत ने अमेरिका से कहा कि वह अपना नेवीगेशन सिस्टम प्रयोग करने की अनुमति दे, किंतु अमेरिका ने मना कर दिया. 1971 के भारत और पाकिस्तान युद्ध के समय अमेरिका ने भारत को धमकाने के लिए बंगाल की खाड़ी में अपना सातवां बेड़ा भेजा था.

आज हालत यह है कि अमेरिका भारत को एक से एक आधुनिक शस्त्र देने का तैयार है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की यात्रा के दौरान रक्षा, दूरसंचार, सेमी कंडक्टर, ऊर्जा, शिक्षा और अंतरिक्ष एक्सप्लोरेशन और क्वांटम कंप्यूटिंग सहित अन्य अग्रणी प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कई अहम समझौते हुए.अमेरिका की प्रतिष्ठित कंपनी जनरल इलैक्ट्रोनिक्स एंडएयरस्पेस और भारत की हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड के बीच समझौता हुआ कि लाइट कॉम्बैट एयर क्राफ्ट तेजस एमकेझ्रदो लिए जीईफ414 इंजिन बनाया जाएगा।द्रोण खरीदने, स्पेस मिशन और भारत में चिप बनाने से जुड़े समझौते भी अहम घोषणाओं में शामिल हैं,पर इन सबमें लड़ाकू विमान के इंजिन बनाने की घोषणा काफी अहम हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए बताया कि अब उन्हें एच वन वीजा के नवीनीकरण के लिए अमेरिका के बाहर नही जाना होगा,उन्होंने बताया कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके के बीच हुई बैठक में हुआ। अब भारतीय अमेरिका में ही रहते एच वन बीजा का नवीनीकरण करा सकेंगे ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन ने औपचारिक स्वागत और आधिकारिक भोज के अलावा व्हाइट हाउस में एक निजी रात्रिभोज के लिए प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी की, इसमें 500 से अधिक अतिथि शामिल हुए. राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दो अवसरों पर अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले पहले भारतीय नेता बने. इस सत्र के संबोधन के दौरान अमेरिका के सांसदों लगभग 70 बार ताली बजाई.संबोधन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की लोकप्रियता दिखाई दी. अमेरिकी सांसद उनसे हाथ मिलाने , और उनके आटोग्राफ लेने के उत्सुक दिखाई दिए.कई सांसद ने तो मोदी के साथ अपनी सैल्फी की। दर्जनों बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ से मिलने के अलावा, प्रधानमंत्री ने न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में दो बार भारतीय प्रवासियों को भी संबोधित किया.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस दौरे की बडी उपलब्धि यह भी है कि अमेजान और गूगल अब भारत में करोड़ो डालर का निवेश करेंगे,भारत से तस्करी होकर अमेरिका गए 100 से ज्यादा पुरावशेष भी अमेरिका ने भारत को लौटाने का वायदा किया है.इतना ही नही अमेरिकी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता और एनएसजी में भारत के प्रवेश के समर्थन को दोहराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से परहेज करने वाला अमेरिका आगे बढ़कर अब उन्हें गले लगाते लगा आ रहा है. सब जानते है कि अमेरिका संबंध सिर्फ फायदे के लिए बनाता है. भारत में बदलते राजनीतिक बदलाव के बीच अमेरिका ने भी अपनी नीति में बदलाव कर दिया और आज आलम ये है कि अन्य भारतीय नेताओं ने पहले भी कांग्रेस को संबोधित किया है, लेकिन किसी ने भी दो बार ऐसा नहीं किया है. यहां तक कि वे तीन भारतीय प्रधान मंत्री भी नहीं जो मोदी से अधिक समय तक पद पर रहे.

लेकिन 2014 में मोदी के भारत के प्रधान मंत्री बनने के बाद चीजें तेजी से बदल गईं. उस वर्ष उन्होंने मैडिसन स्क्वायर गार्डन में एक भाषण दिया। उन्होंने पहली बार 2016 में कांग्रेस को संबोधित किया और फिर तीन साल बाद, दोबारा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद ह्यूस्टन में एक संयुक्त रैली के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की. ऐसे में राजकीय रात्रिभोज और कांग्रेस का संबोधन उगते सूरज को सलाम वाली कहावत की पुष्टि करता है. ओबामा, ट्रंप और अब बाइडन नरेंद्र मोदी की दिल खोलकर वाहवाही और प्रशंसा करते रहे हैं.

आज के विश्व परिदृश्य में अमेरिका को भारत की जरूरत है.वह चीन की आक्रामकता को लेकर परेशान है.वह देख रहा है कि चीन उसके नजदीकी वियतनाम पर कभी भी हमला कर सकता है. ऐसे में उसे युद्ध में उतरना पड़ेगा।भारत और चीन की सीमाएं सटी हैं.पिछले एक साल से ज्यादा सयम से भारत और चीन की सेनाएं सीमापर तैनात हैं. चीन की आक्रामकता का भारत बखूबी जवाब दे रहा है. ऐसे में अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ रहे. इसीलिए वह भारत के प्रधानमंत्री के लिए पलक पांवडें बिछा रहा है, जबकि उसने भारत के विरोध में बावजूद सितंबर 2022 को पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के उच्चीकरण के लिए 45 करोड़ डालर (3,651 करोड़ रुपये) की धनराशि स्वीकृत की थी.

आज अमेरिका मीडिया भी जमकर भारत और मोदी की प्रशंसा कर रहा है.अमेरिका ने पिछले दिनों कई बार भारत पर अपने निर्णय थोपने चाहे किंतु भारत ने साफ मना कर दिया. रूस के युक्रेन पर हमले के समय अमेरिका और उसके गुट के देशों ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए, किंतु भारत ने इन्हें स्वीकार नही किया. उसने साफ कह दिया कि उसके अपने हित हैं, जहां से उसे अच्छा लगेगा, वही से खरीदारी करेगा. रूस से उसके जरूरत के सामान और शस्त्र की आपूर्ति निरंतर जारी है. रूस से भारत ने जब एस400 मिजाइल सिस्टम खरीदने की बात चलाई, तब भी अमेरिका ने बहुत विरोध किया था. धमकी दी गईं थी कि ऐसा करने पर उसपर आर्थिक प्रतिबंध लगाया जाएगा. भारत ने इन धमकी पर कोई ध्यान नही दिया.ये सिस्टम खरीदा और भारत की सीमा पर तैनात भी हो गया, सब देखता रहा और भारत का कुछ भी नही कर सका. वह जान गया कि भारत को सम्मान देकर, उसके हित के कार्य करके उसे अपने साथ लिया जा सकता है, धमका और डराकर नहीं.

आज भारत और अमेरिका के बीच के रिश्ते बेहतरी की तरफ जा रहे हैं. अमेरिका के भारत के साथ ज्यादातर मुद्दों पर सहमति है. चाहे आतंकवाद का मुद्दा हो या तकनीक का। हो सकता है कि दोनों देशों की कुछ उम्मीदों पर नहीं उतरे हों, लेकिन यदि आप इस बात को नजर-अंदाज कर दें तो समझेंगे कि भारत ने भविष्य के लिए क्वाड समूह देशों के साथ-साथ अमेरिका के साथ खासतौर पर सहयोग और सामंजस्य की नींव रखी है.इतना सब होने के साथ ही एक बात साफ होती जा रही है कि भारत अमेरिका के बढ़ते संबंधों के कारण पाकिस्तान अलग-थलग पड़ता जा रहा है,जबकि कभी पाकिस्तान अमेरिका की नाक का बाल होता था. 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान अमेरिका ने भारत का डराने के लिए बंगाल की खाड़ी में अपना सातवां बेड़ा भेजा था। रूस अमेरिका को जानता था.उसने पहले ही इस क्षेत्र में अपनी पंनडुब्बी तैनात कर रखी थीं.

आज अमेरिका से पाकिस्तान के रिश्ते बिगड़ रहे हैं जबकि भारत अमेरिका के करीब जा रहा है. पाकिस्तान को अलग-थलग करने की भारत की रणनीति कामयाब रही है. इतना सब होने पर भी भारत का यह प्रयास होना चाहिए कि वह कहीं अमेरिका के हाथ का खिलौना न बन जांए.अमेरिका चाहता रहा है कि रूस यूक्रेन युद्ध में भारत रूस की निंदा करे और अमेरिका के साथ रहे. अब तक भारत इस मामले में तटस्थ रहा हैं, भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी कहते रहे हैं कि ये समय युद्ध का नही है. मामले मिल बैठकर निपटाने चाहिए. हमें यह देखना होगा कि बढ़ते अमेरिकी संबंधों के बीच कहीं हमारी और रूस की मित्रता में दरार न आ जाए. अमेरिका से संबंध बनाते हम ध्यान रखे कि रूस हमारा प्रत्येक संकट में सच्चा मित्र और मददगार बनकर साथ खड़ा रहा है, इस नई मित्रता के कारण कहीं हम पुराने और संकट के साथी मित्र को न खों दें.



लेखक :- अशोक मधुप

नशीले पदार्थों के उपयोग और व्यापार पर ठोस कारवाही जरूरी

दैनिक समाज जागरण

मनुष्य नशीले पदार्थों का सेवन कई युगों से करता चला आ रहा है। नशीले पदार्थ हमेशा उसके लिये आनंद की वस्तु रहे है। पर अब जबकि हम इक्कीसवी शताब्दी में हैं ये नशीले पदार्थ आनंद की बजाय बबार्दी के वस्तु बन गये हैं। आज न केवल नशीले पदार्थों के प्रकार बढ़े हैं, बल्कि उनका सेवन करने वालों की संख्या भी बढ़ी है। हमारे ही देश में पिछले कुछ दशकों में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों की संख्या में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। हमारे यहां प्रतिदिन लाखों गैलन शराब पी ली जाती है जिस पर अरबों रुपया खर्च होता है। इसके अलावा लोग भांग, गांजा, चरस, अफीम, तम्बाखू सहित कई प्रकार के नशीले दवाएं सिरप टेबलेट आदि नशीले पदार्थों के सेवन से देश, परिवार और स्वयं के बबार्दी का कारण बन जाते हैं। नशे की प्रवृत्ति से स्वास्थ्य में गिरावट, कार्य कुशलता में कमी और अनेक मानसिक विकृतियां उत्पन्न होने से सारा समाज समस्याग्रस्त है। कुछ वर्षो पूर्व तक शराब, भांग, गांजा, तंबाखू, अफीम, चरस ही नशीले पदार्थों के रूप में जाने जाते थे। लेकिन अब नशे की दुनिया में कई दूसरे ही नाम चलन में है और वे नशीले पदार्थों का प्रभाव कहीं ज्यादा घातक है। नए नशीले पदार्थों में माफीन, हेरोईन, हशीश, स्नैक,एल. एस. डी., मैण्ड्रेक्स ब्राउन सुगर कई प्रकार के सिरप और टेबलेट आदि नाम काफी प्रचलित हो चुके है। जहां इनकी कीमत बहुत ज्यादा है, वहीं इनका नशा गांजा, भांग, अफीम जैसे पुराने नशीले पदार्थों से कई गुना ज्यादा है।

नशे की ओर आदमी ज्यादातर तीन कारणों से बढ़ता देखा गया है। (1) मनुष्य नशे की और तब बढ़ता है जब वह परेशान व समस्याग्रस्त होता है। नशा आदमी को कुछ क्षणों के लिये वास्तविक जिंदगी की समस्याओं से दूर कल्पना लोक में ले जाता है। आदतन नशा करने वालों में ऐसे लोगों की संख्या सबसे ज्यादा देखनेको मिलती है, (2) कई लोग नशे को शौक के रूप में अपनाते देखे गये हैं लेकिन बाद में नशे के गुलाम हो जाते हैं। एक बार नशे का चस्का लग जाने के बाद इससे छुटकारा पाना असंभव नहीं तो बहुत कठिन जरुर है। (3) कुछ मात्रा में लोग सफलता पाने के लिए नशे को अपनाते हैं।

आज पूरी दुनिया में मुख्यतः नशीले पदार्थों के बाजार के रूप में और उनके उत्पादक देशों के रुप में पाकिस्तान बंगलादेश अफगानिस्तान और मैक्सिको आदि देश बदनाम हो चुके हैं। ये देश इस समय ब्राउन सुगर, हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों के सबसे बड़े उत्पादक हैं। भारत में अब इन नशीले पदार्थों की खपत काफी बढ़ गई है। शराब से राज्यों को होने वाली करोड़ों रुपये की आबकारी आय का ग्राफ लगातार ऊपर की ओर चढ़ रहा है। इसके अलावा अफीम, गांजा, ब्राउन सुगर का उपयोग भी खतरनाक गति से बढ़ा है।

आज देश में शांति और व्यवस्था की काफी बढ़चढ़ कर बातें की जाती हैं तथा योजनायें भी बनाई जाती है । लेकिन इसके मूल कारण को समझने की जरा भी प्रयास नहीं किया जाता। रोग नष्ट करने के लिये उनको जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा, केवल ऊपर से पत्तों को उखाड़ देने से कोई लाभ नहीं होता। नशीले पदार्थों का बढ़ता उपयोग राष्ट्रीय चिंता का विषय है। नशा बंदी के लिये कुछष्वर्ष पूर्व बनाई गई कानून की धज्जियाँ उड़ रही हैं। मात्र कानून बना देने से ही इस बुराई का विनाश नहीं किया जा सकता। इसके लिये एक प्रबल जनमत जागृत करने की महती आवश्यकता है।

जहां तक नये नशीले पदार्थों का सवाल है ये देश में तस्करी के द्वारा पहुंचते हैं अतः सरकार को इस पर कठोरता से रोक लगाना चाहिये। और नशे का व्यापार करने वालो के लिये कानून में मौत की सजा का प्रावधान होना चाहिये । हमारे देश में शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर लगे टैक्सों से सरकार को करोड़ों रुपयों की आय प्रतिवर्ष होती है। अतः सरकारें भी अपने राज्यों में करोड़ों रुपयों के लालच में इस समस्या पर काबू पाने के लिये इमानदार प्रयास नहीं करती अगर देश को नशे के क्रूर पंजों से बचाना है तो करों के रूप में मिलने वाली अपार धनराशि का त्याग करना ही पडेगा। आज जैसे बिहार राज्य ने अपने पूरे राज्य भर में पूर्ण रूप से नशा बंदी लागू की है वह प्रशंसनीय कदम है। इससे बहुत कुछ सकारात्मक प्रभाव भी पड़ा है।

नशा करने से अपराध पवृत्ति को भी बल मिलता है तथा अनैतिक कार्यों की वृद्धि होती है। अतः सरकार को कठोर नियमों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर नशा आदि पर कड़े प्रतिबंध शीघ्र लगाने चाहिये नशाबंदी केवल एक नारा बनकर न रह जाये।

सुरेश सिंह बैस ष्शाश्वत

युवा देश का भारत विश्व का पथ प्रदर्शक हो सकता है।

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए रोजगार की तलाश और राष्ट्रीय हित में योगदान भी हो सकता है।

भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवा देश का भारत वैश्विक स्थिति में पथ प्रदर्शक की भूमिका निभा सकता है आवश्यकता केवल अपनी क्षमता तथा ऊर्जा को पहचानने की है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पाता। राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए। खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य अपनी क्षमताओं को वैसे तो आसानी से पहचान नहीं पाता है लेकिन यदि वह अपनी अंतर शक्ति, विशेषताओं को किसी भी उम्र में भी पहचान कर उसका देश के लिए समुचित उपयोग कर सकता है इसीलिए मेक इन इंडिया के लिए युवकों को अपनी क्षमताओं शक्ति तथा ऊर्जा को पहचान कर नए नए उद्यम लगाकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। यह एक सकारात्मक चरित्र विकास की प्रथम पंक्ति होती है। इससे मनुष्य में और खासकर युवा वर्ग में निर्भीकता,कठोर श्रम करने की शक्ति एवं संयम जैसी विशेषताओं का प्रादुर्भाव होता है। व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में चार चांद लग जाते हैं। उन्नत शिक्षित परिश्रमी एवं सदाचारी युवाओं से ही कोई राष्ट्र महानता की श्रेणी में पहुंच जाता है।

संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक,
स्तंभ कार, रायपुर छत्तीसगढ़

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

छह वर्ष में गौतमबुद्धनगर को लेकर परसेप्शन बदला है

दैनिक समाज जागरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें विकास की सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना है। विगत छह वर्ष में गौतमबुद्धनगर को लेकर लोगों का परसेप्शन बदला है। पहले दिल्ली में रहने वाले लोग ग्रेटर नोएडा आने में संकोच करते थे, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। अब दिल्ली और देश के कोने-कोने से लोग नोएडा और ग्रेटर नोएडा आना चाहते हैं। यहां पर मेडिकल डिवाइस पार्क, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा है।

संवाद से करेंगे किसानों की समस्या का समाधान

मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हम संवाद के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान करेंगे। इस दौरान विकास की विरोधी और नकारात्मक ताकतों को बीच में नहीं आने देना है। आने वाली पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सफल नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि बायर और बिल्डर के बीच भी आने वाली सभी समस्याओं का समाधान हम बहुत ही जल्द करेंगे।

एमओयू का हुआ हस्तांतरण

कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री योगी ने जनता की सुरक्षा के लिए नोएडा पुलिस को 55 नए बोलेरो वाहन सौंपे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को रवाना

किया। इसके अलावा कार्यक्रम में सीएम योगी के समक्ष नोएडा विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण और एनटीपीसी के बीच म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर सांकेतिक तौर पर एमओयू का हस्तांतरण किया गया।

कार्यक्रम में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन.आर.आई. तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास के राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, लोकनिर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, सदस्य विधान परिषद श्री चंद शर्मा, समेत अन्य जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

- नोएडा के सेक्टर-123 में 400/132/33 केवी सब स्टेशन।
- नोएडा को ग्रेटर नोएडा से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग एमपी 3 पर (पर्थला चैक) केबल स्टेड फ्लाईओवर।
- नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के चैनेज 10.300 पर एडवांट के निकट अंडरपास।
- नोएडा सेक्टर-78 में वेदवन पार्क का विकास।
- नोएडा पुलिस को 55 नग चैपहिया वाहन।
- ग्रेटर नोएडा से निकलने वाले मलया के निस्तारण हेतु प्लांट।
- गेटर नोएडा के औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक-10 का आंतरिक विकास कार्य।

शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

- सॉलिड वेस्ट से प्रतिदिन 900 टन क्षमता का टोरफाइड चारकोल (ग्रीनकोल) उत्पादन एवं 300 टन क्षमता वाले बायो सीएनजी गैस प्लांट की स्थापना।
- नोएडा के औद्योगिक सेक्टर-162 एवं 163 हेतु ड्रेन, जलापूर्ति, सीवर लाइन एवं विद्युत विकास।
- नोएडा के सेक्टर-163 से 167 तक एक्सप्रेसवे के समानांतर 45 मीटर सड़क चैड़ीकरण।
- नोएडा के ग्राम नगला चरणदास फेस-2, सेक्टर-151, सेक्टर-155, सेक्टर-156, सेक्टर-162 एवं सेक्टर-164 में 33/11 केवी सब स्टेशन।
-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे एवं प्राधिकरण के अन्य क्षेत्रों में डेकोरेटिव लाइट, तिरंगा लाइट व फाउंटेन।
- नोएडा में रेनीवेल संख्या- 1, 4 एवं 6 का सुदृढ़ीकरण।
- नोएडा के सेक्टर-94 में फ्लाईओवर के निकट वेस्ट टू वंडर पार्क।
- नोएडा सेक्टर-150, 151 एवं 163 में हरित पट्टियों का विकास।
- ग्रेटर नोएडा (दादरी में बालक इंटर कॉलेज से चार मूर्ति रोटरी एवं 60 मीटर चैड़ी रोड तथा प्रेज्यिनो रोटरी से हनुमान मंदिर रोटरी तक सर्विस रोड का रिसरफेसिंग कार्य।
- ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न सेक्टर में रोड, सर्विस रोड एवं आंतरिक सड़कों पर स्ट्रीट लाइट।

मुख्यमंत्री ने गौतमबुद्ध नगर भ्रमण के दौरान यूपीएससी परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री नेगौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में जनपद के तीनों प्राधिकरणों के अधिकारियों के साथ की बैठक।

प्राधिकरण के माध्यम से संचालित परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ करें पूर्ण

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का आम जनमानस को पहुंचाएं भरपूर लाभः मुख्यमंत्री

25 जून 2023 गौतम बुद्ध नगर। आपातकाल की 48 वीं बरसी पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी आज गौतम बुद्ध नगर के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान नोएडा स्टेडियम सेक्टर

21अ नोएडा में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरांत ग्रेटर नोएडा की गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को सम्मानित किया, जिसमें यूपीएससी परीक्षा में टॉप करने वाली इशिता किशोर एवं तीन अन्य अभ्यर्थी शामिल रहे। यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को सम्मानित करने के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में जनपद की तीनों प्राधिकरणों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्राधिकरण एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश का शो विंडो कहां जाने वाला जनपद है एवं औद्योगिक दृष्टि से भी बहुत ही महत्वपूर्ण जनपद की श्रेणी में आता है। इसलिए अधिकारियों का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जो भी जन कल्याणकारी कार्यक्रम एवं योजनाएं आम जनमानस के कल्याणार्थ संचालित की जा रही हैं, उनका लाभ आम जनमानस तक पहुंचाने में अधिकारियों के माध्यम से कोई भी कोर कसर बाकी न रहे। मा0 मुख्यमंत्री जी ने प्राधिकरण के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है अधिकारीगण उन सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि आम जनमानस को उन सभी परियोजनाओं का भरपूर लाभ निर्धारित समय अवधि में प्राप्त हो सके। इस अवसर पर प्राधिकरण के अधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी को प्राधिकरण के माध्यम से संचालित की जा रही परियोजनाओं एवं अन्य कार्यक्रमों के विषय में बहुत ही विस्तारपूर्वक रूप से अवगत कराया और उनको आश्वस्त किया कि आज जो भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं उनका अधिकारियों के माध्यम से पालन सुनिश्चित कराते हुए, आम जनमानस तक उनका लाभ पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में माननीय मंत्री औद्योगिक विकास उत्तर प्रदेश सरकार नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', माननीय राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह, माननीय राज्यमंत्री औद्योगिक विकास उत्तर प्रदेश सरकार जसवंत सिंह सैनी, जनपद की तीनों प्राधिकरणों, मंडल एवं जिला स्तरीय अधिकारी गण तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

बोले सीएम- ऑनलाइन गेमिंग माध्यम से भी कराया जा रहा है धर्मांतरण

25 जून, गौतमबुद्धनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल युग में हमारी संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर सांस्कृतिक योद्धा लोगों जागरूक करें, लेकिन कानून को अपने हाथों में न लें। अगर कानून को अपने हाथ में लेंगे तो आप उनकी मदद करेंगे, उनके लिए बचाव का रास्ता खोल देंगे। ऐसी किसी तरह की सूचना मिलने पर सांस्कृतिक योद्धा पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल युग जितना लाभकारी है उतना ही खतरनाक भी है। हाल ही में एक घटना सामने आई थी, जिसमें ऑनलाइन गेमिंग माध्यम से स्कूली बच्चों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। बहुत बड़ा गिरोह है, जिसे हमारी पुलिस ने पकड़ा था।

सीएम योगी ने रविवार को गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय में "सेव कल्चर सेव इंडिया फाउंडेशन" द्वारा आयोजित 'सेव कल्चर सेव इंडिया मिशन' में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को लेकर कुछ दिनों पहले एक और गिरोह का पदार्फाश हुआ था, जो मूक बधिर बच्चों का धर्मांतरण करा रहा था। धर्मांतरण की घटनाएं सिर्फ उत्तर प्रदेश में नहीं हो रही हैं। ऐसे लोग षडयंत्र के तहत सभ्य परिवारों के बीच अपनी जगह बनाते हैं। आगे क्या होता है वह आप सबके सामने हुआ। हाल ही में दिल्ली और मुंबई हुई घटनाएं इसका बड़ा उदाहरण है। हमारी सरकार इसको रोकने के लिए अध्यादेश लेकर आई है और कानून उसके हिसाब से कार्य कर रहा है।

दुनिया के सभी देशों की अपनी विशिष्ट पहचान है। उदाहरण स्वरूप हम फ्रांस को देखें तो कला उसकी पहचान है। ब्रिटेन अपने व्यवसायिक हितों के लिए जाना जाता है। उसी तरह भारत की पहचान उसकी संस्कृति है। इसलिए कहा गया है- 'भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा' यानी संस्कृत और संस्कृति भारत की पहचान है। इसका मतलब है कि भारत अपनी संस्कृति के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज में कुछ भी नहीं परोसा जा सकता है। उसके भी कुछ नियम और कायदे हैं।
सीएम योगी ने कहा कि संस्कृति यानी बीज का पनप जाना और फल फूलकर लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना है, लेकिन बीज का सड़ जाना गल जाना यह उसकी विकृति है। संस्कृति पर हमला बीज को गलाने और सड़ाने के लिए किया जाता है, जो सबसे खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मुगल इस देश में तब तक आराम से शासन करते रहे जब तक उन्होंने मंदिरों पर हमला नहीं किया, जब उन्होंने मंदिरों पर हमला करना शुरू किया तो उनका पतन होना शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि सुनने में आता है कि औरंगजेब के वंशज कोलकाता में रिक्शा चला रहे हैं।
देवासुर संग्राम धर्म-अधर्म, सत्य-असत्य और न्याय-अन्याय के बीच ही हुआ था। हर कालखंड में अच्छे और बुरे लोग रहे हैं। आज संस्कृति पर अलग-अलग माध्यमों से हो रहे हैं। महत्वपूर्ण यह है कि अच्छे लोग संस्कृति बचाओ अभियान का हिस्सा बनें और लोगों को जागरूक करें। सामान्य व्यक्ति अपने बहुमूल्य समय में से औसतन 6-8 घंटा अपने मोबाइल पर खर्च करता है। अगर वह अपना समय सही दिशा में कर रहा है तब तो ठीक है, नहीं तो वह पतन की ओर जा रहा है। हमें लोगों को जागरूक करना होगा और उन्हें इस लायक बनाना होगा कि वह समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर सकें।

हमारी संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर लोगों जागरूक करें सांस्कृतिक योद्धाः सीएम योगी
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने "सेव कल्चर सेव इंडिया फाउंडेशन" द्वारा आयोजित 'सेव कल्चर सेव इंडिया मिशन' में किया प्रतिभाग
कोलकाता में रिक्शा चला रहे हैं औरंगजेब के वंशजः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
सीएम योगी ने कहा- कानून को अपने हाथों में न लें सांस्कृतिक योद्धा
अपनी संस्कृति के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकता है भारतः सीएम योगी

सांस्कृतिक योद्धा हुए सम्मानित

कार्यक्रम में सीएम योगी ने 'सेव कल्चर सेव इंडिया मिशन' की वेबसाइट लॉन्च की। इसके अलावा भारतीय संस्कृति की रक्षा करने वाले सांस्कृतिक योद्धाओं को फाउंडेशन की ओर से एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक योद्धाओं को यह सम्मान सीएम योगी ने दिया। इनमें स्वच्छ साइबर भारत आंदोलन चलाने वाले अभय शाह, रचनात्मक ब्रांडिंग और 'एक लड़की' जैसी बहु चर्चित फिल्म बनाने वाले मनीष प्राणिया, वरिष्ठ लेखिका और पिक्सल की सीईओ वैशाली शाह, फिल्म निमार्ता प्रवीण चतुवेर्दी, हिंदू जनजागरण समिति के प्रवक्ता रमेश शिंदे, पत्रकार स्वाति गोयल शर्मा, टीवी एंकर प्रदीप भंडारी, जेम्स ऑफ बॉलीवुड आंदोलन चलाने वाले संजीव नेवर, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन शामिल रहे। इसके फाउंडेशन से जुड़े व्यापार और राजस्व सलाहकार उत्तम दवे, उद्योगपति उमेश छज्जे और वरिष्ठ अधिवक्ता अमित सिंह को सीएम योगी ने शाल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास के राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, लोकनिर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह समेत विश्विद्यालय के शिक्षक और छात्र मौजूद थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में एडवर्ब टेक्नोलॉजी की फैक्ट्री का किया लोकार्पण

छह वर्ष के अंदर गौतमबुद्ध नगर के बारे में बदली धारणाः सीएम

लखनऊ-ग्रेटर नोएडा, 25 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में भाजपा नेतृत्व की सरकार ने जब लगातार दूसरी बार सत्ता संभाली थी, तब 3 जून 2022 को प्रधानमंत्री जी को लखनऊ में तृतीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए आमंत्रित किया था। इस अवसर पर एडवर्ब टेक्नोलॉजी ने 200 करोड़ रुपये के नए निवेश प्रस्ताव के साथ ग्रेनो अथॉरिटी के साथ एमयूओ साइन कर आधारशिला रखी थी। मात्र एक वर्ष की छोटी अवधि में इतना बड़ा संस्थान रोजगार के तीन हजार से अधिक संभावनाओं को विकसित करने, नई टेक्नोलॉजी के साथ रोबोटिक के क्षेत्र में क्या संभावनाएं हैं, इसे बढ़ाते हुए यह हमारे सामने हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यह बातें ग्रेटर नोएडा में एडवर्ब टेक्नोलॉजी की फैक्ट्री के लोकार्पण अवसर पर कहीं। सीएम ने परिसर का अवलोकन कर यहां के बारे में जानकारी भी हासिल की। उन्होंने कहा कि यह लोकार्पण कार्यक्रम नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तरफ ध्यान आकर्षित करता है। साथ ही साथ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का वास्तविक मतलब क्या होता है। एडवर्ब टेक्नोलॉजी इसका बेहतरीन उदाहरण है। सीएम ने एडवर्ब की टीम के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

जीआईएस में सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव गौतमबुद्ध नगर को मिले

सीएम ने कहा कि मेरे लिए महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि यह गौतमबुद्ध नगर जनपद है। एनसीआर का अंग होने के बावजूद 2017 के पहले जिस प्रतिस्पर्धा के लिए अपने आप को तैयार करना चाहिए था। उसमें निराशा थी। यहां के बारे में लोगों की धारणाएं भिन्न थीं। लोग नकारात्मक दृष्टि से देखते थे। यहां निवेश की संभावना बन सके, यह कल्पना थी, लेकिन छह वर्ष के अंदर उस धारणा को बदलते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के पीएम के विजन के अनुरूप कार्यक्रमों को समयबद्ध ढंग से लागू करने का परिणाम है कि आज निवेश के बेहतरीन गंतव्य के रूप में गौतमबुद्ध नगर जनपद न सिर्फ एनसीआर, बल्कि देश में उभरा और तेजी से बढ़ा है।
10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में द्वितीय जीआईएस हुआ था। यूपी को लगभग 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह प्रस्ताव और इसमें भी सर्वाधिक प्रस्ताव गौतमबुद्ध नगर को मिले हैं। जहां सुविधाएं हों, ईज ऑफ इंडूग बिजनेस का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता हो, बेहतरीन कानून व्यवस्थाएं की स्थिति हो, वहां निवेश इंफ्रास्ट्रक्चर, सुविधाओं, सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण देखने को मिलता है।

पहली बार सभी 75 जिलों में हुआ निवेश

सीएम ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि यूपी के सभी 75 जिलों में निवेश हुआ है। जो जनपद आकांक्षात्मक थे। विकास की दौड़ में पिछड़ गए थे। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किल डवलपमेंट, रोजगार, वित्तीय समावेशन में काफी पीछे थे। उन जनपदों को व्यवस्थित रूप से विकास से जोड़कर निवेश के बेहतरीन गंतव्य के रूप में स्थापित किया गया। जीआईएस में सभी 75 जिलों को कुछ न कुछ निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। लखनऊ से हर जगह की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। हमने एयर कनेक्टिविटी को काफी बेहतर किया है। 2017 से पहले दो एयरपोर्ट और आज 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। 12 पर कार्य चल रहा है। इस साल के अंत तक यूपी 5 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला पहला राज्य होगा। भारतीय रेलवे का सबसे बेहतरीन नेटवर्क (16 हजार करोड़) यूपी में है। ईस्टर्न-वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेड कॉरिडोर यूपी से होकर जाता है। इसका जंक्शन इसी जनपद में है। देश का पहला वाटर वे वाराणसी-हल्दिया से प्रारंभ हो चुका है। बहुत जल्द स्टेट का इनलैंड वॉटरवे अथॉरिटी गठित होगा, जिसके माध्यम से प्रदेश के अंदर जल मार्गों के माध्यम से कार्गो की सुविधा व संभावनाओं को बढ़ाने का कार्य करेंगे। एशिया का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तेजी से जेवर में बन रहा है। यह बताता है कि प्रदेश में पहले भी संभावनाएं थीं।

युवाओं को रोजगार के लिए भटकना न पड़े

सीएम ने कहा अवलोकन के दौरान यहां अलग-अलग जनपदों के युवाओं से मिलने का अवसर मिला। कोई इंटर्नशिप कर रहा है तो कोई डिप्लोमा-डिग्री किया है। एडवर्ब टेक्नोलॉजी के अफसरों से कहूंगा कि जब वह डिग्री-डिप्लोमा ले तो उसकी रोजगार के लिए भटकना न पड़े। उसे सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी हो। यहां कार्य करने वाले युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए एडवर्ब टेक्नोलॉजी सपोर्ट कर रहा है। सीएम ने कहा कि पीएम ने कोरोना काल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया। यह हमें स्वतंत्रता देता है कि हम रोजगार के साथ अध्ययन, स्टडी व रिसर्च को जारी रख सकते हैं। यदि लगता है कि और बेहतर करने की संभावना है तो पेटेंट दाखिल करने के लिए भी खुद को तैयार रखना होगा। इनोवेशन आज की मांग है।

इंडस्ट्री के साथ इंस्टीट्यूशन का जुड़ाव जरूरी

सीएम ने कहा कि राज्य के अंदर बेहतरीन अभियान को बढ़ाने का प्रयास किया है। हमने कहा कि बहुत लड़के ऐसे हैं तो यूजी के बाद पीजी की डिग्री के लिए वे अपने पैरों पर खड़ा होकर कार्य करना चाहते हैं। टेक्नोलॉजी के जरिए कैसे ऑनलाइन एजूकेशन, हम पार्ट टाइम एजूकेशन, डिस्टेंस एजूकेशन की प्रक्रिया से जोड़ने की प्रक्रिया क्या हो सकती है। इस पर केंद्र व राज्य सरकार काम कर रही है। एक इंस्टीट्यूशन को इंडस्ट्री के साथ जोड़ने के अभियान के साथ एडवर्ब टेक्नोलॉजी को जुड़ना चाहिए। अच्छे युवा मिलेंगे। जो युवा यहां आएगा, वह कार्य भी करेगा और पीएम-सीएम इंटर्नशिप स्कीम से जोड़ने का अवसर मिलेगा। इसमें आधा मानदेय आप और आधा केंद्र-राज्य सरकार देगी। इंटर्नशिप के बाद उसके पास अनुभव प्रमाण पत्र होगा। फिर बाजार में उसके प्लेसमेंट की व्यवस्था होगी। इससे हम लाखों नौजवानों को स्वावलंबन का मार्ग दिखा सकते हैं। इंडस्ट्री के साथ इंस्टीट्यूशन का जुड़ाव जरूरी है। यह उसी दौरान होगा तो युवा को थ्योरी के साथ प्रेक्टिकल जानकारी भी होगी।

यूपी को बेहतरीन गंतव्य के रूप में बढ़ाने का किया आह्वान

सीएम ने कहा कि देश-दुनिया के अंदर यूपी सबसे युवा व स्किल मैन पावर के रूप में जाना जा सकता है। हर इंडस्ट्री शासन की योजनाओं के साथ खुद को जोड़ ले तो हजारों युवाओं को इंटर्नशिप स्कीम के साथ जुड़कर उज्ज्वल भविष्य की राह दिखा सकते हैं। समयसीमा के अंदर निवेश कार्य करने और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए साधुवाद देता हूं। सीएम ने आशा व्यक्त की कि सभी संस्थान अपने कार्यों के माध्यम से यूपी को बेहतरीन गंतव्य के रूप में बढ़ाकर पीएम की विजन के अनुरूप यूपी की अर्थव्यवस्था को अगले पांच वर्ष के अंदर वन ट्रिलियन इकॉनमी बनाने में योगदान देंगे।

एडवर्ब टेक्नोलॉजी के चेयरमैन जलज जी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान काबीना मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा, प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, आदि मौजूद रहे।

नौकरी के साथ शिक्षा जारी रखने वालों का सम्मान

सीएम ने नौकरी के साथ-साथ उच्च शिक्षा जारी रखने वालीं किरन, राजेश्वर गोपाल राव, वीरेंद्र सिंह, शिवाजी अंबादास, पल्लवी शिवरात्रि, प्रणीत लक्ष्मण यादव, अक्षया शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया

समाज जागरण
संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा देश में 25 जून 1975 को लगे आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को याद करते हुए उन्हें नमन किया और आपातकाल में संघर्ष का हिस्सा रहे वरिष्ठ कार्यकताओं को प्रदेश महामंत्री एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, राज्यसभा सांसद बृज लाल और महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा द्वारा शॉल व माला पहना कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन सरकार की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू क्यों किया? 1971 में हुए लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी अपने प्रतिद्वंद्वी राज नारायण को पराजित किया था, लेकिन चुनाव परिणाम आने के चार साल बाद राज नारायण ने हाईकोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी थी। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर उन पर छह साल तक चुनाव नहीं लड़ने का प्रतिबंध लगा दिया। राज नारायण को विजयी घोषित कर दिया था। इससे साफ जाहिर होता है कि इंदिरा गांधी ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर गलत तरीकों से चुनाव जीता था। जिस रात्रि आपातकाल लगा उस समय सभी टीवी चैनल, रेडियो चैनल व अखबारों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में अटल बिहारी बाजपेई आडवाणी व राष्ट्रीय स्वयं संघ व जनसंघ के लाखों कार्यकताओं को जेल भेज दिया गया और कार्यकर्ता 22 महीने तक जेल में रहे और वह विभीषिका उन्होंने देखी।

प्रदेश महामंत्री ने कहा हम लोकतंत्र का महत्व उनसे समझते हैं जिन्होंने आपातकाल की उस विभीषिका को देखा। लोकतंत्र का महत्व क्या है? लोकतंत्र की आजादी क्या है? कश्मीर से धारा 370 खत्म होने के बाद लोगों को आजादी का महत्व समझ में आता है। धारा 370 के कारण लोगों को बहुत अधिक पाबंदियां थी। धारा 370 के कारण देश का नागरिक कश्मीर भूभाग में 1 इंच जमीन नहीं खरीद सकता था। धारा 370 हटाने के बाद वह अधिकार हम सबको मिला है। उन्होंने कहा आपातकाल लगाने वाले व उनके परिवार के लोग आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाते हैं। कांग्रेस ने जिनके पूर्वजों पर आपातकाल लगाया आज वह लोग एक दूसरे से गठबंधन कर रहे हैं। गोविंद नारायण शुक्ला ने कहां आपातकाल लगने से बहुत से अधिकार समाप्त हो जाते हैं। धारा 14 के अंतर्गत समानता का अधिकार, अनुच्छेद 19 में स्वतंत्रता का अधिकार, अनुच्छेद 21 में जीवन की रक्षा का अधिकार व अन्य अधिकार समाप्त हो जाते हैं। तत्कालीन सरकार ने न्यायपालिका का अधिकार भी समाप्त कर दिया था। कार्यपालिका सरकार के इशारे पर काम करती थी। संविधान का रक्षा करने वाले ही संविधान का उल्लंघन कर रहे थे।

1977 में देश से आवाज उठती है है और जनता पार्टी के साथ अन्य पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में कांग्रेश की हार होती है। और पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार बनती है। आपातकाल समाप्त होता है, लोगों को अपनी मौलिक अधिकारों की स्वतंत्रता मिलती है। आपातकाल के समय में जिन लोगों ने संघर्ष किया उन को सच्ची श्रद्धांजलि देने का समय है। उन्होंने कहा पूर्व शासकों द्वारा भारतीय संस्कृति को मिटाने का प्रयास किया गया बहुत सारे शहरों के नाम बदले गए परंतु वह गंगा यमुना ब्रह्मपुत्र नदियों का नाम नहीं बदल सके।

गोविंद नारायण शुक्ला ने अटल जी को याद करते हुए उनकी कविता अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज देश में अंधेरा छटा है कमल भी खिला है और देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर विकास की गति में आगे बढ़ रहा है।

महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी सभी जिलों में आपातकाल को लोकतंत्र के काले दिवस के रूप में मनाती है। हमारी नई पीढ़ी और युवा साथियों को भी जानकारी होनी चाहिए कि कांग्रेस ने किस प्रकार से आपातकाल के माध्यम से लोकतंत्र का गला घोंटा था।प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर आपातकाल की घोषणा की थी और पूरे देश में आपातकाल लगा दिया। यह भारत के इतिहास में सबसे काला दिन था। लोकतंत्र की हत्या एवं आम नागरिकों के अधिकारों का हनन इस दौरान व्यापक पैमान पर किया गया। लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान इसलिए करते हैं की बहुत विषम परिस्थितियों में इन्होंने आपातकाल का सामना किया था। कांग्रेस की जब-जब सरकार रही है उन्होंने लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है और और देश की राजनीति को एक परिवार में केंद्रित किया।

राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा हम अपनी युवा पीढ़ी को आपातकाल की विभीषिका को हमेशा याद दिलाते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतिहास को युवा पीढ़ी को याद दिलाते हुए 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने को कहा। कांग्रेस पार्टी देश के बंटवारे के लिए जिम्मेदार थी।

कार्यक्रम में उपस्थित लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के दौरान हुए जुल्म और अत्याचारों के बारे में अपने अनुभव और विचार साझा किए। सह मीडिया प्रभारी ऋषि शर्मा ने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथियों ने लोकतंत्र सेनानी रमाशंकर त्रिपाठी, गणेश राय ,राकेश स्वरूप निगम, अजीत कुमार सिंह,सुरेश जी रानी, अजय शर्मा ,जयदेव आहूजा, हरि श्याम रस्तोगी, देवी दीनदयाल, रामकिशोर वर्मा, केदारनाथ श्रीवास्तव ,अशोक कुमार शर्मा, मधुकर मिश्रा, राम तीरथ वर्मा सुरेश चतुवेर्दी, रामचंद्र मिश्रा , आशुतोष पाठक, वेद प्रकाश, विश्वनाथ द्विवेदी व नरेश श्रीवास्तव कोषाल व माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर महामंत्री सुनील कुमार यादव, रजनीश गुप्ता रमेश तूफानी राजेंद्र त्रिपाठी व रमाशंकर त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष पार्षद गण व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

-मंत्री अनूप धानक का ट्रैक्टरों के काफिले के साथ खैरी में जोरदार स्वागत

-श्रम मंत्री अनूप धानक ने गांव खैरी में जनसभा को संबोधित किया, विकास कार्यों के लिए दी 21 लाख रुपए की अनुदान राशि

खैरी में 79 लाख रुपए से फिरनी व मुख्य चौराहों पर लगेंगी बड़ी लाइटें

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : हरियाणा के श्रम मंत्री अनूप धानक ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य की गति को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार पूर्णतया

गंभीर है और जनप्रतिनिधियों की मांगों को अविलंब मंजूर किया जाता है। विकास कार्य को गति देने में छोटी सरकार यानि पंचायत और ग्रामवासियों की भी अहम भूमिका है। इसलिए मिलजुल कर अपने-अपने गांवों की समस्याओं को चिन्हित करें। रविवार को गांव खैरी में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। इससे पहले ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों के काफिले के साथ गांव में पहुंचने पर उनका आत्मीयता से स्वागत किया। मंत्री अनूप धानक खुद ट्रैक्टर चलाते हुए जनसभा स्थल पर पहुंचे और इस दौरान महिलाओं ने रास्ते ने रुकवाकर उन्हें दूध पिलाया।

मंत्री अनूप धानक ने गांव में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि लगभग 79 लाख रुपए की लागत से गांव की फिरनी तथा मुख्य चौराहों पर बिजली की बड़ी लाइटें लगवाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि गांव खैरी में लाईब्रेरी बनवाई जाएगी तथा गन्दे पानी की निकासी का समुचित प्रबंध करवाये जाएंगे। गांव खैरी के ग्रामीणों की मांग पर खैरी-साहू रोड़ को 12 फीट से 18 फीट चौड़ा किया जा रहा है, गांव में नया जलघर बनवाया गया है, चौपालों का सौन्दर्यकरण करवाया गया है, राजकीय उच्च विद्यालय को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अपग्रेड किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए गांवों में ग्राम दर्शन पोर्टल बनाया गया है। इस–के माध्यम से आम आदमी को भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अपनी बात रखने व उसके समाधान करवाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस पोर्टल पर आम लोग अपनी मांग, शिकायत और सुझाव भी दे सकेंगे। इसके बाद श्रम मंत्री अनूप धानक गांव राजली में गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल तथा सुभाष ग्रेवाल के आवास पर सामाजिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने उकलाना स्थित अपने आवास पर जनसमस्याएं भी सुनी। इस मौके पर जेजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन छाजू राम, हलकाध्यक्ष अनिल बालकिया, रामफल सरपंच, मास्टर बलराज कुंडू, जगदीप कुंडू, संदीप कुंडू, संदीप पूनिया, राजेश कुंडू, हरीश गर्ग, कमल कायत, डॉ बलवान सिंह, जयसिंह राजली, रिशीकेश, सुभाष, कमल कायत, प्रेम खटक, सतीश पूनिया, बबलु गोदारा, नेकीराम श्योराण, भूरिया, बली सरसाना, शिशपाल कुंडू, मोतीराम, धूप सिंह, कुलदीप कोहाड़, बिंदर, बलवान सरपंच, राजाराम आदि मौजूद रहे।

सर्वधर्म समन्वय बैठक में नीट पास मेधावी विद्यार्थियों का स्वागत किया।

करीमगंज संवाददाता दैनिक समाज जागरण : बराक घाटी सर्वधर्म धर्मसभा ने उन छात्रों को सम्मानित किया, जिन्होंने माध्यमिक और उच्च माध्यमिक में योग्यता हासिल की, जिसमें उम्म कुलसुम जायगिरदार (सज्जन) भी शामिल थे, जिन्होंने अखिल भारतीय निट परीक्षा योग्यता के साथ उत्तीर्ण की। संगठन के केंद्रीय महासचिव एचएम अमीर हुसैन के निर्देशन में 24 जून (शनिवार) को सुतारकांडी मॉडल स्कूल में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों का स्वागत माम्पी दास पुरकायस्थ, हाजी नजरूल इस्लाम चौधरी, मुजाकिर रहमान ने किया. एएसटीसी के अध्यक्ष मिशन रंजन दास ने निपुण छात्रों को बधाई पत्र देकर सम्मानित किया, करीमगंज रवीन्द्र सदन गर्ल्स कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. तनुश्री घोष, पूर्व पर्यावरण मंत्री श्यामल प्रसाद चौधरी, संचिता भट्टाचार्य और अन्य अतिथि। संस्था की ओर से विजेताओं को उपहार स्वरूप नोटबुक और पेन भी दिए गए। मिशन के डॉ. रंजन दास ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए भाषण दिया। तनुश्री घोष,

श्यामल प्रसाद चौधरी। सम्मान पाने वालों में शामिल हैं- उम्म कुलसुम जागीरदार जिन्होंने अखिल भारतीय निट परीक्षा में 581 अंक प्राप्त किए, अनुष्का नाथ जिन्होंने ग्रेटर फकीरबाजार क्षेत्र में माध्यमिक में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त किए और रुजिना तेचनिम चौधरी, शाहरिया रहमान चौधरी, रिनी देव, रुमाना बेगम चौधरी, सुष्मिता दास, मजीदा बेगम चौधरी, हायर सेकेंडरी में सुहेदा बेगम। चौधरी, खालिदा बेगम और शाहनाज सुल्ताना चौधरी। वकील अबुल हसनत चौधरी, संचिता भट्टाचार्य, शिक्षक अबू तैयब चौधरी, इशराक अहमद चौधरी, बिलाल अहमद चौधरी, अब्दुर रकीब चौधरी, कमल हुसैन जागीरदार सहित अन्य ने स्वागत समारोह में बात की। बाल कलाकार साहिल उद्दीन ने 'मानुष मनशाय के लिए एक बांग्ला ' संगीत प्रस्तुत किया। पूर्व समाचार कार्यकर्ता बाबुल चंद्र रॉय, जन्नतुल हक चौधरी, जुबेदा बेगम चौधरी, अर्पिता दास, अमीना बेगम, फातिमा बेगम तापदार, अब्दुल हक चौधरी, हमीमा अख्तर चौधरी, सलमा बेगम, फातिमा शबनम चौधरी, साइमा हुसैन चौधरी, सुहादा अख्तर लस्कर उपस्थित थे इस अवसर पर, सादिया सरमीन, रीना बेगम, खदीजा बेगम चौधरी, फरीदा परवीन चौधरी आदि। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ हुआ।

असम करीमगंज जिले के पातीयाला जीपी में प्रधान मंत्री आवास योजना में भुया जियोटेक के माध्यम से पैसा गबन ! आरोप ग्रामीणों की।

वास्तविक लाभार्थी वंचित।

असम करीमगंज संवाददाता दैनिक समाज जागरण :

असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा विकासखंड के अंतर्गत

पातीयाला जीपी वार्ड नं 6 के निवासियों को फर्जी जियोटेक सूची के माध्यम से सरकारी राशि से उक्त वार्ड के वास्तविक लाभुकों से वंचित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राज्य के सीएम विजिलेंस का एक प्रतिनिधिमंडल पातीयाला जीपी के वार्ड नं 6 में प्रधान मंत्री आवास योजना के घर के लाभार्थियों की सूची में नामों के घर का निरीक्षण करने आया था और निरीक्षण करने के बाद उन्हें पता चला प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर पैसा गबन किया पूरी डॉक्यूमेंट्री सामने आई थी। उक्त ग्राम पंचायत में लाभार्थियों के नाम पर आवास योजना के मकान आवंटित किये गये हैं। इसके अलावा, ऐसे लाभार्थी भी हैं जो अन्य ग्राम पंचायतों में रह रहे हैं या उस स्थान पर नहीं हैं। साथ ही एक ही घर के दो हिस्सों का जियोटेक्टिंग करने के साथ-साथ दलालों ने की नई पीढ़ी का भी जियोटेक्टिंग किया! दूसरी ओर, पातीयाला के लाभार्थियों को पेचायाला में जियोटेक किया गया था, ऐसे में कई लाभार्थी जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में कुछ भी नहीं पता है। उनका नाम रैकफुल बीबी पति अब्दुल सुफान आईडी संख्या (एस 2871080) सजाध अली पिता सईयाब अली, (आईडी संख्या एस 2879057) अमीर उद्दीन पिता अजमीर अली (आईडी संख्या एस 2726408) तसर अली पिता नियाज अली (आईडी संख्या एस 1857870)। साथ ही ग्रामीणों ने 23 जून (शुक्रवार) को मीडिया के सामने इस पातीयाला जीपी में बेलगाम भ्रष्टाचार कि बात कि है, पातीयाला जीपी जीआरएसके को जेल भेज दिया गया भ्रष्टाचार के आरोप में. इसलिए ठीक 8 महीने तक जीपी कार्यालय बंद रहा, लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस बार ग्रामीणों ओर से वास्तविक लाभुकों को आवास की किश्तों का भुगतान करने के साथ ही दलालों की जांच कर सजा देने की मांग की है. वहीं, असम राज्य के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा, राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार ब विभागीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया ताकि लोगों को जल्द से जल्द यह समस्या दूर हो सके.

नगरपालिका बरवाला पार्षदों ने मांगों को पूरा करवाने बाबत सांसद बृजेंद्र सिंह को सौंपा ज्ञापन

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : अस्वीकृत वार्डों को स्वीकृत करवाए जाने समेत अनेक मांगों को पूरा करवाए जाने को लेकर नगरपालिका कार्यालय बरवाला के गेट के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे नगरपलिका बरवाला पार्षदों को धरने प्रदर्शन के 17वे दिन मांगों को पूरा होने की कुछ आस जगी है पार्षद जितेंद्र उर्फ राजा मेहता ने बताया कि मंडी मार्ग पर स्थित श्री कृष्ण धर्मशाला बरवाला के प्रांगण में सांसद बृजेंद्र सिंह 30 जून को बरवाला में होने वाली रैली के मद्देनजर भाजपा नेताओं व कार्यकताओं की मीटिंग लेने आए हुए थे मीटिंग लेने के बाद सांसद बृजेंद्र सिंह ने नगरपालिका कार्यालय के गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे पार्षदों को बुलाने के लिए राजबीर वर्मा व डॉ करतार सिंह को धरना स्थल पर भेजो धरनास्थल से उठकर नगरपालिका वाइसचेयरमैन ताराचंद नलवा के नेतृत्व में नगरपालिका के छः पार्षद राधेश्याम गूंदली, पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र, पार्षद प्रतिनिधि कालू, पार्षद धर्म सिंह लांग्यान, पार्षद संजय भादड व पार्षद जितेंद्र उर्फ राजा मेहता किसान

विश्राम गृह बरवाला में पहुंचे वाइस चेयरमैन तारा चंद नलवा समेत इन पार्षदों ने सरकार व प्रशासन द्वारा बरवाला शहर के कुल 19 वार्डों में से अस्वीकृत किए गए 15 वार्डों को स्वीकृत करवाए जाने, प्रॉपर्टी आईडी को दुरुस्त करवाए जाने व पुराने काबिज लोगों को मालिकाना हक दिलवाए जाने समेत 12 मांगों को सांसद बृजेंद्र सिंह के समक्ष रखा और इन मांगों को पूरा करवाने बाबत सांसद बृजेंद्र सिंह को ज्ञापन भी सौंपो सांसद बृजेंद्र सिंह ने पार्षदों की इन मांगों को बड़े गौर से सुना और कहा कि इन मांगों को पूरा करवाने बाबत उच्च अधिकारियों से बातचीत चल रही है और शीघ्र ही इन मांगों को पूरा करवा दिया जाएगो इन अस्वीकृत वार्डों में शीघ्र ही विकास कार्य करवाने आरम्भ करवा दिए जाएंगे वाइस चेयरमैन समेत इन पार्षदों ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होती है तब तक नगरपालिका गेट के समक्ष पार्षदों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगो इस अवसर पर पूर्व विधायक वेद नारंग, भाजपा जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र वीर चक्र, नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, बुधराम गुप्ता, जिला सचिव देवेंद्र शर्मा देव, पार्षद प्रतिनिधि मास्टर सुरेश शर्मा, डॉक्टर सुरेश जाखड़ व प्रधान एडवोकेट तरुण मेहता समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

असम करीमगंज जिले के दरगारबंद हिंगला मेईरा पाईबी संगठन का स्पष्टीकरण।

असम करीमगंज संवाददाता दैनिक समाज जागरण:

मणिपुर के अशांत माहौल में हजारों लोग लंबे समय से बेघर होकर रह रहे हैं। इस संबंध में, 24 जून (शनिवार) को मणिपुर के शांतिपूर्ण माहौल के लिए दुल्लभछड़ा दरगारबंद हिंगला मेईरा पाईबी संगठन की ओर से दुल्लभछड़ा ब्लॉक विकास के तहत दरगारबंद से एक शांति मार्च निकाला गया। लेकिन उक्त रैली में मेईरा पाईबी संस्था की संपादक रीता सिंह ने रैली का उद्देश्य

बताते समय गलती से कुकी के साथ नागा शब्द का उच्चारण कर दिया. इसमें आज 25 जून (रविवार) को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनजाने में नागा शब्द के इस्तेमाल पर उन्होंने खेद जताया और कहा कि मणिपुर के मेईतेई के निवासियों का नागा समुदाय से कोई विवाद नहीं है और वे भाईचारे की भावना के साथ रहते थे, जिससे भविष्य में बने रहें. लेकिन अनजाने में नागा शब्द मुंह से निकल जाने पर वह अपनी गलती के लिए नागा समुदाय के सभी भाई-बहनों से माफी मांगते हैं।

पूर्ण परमात्मा कबीरजी की सच्ची भक्ति से सब दुख दूर होते हैं -संत रामपाल जी महाराज

कमल सिंह लोधा
दैनिक समाज जागरण

झालावाड़- रविवार दिनांक 25/06/2023 को नागोनिया, तहसील खानपुर , झालावाड़ जिले मे जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराजजी महाराज का एलईडी के माध्यम से आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में शांति और अनुशासन व्यवस्था देखने को मिली। सत्संग में संत रामपालजी महाराज जी ने बताया कि पूर्ण परमात्मा की भक्ति करने वाले भक्तों के परमात्मा घोर पापों को नष्ट करके उनको सुख समृद्धि देता है ; संत रामपाल जी महाराज जी ने इसके प्रमाण यजुर्वेद अध्याय नंबर 5 के श्लोक नंबर 32 में प्रमाण दिए हैं। काशी में पूर्ण परमात्मा कबीरजी आए थे तो उस समय के सम्राट सिकंदर लोदी का घोर जलन का रोग भी कबीर साहिब जी के आशीर्वाद मात्र से ठीक हो गया था।

उपस्थित अनुयायियों ने बताया कि वर्तमान में तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज पूर्ण परमात्मा कबीर साहेब जी के सच्चे प्रतिनिधि है जिन्होंने पूर्ण परमात्मा के सच्चे मंत्र और सच्चा

ज्ञान प्राप्त है। सभी मनुष्य जाति को संत रामपाल जी महाराज जी द्वारा बताई गई भक्ति करनी चाहिए जिससे सभी आत्माओं का लोक और परलोक दोनों सुखी होगा। सत्संग के दौरान निशुल्क नाम दीक्षा का भी आयोजन किया गया जिसमें नवीन भक्तों आत्माओं ने संत रामपाल जी महाराज से नाम दीक्षा लेकर आजीवन बुराइयों से दूर रहकर मयार्दा में रहकर सतभक्ति भक्ति करने का संकल्प लिया`अनुयायियों ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज जी से नाम दीक्षा प्राप्त करके बहुत से अनुयाई कैंसर , टी.बी, प्रेतबाधा , जो पहले इन समस्याओं से परेशान थे संत रामपाल जी महाराज जी द्वारा दी गई भक्ति को अपनाकर कैंसर, टी.बी.और प्रेत बाधाओं से पूर्ण रूप से मुक्ति पा चुके हैं। संत रामपाल जी महाराज जी से जुड़ने वाले सभी अनुयायियों को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक ,भौतिक सब प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं । अतः सभी को चाहिए कि संत रामपाल जी महाराज जी के बताए गए ज्ञान और भक्ति को अपनाए और अपने अनमोल मनुष्य जीवन का कल्याण करवाएं। ज्ञानगंगा पुस्तकों को निशुल्क प्राप्त करने के लिए कॉल करें-8193819381

गुरुवाणी से मात्र 17 मिनट में ग्राम ढोलखेड़ी में रविवार को हुआ दहेज मुक्त विवाह, बना चर्चा का विषय

कमल सिंह लोधा दैनिक समाज जागरण

विदिशा- जिला विदिशा से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम ढोलखेड़ी मैं यह विवाह (रमैणी) संपन्न हुआ , जिसमें जगतगुरु तत्त्वदर्शी संत रामपाल महाराज जी के आदेश से किसी भी प्रकार के दहेज का लेनदेन नहीं हुआ । संत रामपाल जी महाराज जी के अध्यात्मिक ज्ञान से परिचित होकर विवाह में फैली इन सामाजिक बुराई से मुक्ति मिली है । ग्राम ढोलखेडी निवासी गीताराम दास की पुत्री शिवानी का जिला सागर निवासी पर्वत सिंह जी के पुत्र आशीष दास के साथ बडी ही सादगी के साथ संपन्न हुआ । जिला विदिशा से 5 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम ढोलखेड़ी में यह विवाह संपन्न हुआ । बेटी के लिए

दामाद देखें, लालच भरा दानव नहीं।

दहेज प्रथा को जड़ से मिटाना है अब एक कदम भी पीछे नहीं हटाना है । इस दहेज रूपी दानव को खत्म करना है। विवाह गुरुवाणी पाठ के द्वारा मात्र 17 मिनट मैं संपन्न हुआ, जिसमें न कोई बैंड बाजा, न पंडित, न फेरे और न कोई बाहरी आडंबर और न ही फिजूल खर्च के। जहां एक ओर देखा जाए तो दहेज के कारण आए दिन लड़कियों की हत्या और जिंदा जलाई जा रही है और एक तरफ संत रामपाल जी महाराज के अनुयाई दहेज मुक्त शादी (रमैणी) करके एक नए समाज का निर्माण कर रहे हैं ।

आपातकाल घोषित होने की वर्षगांठ पर गांधी प्रतिमा के समक्ष सांकेतिक धरना

-पूर्व नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मंत्री राजधारी ने किया लोगों को संबोधित

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : अपात काल घोषित होने की वर्षगाठ पर रविवार को जनपद के लोकतंत्र सेनानियो ने नगर के शहीद पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर मल्यार्पण कर प्रतिमा के समक्ष सांकेतिक धरना दिया।

इस अवसर पर धरना सभा को सम्बोधित करते हुए लोकतंत्र सेनानी पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि अपात काल इस देश पर एक काला धब्बा हैं जिसके खिलाफ और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम लोगो ने संघर्ष किया। एक वह दौर था आज उस दौर से भी बदतर देश की स्थिति हो गई है। सच बोलने की सजा जेल हो गई है। लोकतांत्रिक संरचना को हाईजैक कर लोकतंत्र और मानवीय अधिकारों का अतिक्रमण कर लोगो को डराया और धमकाया जा रहा हैं। सरकारी एजेंसियों के दम पर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाया जा रहा हैं। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र

सेनानी होने के नाते हम सभी का कर्तव्य बनता हैं कि एक बार पुनः इस अघोषित अपातकाल के खिलाफ एक जुट होकर आवाज उठाए। पूर्व मंत्री राजधारी ने कहा कि अपातकाल ने देश को वैश्विक स्तर पर कलंकित किया था लेकिन देश के लोकतत्र की नीव बहुत कमजोर नहीं हैं और उसी मजबूती के बल पर देश आगे बढ़ रहा हैं। इस अवसर पर सर्वश्री द्विजेंद्र कुमार मिश्र, देवेन्द्र तिवारी, गोपाल सिंह, धनराज सिंह, रमाशंकर, दीना नाथ सिंह, बब्बन शर्मा, सन्तोष शुक्ल, बब्बन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता नगर पालिक परिषद के पूर्व अध्यक्ष हरे राम चौधरी एवं संचालन लोकतंत्र सेनानी संगठन के संरक्षक चंद्रशेखर सिंह ने किया। इस दौरान लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति द्वारा एक पत्रक भी प्रधान मंत्री के नाम संबोधित वहां उपस्थित नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मदर टेरेसा स्कूल में संपन्न हुआ अखंड हरिकीर्तन

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया) : वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मदर टैरेसा कन्वेंट स्कूल पचरुखिया के प्रांगण में शनिवार से आयोजित अखंड हरिकीर्तन की पूणार्हुति रविवार को पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुआ ।

श्री श्री 1008 करपात्री जी महाराज बालक बाबा, स्वामी रविशंकर जी महाराज के सानिध्य मे मदर टेरेसा कांवेंट स्कूल के प्रबंधक प्रेम किशोर जी व प्रधानाचार्य साकेत घोष की मौजूदगी में शनिवार को कलश स्थापना हुआ था। यह धार्मिक अनुष्ठान हरि नाम हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे महामंत्र का कीर्तन क्षेत्र के सुख शांति, समृद्धि की कामना के लिए प्रत्येक वर्ष होता रहा है। हरि कीर्तन समापन के बाद हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद भोजन भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। साथ ही विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे जिसमें अभिजीत किशोर, उदय यादव, गिरीश मिश्रा, अरविंद वर्मा, अविनाश, आकाश सिंह, प्रदीप सिंह, राजेश राणा , दिनेश जी ,

दिनेश प्रजापति , पूनम सिंह, पूनम साहनी, तनु दुबे, लीला मैम, विक्रम सुरेश शर्मा , टीपी सिंह , रामा यादव, सत्य प्रकाश प्रजापति आदि शिक्षक मौजूद रहे ।

जिला योजना समिति के सदस्यों का निर्वाचन हुआ संपन्न

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : नगर निकाय क्षेत्रों से चुने जाने वाले जिला योजना समिति के सदस्यों का निर्वाचन रविवार को कलेक्ट्रेट में संपन्न हुआ।

चुनाव में नगर पालिका परिषद बलिया की सभासद निशा रावत को निर्विरोध चुना गया जबकि नगर पंचायत बेल्थरा रोड के राम मनोहर और नगर पंचायत रेवती की सुशीला यादव देवी को सविरोध चुना गया। जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर अखिलेश कुमार यादव, डिप्टी कलेक्टर एस फारुकी के देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ।

एनआरएलएम के तहत समूह की महिलाओं का नौ दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

-आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

-परिवहन मंत्री के प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह ने दिया प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : भारद्वाज परिसर हैबतपुर में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रहे सोशल मैपिंग सामाजिक मानचित्र और समूह निर्माण पर 09 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह प्रतिनिधि परिवहन मंत्री रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से वे स्वावलंबी बनकर समाज में अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इस दौरान एएफसी इंडिया के जिला समन्वयक प्रवीण कुमार यादव ,प्रशिक्षक घनश्याम प्रजापति, दीपक कुमार, सरस्वती, मंजू

शर्मा ने सम्बोधित करते हुए महिलाओं का मार्गदर्शन किया। इससे पूर्व महिलाओं ने स्वागत गीत, समूह गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि सहित सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सेवा सदन स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह ने किया। वही एएफसी के जिला समन्वयक प्रवीण कुमार यादव ने प्रशिक्षण की उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार व्यक्त किया इस दौरान मुन्ना राय, उपेन्द्र राय सहित सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

ससुराल में आए युवक की आकाशीय बिजली गिरने से मौत

डीके पांडेय, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में ससुराल करने आए युवक की शनिवार की देर रात आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। सुबह घूम रहे ग्रामीणों ने शव को देखकर हो हल्ला मचाया जिसकी पहचान गांव के ही बिचारी राजभर के दामाद के रूप में हुई।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। जानकारी के अनुसार अनुसार मृतक सलेमपुर गांव निवासी बिचाली राजभर का दामाद था। ससुराल से शनिवार की देर शाम मृतक रुदल राजभर घर से किसी कार्य बस बाहर निकल गया। इधर शनिवार की शाम तेज गरज के साथ बिजली कड़क रही थी। देर रात तक नहीं आने पर परिजनों ने इधर-उधर खोजबीन की पर वह नहीं मिला। रविवार की सुबह गांव किसी का शव ब्रह्मस्थान के पास मिलने पर ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाना शुरू किया। ग्रामीणों ने जिसकी पहचान गांव के ही बिचाली राजभर के दमाद के रूप में किया तथा इसकी सूचना घरवालों के साथ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। हुई इस घटना से गांव में मातम छा गया।

कांस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया नई दिल्ली में

बलिया के डॉ विद्यासागर की पुस्तक आदि शंकराचार्य का हुआ विमोचन

-पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे विमोचन समारोह में मौजूद

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इण्डिया नई दिल्ली में बलिया निवासी शिक्षाविद् डॉ विद्यासागर उपाध्याय द्वारा लिखित पुस्तक "आदि शंकराचार्य, विराट व्यक्तित्व एवं अद्वैत दर्शन" का विमोचन हुआ। समारोह को पंजाब हरियाणा चण्डीगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश ने भी संबोधित किया।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जो समाज अपने अतीत को भूल जाता है उसका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। हम लोगों के बचपन में दादा दादी आदि सनातन संस्कारों में हमे दक्ष बनाते थे लेकिन आज ऐसा नहीं है। संस्कारों के लोप से समाज विकृत हो चुका है, ऐसे परिवेश में डॉ विद्यासागर उपाध्याय द्वारा सनातन धर्म के पुनरुद्धारक भगवान आदि शंकराचार्य के विराट व्यक्तित्व और अद्वैत दर्शन पर आधारित पुस्तक की रचना करना सराहनीय कार्य है। आज के युवाओं के प्रेरणाश्रोत आदि शंकराचार्य ही होने चाहिए जिन्होंने अल्प आयु में ही इतिहास रच दिया। विमोचन समारोह के अध्यक्ष शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनन्द स्वरूप जी महाराज ने कहा कि भगवान आदि शंकराचार्य साक्षात शिव के अवतार हैं। जब-जब धर्म की हानि होती है तो ईश्वर का अवतार होता है यही कारण है कि जब भारत भूमि से सनातन वैदिक हिन्दू धर्म लुप्त होने के कगार पर था तो साक्षात भगवान शिव ही आदि शंकराचार्य के रूप में अवतरित हुए। केरल से कश्मीर तक भारत का राजनैतिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक एकीकरण करने वाले आचार्य शंकर पर प्रमाणिक पुस्तक की रचना करके डॉ विद्यासागर उपाध्याय ने जो साहसिक कार्य किया है उसका लाभ अनादि काल तक हिन्दू समाज प्राप्त करता रहेगा। पुस्तक के लेखक और विमोचन समारोह के मुख्य वक्ता शिक्षाविद् डॉ विद्यासागर उपाध्याय ने पुस्तक पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आरम्भ में अतिथिगण ने दीप प्रज्वलित करने के उपरांत भारत

माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया तदोपरान्त करुणानिधि तिवारी द्वारा अतिथि परिचय कराया गया। महामहोपाध्याय चंद्रमणि मिश्र द्वारा स्वस्तिवाचन तथा महामंडलेश्वर स्वामी राघवेन्द्र भारती ने विषय प्रवर्तन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कर्नल संतोष मिश्रा, कर्नल शैलेश चतुर्वेदी, सीपी राणा (इंटेलिजेंस ब्यूरो के डी सी पी), वसंत कुमार सीनियर आई ए एस ,भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नीलम पाण्डेय, काली सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय पुंडीर, सीनियर आई एएस रत्नेश पाण्डेय, सुनील बंसल के भाई राकेश बंसल, सर्व ब्राह्मण सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीति शर्मा, सीनियर एडिटर भारत 24 न्यूज क्षमा त्रिपाठी, ब्राह्मण स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनाथ पाण्डेय, विजय तिवारी, बब्बन उपाध्याय, सुगंधा शुक्ला सहित सैकड़ों बौद्धिक लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता स्वामी आनन्द स्वरूप और संचालन निपुष जोशी ने किया।

बकरीद पर्व के लिए बकरी बाजार की मंडी में दूर दूर से आए ग्राहक, जमकर हुई खरीददारी

शकील खान, समाज जागरण

सुरेमनपुर (बलिया) : द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कालेज बैरिया के मैदान में लगे बकरा मंडी शनिवार को सुबह से ही बकरा मण्डी सजी तो खरीददार टूट पड़े। दस से पचास हजार तक के बकरे बाजार में मौजूद थे। बकरीद के मद्दे नजर लोगों ने देर शाम तक बकरे की खरीददारी की।

इस दौरान करीब एक हजार बकरों की खरीद फरोख्त लोगों ने की। रोहुआ तिवारी के परमात्मा राय के बकरे को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा थी।इसकी कीमत पच्चास हजार थी।यह बकरा सब को आकर्षित कर रहा था। सुबह से ही व्यापारी बकरों को लेकर मैदान में खड़े रहे। काला, सफेद, चितकबरे बकरों को लेकर खरीदारों में भी काफी जोश दिखा।लोग अपनी-अपनी पसंद और हैसियत के हिसाब से बकरा लेते दिखाई दिए।जितने खूबसूरत बकरे, उतनी बड़ी कीमत। वहीं मण्डी में पांच से दस हजार रुपए के बकरे की बिक्री सबसे अधिक थी।मण्डी में बकरा लेकर आने वाले रेयाज राशिद सलीम आदि ने बताया कि उन लोगों ने पिछले साल सात से आठ हजार तक के बकरे बेचे थे। मगर इस बार दस हजार से नीचे बेचने में घाटा आएगा। उन लोगों ने बताया कि चारा काफी महंगा हो गया है। चूनी, चोकर के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। ऐसे में बकरों को पालना महंगा है, जिसे देखकर उनके दाम भी इस बार बढ़े हैं। जैसे जैसे शाम हुई क्षेत्रीय लोग मेले में आए और बकरे की खरीददारी किए।\

युवती अपहरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अनिल सिंह, समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के अपहरण के आरोपी को क्षेत्र के तालिबपुर गांव निवासी नीरज कुमार को पुलिस ने रविवार को पासवान चौक मधुबनी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में पाबंद कर गिरफ्तार अभियुक्त को चालान न्यायालय कर दिया। बैरिया एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि शादी का झांसा देकर 6 जून 2023 को क्षेत्र के एक गांव की युवती को नीरज भगा ले गया था। बाद में पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया था, किंतु नीरज फरार हो गया था। मुखबिर की सूचना पर रविवार को उसे गिरफ्तार कर धारा 363, 366, 120बी आईपीसी के तहत चालान न्यायालय किया गया। एसएचओ ने बताया कि युवती का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। इसके बाद और विधिक कार्रवाई होगी। चिकित्सीय परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद संभवतः और धाराएं भी बढ़ सकती हैं।

नशा मुक्त भारत पखवाड़ा को लेकर आयोजित की संगोष्ठी

दैनिक समाज जागरण

सिरसागंजः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत पखवाड़ा पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने

बताया कि जिला मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद डॉ उज्ज्वल कुमार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद डॉ निशा अस्थाना के निदेर्शानुसार नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम की श्रंखला में उन्होंने संगोष्ठी में विद्यार्थियों को जीवन में नशे के दुष्प्रभाव को बताते हुए कि एथिल एल्कोहोल जानलेवा है, इससे शरीर में अनेक रोग उत्पन्न हो जाते है। इसके साथ ही धूम्रपान जानलेवा है, इससे कैंसर जैसी भयानक जानलेवा बीमारी हो जाती हैं। उन्होंने नशा मुक्ति के लाभ बताते हुए विद्यार्थियों को अन्य व्यक्तियों को भी नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया। जिससे नशा मुक्त भारत का निर्माण किया जा सके।

इस अवसर पर कु सोनाली, स्नेहा बघेल, अवन्तिका शर्मा, निवेदिका, वर्षा , उर्वशी, भूमि गुप्ता, तनवी जादौन, अल्तिशा, संयुक्ता, दीक्षा, शिवानी यादव, रोली यादव, रितिक बघेल, रोहित राजपूत, शिवम, मोहन, आशीष कुमार, कृष्णा, ब्रजमोहन, महेन्द्र सिंह, शुभम जादौन, मोहन, अनुज कुशवाह, रितिक कुशवाह, अनुराग, रोहन, सोहिल जैन, प्रवीन कुमार, लोकेश यादव, आयुष आदि उपस्थित रहे।

उन्नाव में पत्रकार को गोली मारे जाने के मामले में पूर्व आईपीएसअमिताभ ठाकुर कल जाएंगे उन्नाव

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के जनपद उन्नाव में पत्रकार को गोली मारे जाने के मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर वस्तुस्थिति पता करने के लिए कल उन्नाव जाएंगे। वह पत्रकार को देखने अस्पताल भी जाएंगे जहां पत्रकार गंभीर हालत में भर्ती है। साथ ही वह कार्यकताओं के साथ वहाँ जाकर वस्तुस्थिति जानने के लिये अन्य पत्रकारों से भी मुलाकात करेंगे। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सरकार

की लचर कानून व्यवस्था के परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। लोकतंत्र के लिए काम करने के लिये व्यवस्था की कारगुजारी को उजागर करने वालों की जान अब प्रदेश में सुरक्षित नहीं रह गई है।

उन्नाव में पत्रकार मन्नू अवस्थी को कुछ लोगों ने शनिवार को गोली मार दी गयी। वह भू माफिया के खिलाफ लगातार खबरें लिख रहे थे। पहले भी उन पर हमले हो चुके थे। एक वीडियो के जरिए अपनी हत्या की आशंका भी जता चुके थे। कुछ समय पूर्व उन्नाव में ही भू माफिया के खिलाफ खबर लिखने की वजह से एक पत्रकार शुभम मणि त्रिपाठी की हत्या कर दी गई थी।

एसबीआई ऑफर्स एसोसियेशन लखनऊ मंडल का त्रैवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। रविवार को स्थानीय कृषि भवन के प्रेक्षागृह में एसबीआईऑफर्स' एसोसिएशन



(लखनऊ मण्डल) का त्रैवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता, एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने की। अधिवेशन के मुख्य अतिथि शरद चांडक, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, विशिष्ट अतिथि दीपक शर्मा, महासचिव अखिल भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी परिसंघ एवं अरुण साहू, महाप्रबंधक, नेटवर्क प्रथम रहे । अन्य अतिथियों में राजेश कुमार मीना, मण्डल विकास अधिकारी एवं एसबीआई अधिकारी संघ के विभिन्न मंडलों से पधारे अध्यक्ष एवं महासचिवों ने भी मंच पर प्रतिभागिता की। बैठक को चांडक, साहू एवं अतुल स्वरूप, महासचिव एसबीआई पेंशनभोगी संघ ने संबोधित किया। प्रारंभ में सभा को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक ने संघ की महत्ता पर प्रकाश डाला



एवं एसबीआईऑफर्स' एसोसिएशन द्वारा बैंक के विकास में किए जा रहे योगदान की भूरी भूरी प्रशंसा की। अपने नौकरी के प्रारंभ के दिनों में एसोसिएशन द्वारा उनको प्राप्त सहयोग की भी चर्चा की। चांडक ने बैंक के सामने आने वाली चुनौतियों की भी चर्चा की। उनका कहना था कस्टमर सर्विस एवं कंप्लायंस की आवश्यकता पर जोर देना जरूरी हैं। श्री चांडक एवं साहू ने पवन कुमार के सेवानिवृति पर उनके कार्यों को याद किया और उनकी द्वितीय पारी हेतु शुभकामनाएं भी दी।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने उपस्थित सभी साथियों को परिसंघ द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया अपने साथियों के वर्किंग एनवायरमेंट को सुधारना उनकी प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने ये भी बताया बैंक मैनेजमेंट से बहुत से विषयों पर चर्चा चल रही है और आशा है कि शीघ्र ही कुछ बेनिफिट आपके सामने होंगे। अधिवेशन के अंत में श्री पवन कुमार, महासचिव को भावभीनी विदाई दी गई। अनिल गौतम एवं मनीष कांत ने बताया कि पवन कुमार लखनऊ सर्किल में लगातार तीन बार महासचिव रहने वाले एक मात्र महासचिव हैं एवं सर्वाधिक लोकप्रिय महासचिव भी हैं। दिनेश चंद्र एवं अतुल स्वरूप ने कुमार का अपनी पक्ष में स्वागत किया और कहा कि पवन कुमार हमारी पेंसनर्स' एसोसिएशन के लिए भी एक एसेट साबित होंगे ।

सतयुग में सर्व मनुष्य वेदों के आधार से भक्ति करते थे - संत रामपाल जी महाराज

कमल सिंह लोधा दैनिक समाज जागरण

आरोन - रविवार 25 जून को आरोन, जिला गुना में एक दिवसीय जिला स्तरीय सत्संग समागम का आयोजन हुआ ` यह कार्यक्रम संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों के द्वारा एलइडी के माध्यम से सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया` इस जिला स्तरीय सत्संग में आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन संत जी के प्रवचन सुनने के लिए आए`

संत रामपाल जी महाराज ने सत्संग में बताया है कि सतयुग उस समय को कहते हैं जिस युग में अधर्म नहीं होता। शांति होती है। पिता से पहले पुत्र की मृत्यु नहीं होती, स्त्री विधवा नहीं होती। रोग रहित शरीर होता हैं। सर्व मानव भक्ति करते हैं। परमात्मा से डरने वाले होते हैं क्योंकि वे आध्यात्मिक ज्ञान के सर्व कर्मों से परिचित होते हैं। मन, कर्म, वचन से किसी को पीड़ा नहीं देते तथा दुराचारी नहीं होते। जति सति, स्त्री पुरूष होते हैं। सर्व मनुष्य वेदों के आधार से भक्ति करते हैं। वर्तमान में कलियुग है। इसमें अधर्म बढ़ चुका है। कलियुग में मानव की भक्ति के प्रति आस्था कम हो जाती है या तो भक्ति करते ही नहीं यदि करते हैं तो शास्त्र विधि त्याग कर मनमानी भक्ति करते हैं। जो श्रीमद् भगवत गीता अध्याय 16 श्लोक 23-24 में वर्जित हैं। जिस कारण से परमात्मा से जो लाभ वांछित होता है वह प्राप्त नहीं होता। इसलिए अधिकतर मनुष्य नास्तिक हो जाते हैं धनी बनने के लिए रिश्वत, चोरी, डाके डालने को माध्यम बनाते हैं। परन्तु यह विधि धन लाभ की न होने के कारण परमात्मा के दोषी हो जाते हैं` वर्तमान समय में कबीर साहेब जी की भक्ति से ही मोक्ष हो सकता है`

दिलीप यादव बनाए गए जिलाध्यक्ष

समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

दिलीप यादव बनाए गए जौनपुर जिले के जिला अध्यक्ष समाज के पिछड़े और दबे कुचलो की आवाज बुलंद करता रहूंगा : अशोक सिंह

दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

जमलापुर- रामपुर, जौनपुर। समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने दिलीप कुमार यादव को समाज विकास क्रांति पार्टी का जिलाध्यक्ष (जौनपुर) नियुक्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के जमालपुर रामपुर स्थित यादव नगर में पार्टी की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित कार्यकताओं को पार्टी के नेताओं ने संबोधित किया। बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करेगी

और समाज के पिछड़े व दबे कुचले लोगों की आवाज मजबूती के साथ उठाएगी। श्री सिंह ने कहा कि समाज विकास क्रांति पार्टी समाज के गरीब दबे कुचलो की आवाज बनेगी। दलित पिछड़ा के हक में हमेशा आवाज बुलंद करता रहूंगा। इसी क्रम में पार्टी के नवागत जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अशोक सिंह द्वारा हमें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करुंगा। समाज में लोगों के हित के लिए पार्टी जो भी निर्देश करेगी उसके लिए मैं हर आवश्यक कदम उठाऊंगा, जिलाध्यक्ष दिलीप यादव ने कहां की पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर में खरा उतरूंगा और पार्टी को विश्वास दिलाया की मैं अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। कार्यक्रम के शुरूआत में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकताओं ने माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर अमरेज सिंह (अखिल क्षत्रिय सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष), दिलीप कुमार, इरफान कुरैशी, राजबहादुर सिंह, उपेंद्र सिंह, सरोज श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

विशाल भण्डारे में कढ़ी भात प्रसाद के साथ रथयात्रा महोत्सव सम्पन्न

दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

जौनपुर। श्री जगन्नाथ धाम रासमण्डल में रविवार की सुबह विगत रथ यात्रा के दिन से चली आ रही हरि कथा तथा रथयात्रा महोत्सव सम्पन्न हुआ। मुख्य यजमान रोहन सिंह, रोशनी सिंह एवं कृशव सिंह द्वारा संयुक्त रूप से भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र जी व देवी सुभद्रा का षोडशोपचार पूजन आचार्य डॉ. रजनी कान्त द्विवेदी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात कढ़ी भात मौसमी सब्जियों मालपुआ तथा 56 भोग भगवान को अर्पण करने के पश्चात विशाल कड़ी भात भण्डारे का आरम्भ हुआ, जिसमें भगवान के दर्शन और पूजन की व्यवस्था पंडित निशा कांत द्विवेदी व डॉ. गंगाधर शुक्ला, रथयात्रा महोत्सव समिति के अध्यक्ष शशांक सिंह रानू तथा महामंत्री शिवशंकर साहू, नीरज श्रीवास्तव, संजय गुप्ता

सीए, श्याम मोहन अग्रवाल, दिनेश टंडन, डॉ. रजनीश श्रीवास्तव, आशीष यादव, संतोष गुप्ता, दयाशंकर निगम, राजेश गुप्ता, नीलिमा गुप्ता, राधेरमण जायसवाल, जय कृष्ण साहू, गोपाल कृष्ण हरलालका, राजेश जावा व नगर के गणमान्य लोग कढ़ी भात भण्डारे के विभिन्न व्यवस्थाओं में लगे रहे। जिसके अंतर्गत सात हजार से ऊपर लोगों ने विशाल कड़ी भात भण्डारे के प्रसाद का तथा प्रभु के दिव्य त्रिपुरा दर्शन का लाभ प्राप्त किये। प्रातः 11:00 बजे से आरती पूजन के बाद शुरू हुआ भण्डारा देर रात्रि तक चलता रहा। आये हुए सभी लोगों के प्रति जगन्नाथ सेवा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी संतोष गुप्ता तथा मन्दिर के महंत पंडित दिनेश चन्द ने आभार व्यक्त किया।

बेटी की शादी के लिये भारत विकास परिषद ने दिया उपहार

दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

जौनपुर। हिन्दू धर्म के 16 प्रमुख संस्कारों में से एक महत्वपूर्ण संस्कार विवाह है। समाज के निर्धन परिवारों की कन्याओं का विवाह भारत विकास परिषद सरल विवाह प्रकल्प के अन्तर्गत भारत विकास परिषद् द्वारा जरुरतमन्द परिवार की बेटी की शादी के लिये अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता एवं प्रकल्प प्रमुख अवधेश गिरि के नेतृत्व में शादी में व्यय होने वाली धनराशि एवं आवश्यक सामग्री को परिषद परिवार के सहयोग से बिटिया की शादी की पूर्व संध्या पर उपहार स्वरूप डबल बेड, गद्दा, तकिया, चादर, बेडसीट, सिंगारदान, आलमारी, अटैची, फरार्टा, दो घड़ी, 4 सेट साड़ी, कुर्सी टेबल, डिनर सेट, मेकअप सामान, कुकर,

आयरन, बिछिया, वाटर कूलर, गले का सेट, बाल्टी, दीवाल घड़ी आदि गृहस्थी के सामानों के साथ नकद 5100 रुपए दिया गया। इस अवसर पर नीरज श्रीवास्तव जिला समन्वयक, प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख दिलीप जायसवाल, श्वेता अग्रहरि महिला संयोजिका, डा. गौरव प्रकाश मौर्य, विक्रम गुप्ता, सत्येन्द्र अग्रहरि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग प्रचारक रामेश्वर सिंह, प्रधानाचार्य गणेश दत्त उपाध्याय ने बिटिया को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

निरंकारी कॉलोनी में सन्त निरंकारी हेल्थ सेन्टर का हुआ शुभ उद्घाटन

दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

जौनपुर। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन कर कमलों द्वारा निरंकारी कॉलोनी में संत निरंकारी हेल्थ सेंटर का उदघाटन किया गया जिसका संचालन संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के अंतर्गत किया जा रहा है। यह जानकरी देते हुए मिशन के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि मिशन सदैव ही मानव कल्याण के लिए अग्रणी रहा है जिसका परम लक्ष्य स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाज कल्याण को बढ़ावा देना है। इस मुहिम में वह निरंतर कार्यरत है। संत निरंकारी मिशन के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि संत निरंकारी हेल्थ सेंटर का आरम्भ सन् 1975 में डॉक्टर अमरनाथ द्वारा किया गया। तब से लेकर अभी तक इस हेल्थ सेंटर से लाखों लाभान्वित हो चुके हैं। वर्तमान समय में जिसका नवीनीकरण करके अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त चिकित्सालय के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है ताकि मरीजों का उपचार उचित प्रकार एवं बेहतर रूप से किया जा सके। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने पावन प्रवचनों में बताया कि इतने वर्षों से सभी द्वारा निरंकारी डिस्पेंसरी की जो सेवाएं प्राप्त की जा रही थी अब वह हेल्थ सेंटर के नाम से सम्बोधित की जायेगी जिसमें पूर्णतः

सभी सुविधाएं देने का प्रयास किया गया है। साथ ही वर्षों से सेवा में तल्लीन कोआर्डिनेटर डॉ. नरेश अरोड़ा भी अपनी सेवाएं कर्मठतापूर्वक निभा रहे हैं। निरंकारी हेल्थ सेंटर में मरीजों के उपचार हेतु विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी लैबोरेट्री, पैथोलॉजी, ऑपरेशन थियेटर, आई सेंटर, दंत सेंटर, होम्यौपैथी, कायरोप्रैक्टीक इत्यादि मरीजो हेतु उपलब्ध करवायी गयी है। साथ ही इस सेंटर में योग्य एवं प्रशिक्षित डॉक्टर जैसे सर्जन, अल्ट्रासाउंड, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्कीन रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, हड्डियों के चिकित्सक, हृदय रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ, नेत्र चिकित्सक, दंत चिकित्सक, रेडियोलोजिस्ट, फिजिशियन इत्यादि विशेषज्ञ रोगियों के उपचार हेतु उपलब्ध होंगे। हेल्थ सेंटर में टेस्ट एवं दवाईयाँ भी चैरिटी दरों पर उपलब्ध होगी। इन सभी सुविधाओं का लाभ स्थानीय निवासियों के अतिरिक्त आसपास रहने वाले सभी नगरवासियों द्वारा प्राप्त किया जा सकेगा। संत निरंकारी हेल्थ सेंटर को पूर्णतः वातानुकूलित बनाया गया है। सेंटर में रोगियों हेतु 10 बेड की व्यवस्था भी की गई है। निरंकारी हेल्थ सेंटर के खुलने का समय प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक तदोपरांत दोपहर 2.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक होगा। इस सेंटर में मरीजों के लिये 24 घंटे की आपातकालीन सुविधा भी उपलब्ध होगी जिसके अंतर्गत रोगियों को एडमिट करने के साथ साथ निःशुल्क एम्बुलेंस की व्यवस्था भी प्रदान की गई है।

खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने शेखपुर अहीर का किया स्थलीय निरीक्षण,

संवाददाता, नारायण तिवारी,

कुठौंद जालौन, विकास खंड कुठौंद की ग्राम पंचायत शेखपुर अहीर मैं जलभराव की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने ग्राम पंचायत शेखपुर अहीर का स्थलीय निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाये ग्राम विकास अधिकारी रविंद्र कुमार प्रजापति ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह की ग्राम सभा मैं जलभराव को लेकर पूरे गांव का भ्रमण करते खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि के द्वारा देखने को मिला ग्राम की कचरे से भरी नालियां सामुदायिक शौचालय इतनी दुर्गंध आ रही थी कि वहां पर खड़ा होना मुश्किल हो गया सामुदायिक शौचालय की दीवाल छतिग्रस्त सीटों पर गंदगी का लगा अंबार सत्यापन करते समय ग्रामसभा स्तर पर कराए गए विकास कार्यों के समस्त अभिलेख हो खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने मांगा तो अभिलेख ग्राम विकास अधिकारी रविंद्र कुमार ने नहीं करा पाए उपलब्ध ग्राम की बजबजाती नालियों का स्वयं खंड विकास अधिकारी ने कचरा साफ करवाया इसके बाद प्रधानमंत्री

आवास योजना मैं नए चयन किए गए लाभार्थियों से रूबरू होते हुए आवासों की जानकारी ली खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि कप्तान सिंह के मकान की बाउंड्री के अंदर सरकारी हैंडपंप पाया गया एवं बाहर लगे हैंडपंप का भी पैसा फजीर्वाड़ा कर निकाल लिया गया खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि को ग्राम पंचायत में ढेर सारी कमियां देखने को मिली खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने ग्राम वासियों को भरोसा दिया कि गांव में साफ-सफाई से लेकर और जो भी कार्य हैं वह सब हम स्वयं अपनी देखरेख में कराएंगे ग्राम वासियों को कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी वहां उपस्थित सभी ग्राम वासियों ने खंड विकास अधिकारी का आभार व्यक्त किया शेखपुर अहीर से लौटते वक्त खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने ग्राम पंचायत करौली में ग्राम सचिवालय देखा गया जहां पर सचिवालय बंद पाया गया सचिवालय की बाहर पड़ी गंदगी देखने से ऐसा प्रतीक होता है कि महीनों से नहीं बैठ रहा पंचायत सहायक है और ना ही ग्रामसभा स्तर के एक भी कार्य किए जाते हैं पूरा काम हवा हवाई कागजों में चल रहा है कुरौली ग्राम सभा में इससे यह साबित होता है कि धरातल पर काम ना कराकर केवल कागजों में काम कराए जाते हैं और फर्जी तरीके से भुगतान कराया जाता है

थाना अध्यक्ष कुठौंद ने बकरीद के त्यौहार को देखते हुए बुलाई पीस कमेटी की बैठक,

संवाददाता, नारायण तिवारी,
दैनिक समाज जागरण

कुठौंद जालौन,थाना कुठौंद में पीस कमेटी की बैठक बकरीद के त्यौहार को देखते हुए थाना अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी व खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई पीस कमेटी की बैठक में थाना प्रभारी अखिलेश द्विवेदी ने कहा कि बकरीद का त्यौहार सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाएं किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी त्योहार के अवसर पर अराजकता फैलाने वाले अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी पीस कमेटी की बैठक में खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने सभी मुस्लिम भाइयों से बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की और कहां त्यौहार हमेशा आपसी भाईचारे को मजबूत करने के लिए आते हैं जिसको सभी मुस्लिम भाई सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार को मनाएं थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी के द्वारा

पीस कमेटी का आयोजन किया गया पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित हदरुख चौकी इंचार्ज शशांक बाजपेई, उपनिरीक्षक रिंकू चौधरी, उप निरीक्षक शिवकरण सिंह, उपनिरीक्षक खेमचंद वर्मा, उप निरीक्षक विनीत सिंह, आदि उपस्थित रहे पीस कमेटी की बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी ने बकरीद के मौके पर आने वाली समस्याओं को रूबरू होते हुए मुस्लिम भाइयों को जानकारी देते हुए बताया आप सभी लोग सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार को मनाएं आने वाली समस्याओं के लिए हम तत्पर तैयार हैं तथा ग्राम प्रधान कुठौंद नरेंद्र महंत को कस्बा में साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए इस कमेटी में मौजूद खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने ग्राम प्रधान को साफ सफाई के लिए कहा थाना प्रभारी निरीक्षक ने बाल्मीक समुदाय के अन्ना जानवरों को 3 दिन तक अन्ना ना छोड़ने के निर्देश दिये गए इस मौके पर मोहम्मद अकील, अहमद हाजी, मौलाना नासिक हाजी, रहमत हाफिज फैसल मौजूद रहे क्षेत्र से आए हुए ग्राम प्रधान संभ्रांत नागरिकों के समक्ष पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित नीखरा, राम आसरे शर्मा, प्रधान नरेंद्र कुमार महंत, प्रधान महेश कुमार बिचोली, प्रधान प्रशांत कुमार कश्यप बावली, प्रधान नरेंद्र तिवारी केथवा, प्रधान प्रतिनिधि वीरपाल दोहरे बस्तेपुर, प्रधान प्रतिनिधि गंभीर सिंह दोन, प्रधान प्रतिनिधि शिव सिंह चंदेल पंडितपुर, प्रधान प्रतिनिधि भारत सिंह मदारीपुर, के साथ-साथ गणमान्य व्यक्ति व पत्रकार बंधु उपस्थित रहे

केन्द्र सरकार की 9 वर्ष की जनता को बतायी उपलब्धियां

विधायक की अगुवाई में कार्यकर्ता पहुंचे आमजन के घर

दैनिक समाज जागरण
संवाददाता, मोनू शर्मा,

उरई(जालौन): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के कार्यकाल के लगातार 9 वर्ष पूर्ण होने को लेकर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आसन्न लोकसभा चुनाव की दृष्टि से महा जनसंपर्क अभियान के तहत चलाए जा रहे विविध कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन की अगुवाई में पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने बूथ संख्या 461 में घर-घर जाकर आमजन को पत्रक व पुस्तिका वितरित कर सहयोग समर्थन मांगा।

केंद्र सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों से परिपूर्ण पत्रक व पुस्तिका आमजन को बांटते हुए विधायक मूलचंद्र व पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को

शिरोधार्य कर केन्द्र सरकार ने बगैर किसी भेदभाव के सबका साथ लेकर सबका विकास किया है, साथ ही भारत का मान समूचे विश्व में बढ़ाया है। भ्रष्टाचार और अराजकता पर अंकुश लगा है और देश को एक सूत्र में पिरोकर एक नए भारत का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इससे पहले शनिवार की देर शाम विधायक ने कार्यकताओं संग मिलकर नगर के चिकित्सकों के यहां पहुंचकर उन्हें सरकार की उपलब्धियों से परिपूर्ण पत्रक और पुस्तिका भेंट की। महा जनसंपर्क अभियान में जिला मंत्री अंजू अग्रवाल, नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया, महेंद्र सोनी, शिवप्रसाद निरंजन, धीरेन्द्र निरंजन, सुनीलकांत तिवारी, अमित उपाध्याय, बादाम कुशवाहा, रविकांत, ओपी कुशवाहा, नरेंद्र विश्वकर्मा, अनिल पटेल, प्रधान प्रेमप्रकाश पटेल लौना, अरविंद निरंजन मुनिया, विकास पटेल, मीरा चंदेरिया, नरेश वर्मा आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

लाठी डंडों से मारपीट करने का लगाया आरोप

संवाददाता, मनु शर्मा,
दैनिक समाज जागरण

उरई(जालौन): एक महिला ने लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर बेटे को घायल कर देने की पुलिस से शिकायत करते हुए कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पडरी निवासी महिला किरन पत्नि स्व राधे किशुन

ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े 9 बजे गाँव के ही रविन्द्र उसके घर पर आए और उसके बेटे रंजीत को गोला चलाने के लिए अपने साथ अपने घर ले गये। उसका बेटा वहाँ पर आए लोगों के ऊपर स्प्रे झिड़क रहा था तभी रविन्द्र, सोनू, मोनू ने अपने करीब 2 दर्जन रिश्तेदारों व साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए उसके बेटे रंजीत को मारा पीटा। उक्त घटना के बाद बेटा वापस घर आ गया और छत पर जाकर सो गया। कुछ देर बाद उक्त सभी लोग आकर छत पर चढ़ गये और फिर लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से बेटे को बुरी तरह मारा पीटा जिससे बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर वह छोटे बेटे अभिषेक के साथ छत पर पहुंची तो उक्त सभी लोगों ने छोटे बेटे सहित उसे भी मारा पीटा और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये। किरन ने बताया कि घटना की सूचना उसने डायल 112 पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस मौके से लाठी डंडे व कुल्हाड़ी बरामद कर अपने साथ ले गयी थी। पीड़ित किरन ने घटना को लेकर पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है। वहीं पुलिस फिलहाल घटना की जांच कर रही है।

भाईयों ने सिस्टर डे पर बहिनों को किया याद

माधौगढ़। हर घर परिवार में भाई बहिन का रिश्ता बड़े ही प्रेम से भरा होता है।वह साथ साथ रहकर इतने लड़ते झगड़ते हैं कि मानों उनमें किसी भी तरह का कोई प्रेम नहीं है।जब बहिन का विवाह होता है और वह विदा होकर अपने ससुराल जाते वक्त अपने भाई से कहती है भैया अपना ख्याल रखना समय से घर आकर मातापिता की सेवा करना उनके कामों में हाथ बंटाना और तुम भैया किसी भी तरह की चिंता नहीं करना आप मुझे याद करना मैं तुरंत दौड़ी चली आऊंगी ।वहीं भैया भी अपनी बहिन से बात बात पर झगड़ा करता था जब उसकी बहिन की विदाई होती है तो वह सबसे अधिक रोकर कहता है कि अब वह किससे लड़ेगा और कौन उसकी बात सुनेगा ।भाई बड़ा अधीर हो जाता है और बहिन के आने की आहट को हर समय देखता है। बहिन रधिका शिवहरे भाई आदित्य शिवहरे का अगाध प्रेम का रिश्ता है। भाईयों ने सिस्टर डे पर अपनी अपनी बहिनों को याद कर फोन पर बधाई देकर हालचाल जाना ।

थाना समाधान दिवस में सुनीं गई फरियादियों की समस्याएं

दैनिक समाज जागरण

माधौगढ़ जालौन जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस

अधीक्षक ईरज राजा ने उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप थाना समाधान दिवस माधौगढ़ में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया, प्राप्त शिकायतों को समयाबधि के अन्तर्गत निस्तारण के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाये जिससे फरियादियों को इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच अब सीधे फरियादियों से फोन पर वार्ता कर ली जायेगी यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयबधि के बन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करा जाये तथा उनका समयसीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न की जाये। उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा छोटी से छोटी शिकायतों का गम्भीरता से लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करेगे।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी माधौगढ़ शिवनारायन शर्मा, क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ उमेश कुमार पाण्डेय , कोतवाल विमलेश कुमार सचिव शिवसागर अवस्थी, संजय श्रीवास , सदर लेखपाल मंसूर खान आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान तहत किया जागरुक

दैनिक समाज जागरण
संवाददाता, मोनू शर्मा,

उरई(जालौन): मिशन शक्ति अभियान के तहत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला बीट प्रणाली के अन्तर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अपनी-अपनी आवंटित

बीट में जाकर पंचायत भवन/मिशन शक्ति कक्ष में चौपाल का आयोजन प्रारम्भ किया गया है। इसी क्रम में रविवार को कोंच कोतवाली क्षेत्र की भेंड़ चौकी क्षेत्र के ग्राम रवा में महिलाओं, युवतियों व किशोरियों को जागरुक किया गया। चौपाल में पुलिस एवं महिलाओं के मध्य समन्वय स्थापित कर राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर महिला अपराध से सम्बन्धित विभिन्न धाराओं एवं प्रक्रिया तथा विभिन्न हेल्प लाइन सेवाओं(112, 1090, 181, 108, 1076, 1098) इत्यादि की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। इस मौके पर चौकी प्र.भारी शिवनारायण वर्मा, कांस्टेबल मोहित शर्मा, अजय वीर सिंह, महिला कांस्टेबल संगीता, खुशबू समेत तमाम महिलाएं, युवतियां व किशोरी मौजूद रहीं।

अग्निशमन केंद्र माधौगढ़ आवासीय भवनों का निरीक्षण जिलाधिकारी ने किया

दैनिक समाज जागरण

माधौगढ़ जालौन जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने संयुक्त रूप से माधौगढ़ में निमार्णाधीन अग्निशमन केन्द्र के आवासीय व अनावासीय भवनों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुये कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होने कहा कि समस्त तलों की चिनाई, प्लास्टर व फर्श, वाटर सप्लाई, सेनेटरी कार्य पूर्ण व रंगाई पुताई के कार्यो में तेजी लायी जाये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाये जिससे अक्टूबर माह तक निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। उन्होने कहा कि निमार्णाधीन अग्निशमन केन्द्र रू0 1265.90 लाख की लागत से निर्माण कराया जा रहा हैं। उन्होने संबंधित को निर्देशित किया कि निमार्णाधीन बिल्डिंग के बीच में बच्चों को खेलने के लिये पार्क भी बनाया जाये। कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि निमार्णाधीन अग्निशमन केन्द्र के लिये रू0 1265.90

लाख की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें से 05 किस्तें प्राप्त हो चुकी है, तेजी से निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं। उन्होने बताया कि निमार्णाधीन अग्निशमन केन्द्र के अनवासीय व आवासीय भवन, टाईप बी के 24 आवास की समस्त छतों की फर्श, प्लास्टर का कार्य प्रगति पर हैं तथा टाईप ए के 2 आवास बीम का कार्य प्रगति में हैं, बाउण्ड्रीवाल 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं।

शेरकोट के युवक की दिल्ली मे चाकुओ से गोदकर की निर्मम हत्या परिवार में मचा कोहराम

फारूक अंसारी
दैनिक समाज जागरण

शेरकोट। युवक की दिल्ली में चाकुओं से गोद कर निर्मम हत्या कर दी गई युवक की हत्या से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। उधर ईशा की नमाज के बाद मृतक को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

दरअसल शेरकोट के मोहल्ला नईसराय निवासी नफीस कुरेशी अपने पूरे परिवार के साथ कई वर्षों से दिल्ली के बटला हाउस मे रहते हैं। नफीस की दो बेटियां है और एक बेटा था जिसकी हत्या कर दी गई। हत्या किसने की और क्यू की वो अब हम आपको बताते है। दरअसल मृतक का नाम फैसल कुरैशी है फैसल अपने मामा के बेटे की सलून पर काम करता था बताया जा रहा है कि फैसल बकरा ईद की खरीदारी के लिए शुक्रवार को बाजार गया था इस दौरान बाजार में उसकी कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। इतने मे ही उन युवकों ने फैसल पर चाकुओ से ताबड़तोड़ हमला कर

दिया जिसमे फैसल के शरीर से ज्यादा खून बहने के कारण उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मोके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया उसके बाद हत्यारो की तालाश शुरू कर दी दिल्ली पुलिस के मुताबिक फैसल हत्याकांड मे शमिल चार लड़के पुलिस की हिरासत मे है और वो चारो लड़के फैसल के दोस्त बताए जा रहे है

उधर इस हत्या कांड मे करीब 12 लड़को के शामिल होने आंशका है जिसमे एक युवती का भी नाम चर्चा मे आ रहा है जो की फैसल के सम्पर्क मे रहती थी दिल्ली पुलिस लगातार बाकी लड़को की तालाश कर रही है उधर फैसल की मौत से ईद से पहले ईद की सरी खुशियाँ मतम मे तब्दील हो गई वही फैसल की दो बहनो का रो रो कर बुरा है। फैसल दो बहनो का एक लोता भाई था अपने परिवार का जिगर का टुकड़ा था फैसल उधर शनिवार को इशा की नमाज के बाद नम आँखों से फैसल कुरैशी को किया सुपुर्दे-ए-खाक किया गया ।

गुलदार के बढ़ते हमलो पर यूपी में उत्तराखंड वन अधिकारियों की विशेष बैठक

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर रेहड़अमानगढ़ रेंज के कैंप कार्यालय पर यूपी और उत्तराखंड के वन अधिकारियों ने वन्य जीवों से जुड़ी समस्याओं से निबटने के लिए बैठक का आयोजन किया। जिसमें साझा रणनीति बनाने पर सहमति बनाई गई।

शनिवार को यूपी व उत्तराखंड के वन अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसमें वन्य जीव व वन संपदा एवं आमजन की सुरक्षा से संबंधित समस्याओं से निबटने के लिए संयुक्त गश्त, मानव वन्य जीव संघर्ष नियंत्रण हेतु रेस्क्यू अभियान, बॉर्डर एरिया पर गुलदार प्रभावित

क्षेत्रों को चिन्हित कर सघन कॉबिंग अभियान, नियमित रूप से गश्त, ड्रोन, कैमरा ट्रैप के माध्यम से गुलदार के मूवमेंट की मॉनिटरिंग साथ ही गुलदार के व्यवहार को समझने तथा घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु विशेषज्ञों एवम पशु चिकित्सकों की सेवाएं सहित रैपिड रिस्पांस टीम के गठन पर सहमति बनाई गई। इस अवसर पर प्रभारी सीसीएफ बरेली विजय सिंह सीएफ मुरादाबाद रमेश चंद्रा, सीएफ तराई पश्चिमी वृत दीपचंद्र आर्य, डीएफओ बिजनौर अरुण कुमार सिंह, डीएफओ तराई पश्चिमी प्रकाश चंद्र आर्य, एसडीओ अंशुमान मित्तल व ज्ञान सिह, रेंजर अमानगढ़ खुशबू उपाध्याय, रेंजर नगीना प्रदीप शर्मा सहित रेंज स्टाफ उपस्थित रहा।

गोपी संवाद व कृष्ण विरह से श्रोता हुए पुलकित ।।

भवविभोर श्रोताओं ने श्रीमद भागवत कथा का किया श्रवणपान

दैनिक समाज जागरण

माधौगढ़ः घनघोर बारिश के बीच कथा प्रेमियों ने भगवान की लीलाओं का रसपान किया सुवह से ही बारिश ने पंडाल पुरा जलमग्न कर दिया लेकिन बारिश के बीच पहुँचे कथा प्रेमियों ने प्रभु की बाल लीलाओं का रसस्वादन किया गोहन क्षेत्र मे ग्राम पिचौरा मे आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भगावत कथा का आयोजन 21जुन से वाद्ययंत्रो के साथ किया जा रहा है। पांचवे दिन की कथा में वृदावन धाम से पधारे कथा व्यास आशीष कृष्ण जी महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रास लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढाते हुए पूतना वध, यशोदा माँ के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गौ प्रेम,

कालिया नाग का मान मर्दन, माखन चोरी, गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया। उन्होंने कहा कि आमंत्रण मिलने के बाद भगवान श्रीकृष्ण के बडे भाई बलराम जी के साथ मथुरा को प्रस्थान करते है। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास जी के द्वारा बीच-बीच में सुनाई गई भजनों से श्रोतागण भावविभोर हो रहे है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा विचार, वैराग्य ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। कलियुग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलियुग में मानस पुण्य सिद्ध होते है परंतु मानस पात्र नहीं होते कलियुग में हरिनाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है। इसके लिए कठिन तपस्या और यज्ञ आदि करने की आवश्यकता नहीं है।

नगर में बढ़ते अतिक्रमण को चिन्हित करने को अधिकारियों ने किया निरीक्षण

फारूक अंसारी
दैनिक समाज जागरण

स्योहारा। मे पुलिस क्षेत्र अधिकारी धामपुर शुभ सुचित, ए क शर्मा एई नजीबाबाद,जेई अवनीश वर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी, कस्बा लेखपाल बिजेंद्र चौहान आदि टीम धामपुर मुख्य मार्ग पर मिल तिराहे के पास अतिक्रमण को लेकर चिन्हिकरण करने पहुंची। लोक निर्माण विभाग सड़क के मध्य से 49 फिट तक अपनी संपत्ति मान रहा है। बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग दुकानदारों को दो बार नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने को कह चुका है। दुकानदारों का आरोप है

कि विभाग द्वारा दिये गये नोटिस में किस दुकानदार ने कितना अतिक्रमण कर रखा है ये भी नहीं लिखा हुआ है। स्थानीय दुकानदारों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मानक स्थिति साफ करने को कहा है। जेई अवनीश वर्मा ने बताया कि नगर भर में अलग-अलग मानकों के अनुरूप भू स्वामियों को नोटिस दिया गया था, ताकि वह अपने अवैध कब्जे को हटा ले। लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी जब कुछ लोगों द्वारा अपना अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है जिसको शीघ्र हटाया जाएगा। जबकि दुकानदारों का कहना है कि उनको 33 फीट का नोटिस दिया गया था, जिसको हटा लिया गया है जबकि अब जो नोटिस चस्पा किए गए 49 फिट के है।

गुलदार ने किया युवक पर जान लेवा हमला जिससे युवक हुआ घायल

फारूक अंसारी
दैनिक समाज जागरण

धामपुर रेहड़ गांव मच्छमार में पशुओं को चारा डालने जा रहे युवक पर

घात लगाए बैठे गुलदार ने हमला कर जख्मी कर दिया।परिजनो ने युवक को उपचार के लिए पीएचसी कासमपुरगढ़ी में भर्ती कराया।

शाम को रेंज के कैंप कार्यालय पर यूपी और उत्तराखंड के वन अधिकारियों की गुलदार से सुरक्षा को लेकर संयुक्त बैठक चल रही थी। उधर गांव मच्छमार में शाम आठ बजे के करीब गांव का ही घनेंद्र 20 वर्ष पुत्र वीरेंद्र सिंह गांव में ही र-विदास धर्मशाला के समीप स्थित पशुशाला में पशुओं को चारा डालने जा रहा था। तभी सड़क के किनारे झाड़ी में घात लगाए बैठे गुलदार ने युवक पर अचानक हमला कर दिया ओर झ-ाड़ी में खींच कर ले जाने लगा। घनेंद्र के संघर्ष करने व शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग निकला। परिजनों ने घायल युवक को उपचार के लिए पीएचसी कासमपुरगढ़ी पर भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया।वहीं इससे कुछ देर पूर्व ही गांव का राजू गुलदार के हमले से बाल बाल बचा। गुलदार ने उसके पैरों पर पंजा मार कर घायल कर दिया। ग्रामीणों के आने पर गुलदार भाग निकला।आबादी के नजदीक गुलदार की आमद व हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल है।उन्होंने गुलदार के पकड़े जाने की मांग की है।

धूमधाम से हुआ सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

दैनिक समाज जागरण
संवाददाता, मोनू शर्मा,

माधोगढ़ जालौन महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित हुए सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ में 23जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई तो चार जोड़े ने निकाह कुबूल किया। इस दौरान मौजूद अतिथियों ने सभी नवयुगल को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। माधोगढ़ नगर के महक गेस्टहाउस में महाकाल सेवा समिति की ओर से सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ में मुख्य अतिथि चेयरमेन राघवेंद्र व्यास ने कहा कि सामूहिक विवाह की अवधारणा से शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगी है। ऐसे परिवार जिन्हें बेटियों के विवाह के लिए साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था उन्हें इस प्रकार के आयोजन से काफी हद तक लाभ मिलता है। सर्वसमाज को ऐसे आयोजनों में भाग लेना चाहिए।समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भी इस

परंपरा को बढ़ाना देना चाहिए ताकि और लोग जागरूक हो सकें। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जहां 23जोड़ें ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक दूसरे को वरमाला पहनाकर साथ जीने मरने की कसम खाई वहीं चार जोड़ों ने निकाह कुबूल किया।

सहानपुर में सांप के काटने से हुई मोहल्ला सानिया निवासी फैजान की मौत

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण

बिजनौर /नजीबाबाद /साहनपुर बीती रात्रि सांप के काटने से मोहल्ला सानियान निवासी फैजान पुत्र अजमतुल्लाह की मौत हो गई है फैजान रात को अपने कमरे में बेड पर सो रहा था तभी किसी समय सांप ने काट लिया और उसकी आज सुबह मौत हो गई, परिवार वालों का कहना है कि रात में फैजान खाना खाकर अपनी पत्नी के साथ कमरे में सोया था रात को लगभग 2:00 बजे के आसपास फैजान की अम्मा शौच क्रिया के लिए उठी शौच क्रिया करने के बाद वह सोने जा ही रही थी तभी फैजान की पत्नी की चीखने की आवाज आई फैजान की अम्मा ने पूछा क्या हुआ और सभी कमरे की तरफ दौड़े कमरे की लाइट जला कर देखा तो वहां पर मैज के ऊपर सांप पड़ा हुआ था फैजान ने अपने परिवार वालों को बताया कि सांप ने मुझे काटा है , परिवार वाले घबरा गए आनन-फानन में सभी लोग फैजान को देखने लगे इतनी देर में सांप का कुछ पता नहीं चला वह किधर गया तभी परिवार वाले फैजान को लेकर हकीम वे डॉक्टरों के पास भागे लेकिन फैजान को बचा नहीं पाए रविवार की सुबह फैजान की मौत हो गई ज्ञात हो कि फैजान के

पिता आजमतुल्लहा एक सहानपुर के चर्चित शादाब हत्याकांड में जेल में बंद है सहानपुर में यह खबर आग की तरह फैल गई साहनपुर वासी सभी फैजान की घर की ओर दौड़ पड़े फैजान के घर के आस-पास जंगल का एरिया है ,उसी को देखते हुए घर के पास ही एक और सांप दिखाई दिया जिसे लोगों की भीड़ ने डंडे बजा कर मार डाला।

महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा के बारे में जागरूक किया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद के धाता थाना क्षेत्र मे मिशन शक्ति के तहत धाता कस्बे के अब्दुल कलाम नगर में आयोजित मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान के माध्यम से बच्चियों एवं महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं मिशन शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बच्चियों को महत्वपूर्ण

हेल्पलाइन नंबरों के बारे में 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 102 स्वास्थ सेवा 108 एंबुलेंस सेवा 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078 181 112 आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। इस अवसर उपनिरीक्षक आशुतोष सिंह महिला कांस्टेबल विभा तिवारी,पूनम देवी व अन्य पुलिस कर्मचारी आदि लोग उपस्थित रहे ।

थाना खखरेरू का सिपाही नेताओं से लेकर उच्च अधिकारियों तक के लगा रहा गणेश परिक्रमा

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता
आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद फतेहपुर के थाना खखरेरू में आरक्षी शुभम सिंह मुंशी के पद पर कार्यरत है जहां बीते महीने पुलिस हेडक्वार्टर से तबादला करते हुए जीआरपी हेडक्वार्टर लखनऊ में संबध किया गया था।जहां यह आदेश जारी हुआ कि जिनके तबादले हुए वे सभी तत्काल प्रभाव से अपनी ड्यूटी ज्वाइन करें।जहां आपको बताते चले कि विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना खखरेरू में आरक्षी शुभम सिंह जो कि जनपद जौनपुर के निवासी हैं।वह अभी भी अपना पुराना थाना खखरेरू से मोह माया नहीं हटा पा रहे हैं। जहां आपको बताते चले कि तबादला लिस्ट में शुभम सिंह जिसका पीएनओ नंबर 162461259 और लिस्ट में 33 नंबर पर है। जहां बीते दिनों से अखबारों के पन्नों पर शुभम सिंह की खबरें लगातार सुर्खियां बटोरती नजर आ रही हैं।

लेकिन जनपद फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक भी इस पर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं और वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभम सिंह की खबर प्रकाशित होने के बाद से वह नेताओं व उच्च अधिकारियों के चौखट के गणेश परिक्रमा लगाना प्रारंभ कर दिया है और सिफारिश की माध्यम से तबादला रुकवाने की कोशिश में लगे हुए है। जहां स्थानीय लोगों ने बताया कि शुभम सिंह खखरेरू थानाध्यक्ष का विशेष कमाऊ पूत है।जहां थाना क्षेत्र के अंतर्गत अगर कोई भी घटना होती है या फिर कोई भी अवैध कार्य होते हैं या किसी को किसी घटना को कोई भी अंजाम देना हो या फिर अन्य कोई काले कारनामे करने हो तो वह सीधा अब शुभम सिंह ही अपने हिसाब से देखते हैं हालांकि सोचने वाली बात हे कि एक महीने पहले हुए तबादले के बाद भी आज तक शुभम सिंह थाना में कैसे रुके हुए है? आखिर शुभम सिंह के ऊपर किसका आशीर्वाद प्राप्त है जिसके कारण रवानगी नहीं बनाई जा रही है!??

इकलौता संपर्क मार्ग सड़क बनी आफत

बारिश होते ही राशन और सब्जी लेने के लिए मोहताज हो जाते हैं किसान

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर सरकार भले कितने बड़े-बड़े दावे कर रही हो लेकिन सरकार के हर दावे पर पानी फिरता नजर आ रहा है बताते चलें विजयीपुर क्षेत्र के इकलौता संपर्क मार्ग किशनपुर से रायपुर भसरौल व सैकड़ों गांव जाने का इकलौता संपर्क मार्ग है जहां चार पहिया बाइक तो छोड़ो पैदल निकलना भी मुश्किल है बताते चलें सरकार बनने से पहले सडक बनने की सौगात दी जाती है लेकिन यहां तो रोड बनते ही पता नहीं चल पा रहा है कि रोड के नीचे मिट्टी है यह रोड के ऊपर मिट्टी है प्रदेश में योगी सरकार द्वारा चलाया गया गड्ढा मुक्त अभियान को सड़कों के जानलेवा गड्ढे कार्यों की पोल खोल रही हैं जिसको लेकर क्षेत्र के जनता भी सरकार से बहुत नाराज है आपको बता दें विजयीपुर विकासखंड के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल व गुरुवल, गढीवा,मझगवां, जलंधरपुर, पहाड़पुर, मनीपुर सेमरिया ,मडौली, अंजना भैरव, आदि और भी सैकडे गांव हैं जिसमें निकलने के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लेकिन इन सड़कों में राहगीरों को पता नहीं चलता कि दुर्घटना को कब दावत दे इसका मुख्य कारण गुरवल मौरंग घाट है कई घटनाएं भी इसी जर्जर रोड की वजह से घट चुकी हैं यमुना कटरी का यह इकलौता संपर्क मार्ग है जो बालू घाट चलने से सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है सबसे बड़ी बात यह है विद्यालय के लिए रोजाना कई सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं पढ़ने के लिए विद्यालय जाते हैं जिनको निकलने के लिए मुसीबतों का सामना करना पड़ता है कितने छात्र व छात्राएं गिरकर चोटिल हो जाते हैं इस रोड के वजह से कितने लोग अपनी पढ़ाई बंद कर दिए हैं जबकि सरकार के बाद इसके एवज में राजस्व विभाग लाखों कर वसूलते इसके बाद भी सरकार की उपेक्षा का शिकार होने का कारण मार्ग जर्जर स्थित पर है इस संपर्क मार्ग में सैकड़ों बालू से भरे ओवरलोड वाहनों का लगा रहता है जाम मरीजों को भी निकालने मैं कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है

हरदो में प्रस्तावित पानी टंकी का ग्राम प्रधान ने किया उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण जिला सम्वाददाता
आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद के खागा- नगर पंचायत क्षेत्र के हरदो ग्राम पंचायत में प्रस्तावित पानी टंकी का रविवार सुबह ग्राम प्रधान नागेंद्र यादव ने भूमि पूजन कर उद्घाटन किया उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना हर घर जल के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पानी टंकी का निर्माण होना है इसके बाद प्रत्येक घर में पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है इसी क्रम में खागा नगर पंचायत के हरदो ग्राम पंचायत में पहले से प्रस्तावित पानी की टंकी के बोरिंग के लिए रविवार सुबह ग्राम प्रधान नागेंद्र यादव ने बाबा के पुरवा गांव में भूमि पूजन कर मौजूद ग्रामीणों का मुंह मीठा करा समस्त ग्राम वासियों को पानी की टंकी की सौगात दी ग्राम प्रधान नागेंद्र यादव ने बताया हरदो ग्राम पंचायत के समस्त मजरों में इस पानी टंकी से हर घर जल योजना के अंतर्गत पानी पहुंचाया जाएगा

हमे कबीर साहेब जी की भक्ति करनी चाहिए सतभक्ति के बिना मनुष्य जीवन व्यर्थ है- संत रामपाल जी महाराज

कमल सिंह लोधा दैनिक समाज जागरण

बारां - 25 जून रविवार को संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने एलइडी टीवी के माध्यम से विशाल सत्संग समागम का आयोजन किया गया ` यह कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पचेल कला तहसील अंता जिला बारां में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया` बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन सत्संग श्रवण के लिए आए

संत रामपाल जी महाराज ने सत्संग में बताया है कि कबीर साहेब चारों युगों में आते हैं सतयुग में सतसुकृत नाम से, त्रेतायुग में मुनिन्द्र नाम से, द्वापर युग में करूणामय नाम से तथा कलयुग में वास्तविक कविर्देव (कबीर प्रभु) नाम से प्रकट हुए है हमे कबीर साहेब जी की भक्ति करनी चाहिए सतभक्ति के बिना मनुष्य जीवन व्यर्थ है। हम सभी ने सच्चे गुरु से नाम दीक्षा लेकर सतभक्ति करनी चाहिए जिससे हमें पूर्ण मोक्ष प्राप्त होगा । सतभक्ति के बल से हमें सतलोक में स्थाई स्थान प्राप्त होगा और हम सदा के लिए सुखी हो जायेंगे । सन्त जी ने बताया कि आज हम शिक्षित है हमे अपने सद्ग्रंथो में लिखे गूढ़ ज्ञान को समझना चाहिए`

आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत,

खेतों में काम करते समय हुआ हादसा, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। थाना जसराना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। किसान खेतों में पड़ी मूग की फसल तोड़ रहा था, बारिस के साथ गिरी आकाशिय बिजली से उसकी मौत हो गई। परिजन गंभीर हाल में किसान को अस्पताल ले गए, जहां से उसे आगरा रैपर कर दिया रास्ते मे ही किसान ने दम तोड़ दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जसराना थाना क्षेत्र में गांव उस्मानपुर निबासी किसान विजयपाल उर्फ करू पुत्र रामसेवक (48) सुवह 10 बजे खेत में खड़ी मूँग की फसल को तोड़ने के लिए गया था। दोपहर 1 बजे करीब बारिश होने लगी, जिससे बचने के लिए किसान

जामुन के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी दौरान अचानक गरज के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। घटना में किसान गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन घायल किसान को अस्पताल ले गए, जहां उसकी उपचार के लिए आगरा रैपर कर दिया। आगरा जाते समय रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर तहसील की टीम के साथ पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के दो बेटे हैं। तहसीलदार लालता प्रसाद ने बताया किसान को देवीय आपदा कोष से त्वरित आर्थिक मदद दिलाया जाएगा। इंस्पेक्टर सचिन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

निवासी प्रमोद कश्यप ने अपने दो बीघा खेत का पूरा गन्ना का रस निकलवाकर दर्शन करने आये श्रद्धालुओ की सेवा में लगा दिया।

पल पल की जानकारी लेते रहे एसपी ग्रामीण

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद । जसराना स्थिति मां कामाख्या के दर्षन को उमडी भक्तो की भीड को देखते हुए एसपी ग्रामीण कुमार रण्विजय सिंह जसराना थाना प्रभारी से मंदिर परिसर की स्थिति का पल पल का जायजा लेते हुए नजर आये। पर्यटन मंत्री ने किये दर्शन, कामाख्या धाम का विकाश कराने का किया बायदा

ज्सरानाः अम्बूबाची महोत्सव के दौरान रविवार को मां के पट खोले गये जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार

के पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने मां के दर्शन कर विध विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रदेश के मुखिया ने मंदिरो एवं पर्यटन स्थानो के लिये बहुत कुछ किया है। जसराना के मांकामाख्या मंदिर के विकाश पर बोलते हुए कहा कि एक टीम भेजकर मंदिर के आसपास का निरीक्षण कराकर मंदिर के विकाश के लिये काम कराया जायेगा जिससे आना बाला अम्बूबाची महोत्सव और भी भव्य हो।

कानपुर में तीन डंपरों में भिड़ंत के बाद लगी आग, एक मरा , पांच गम्भीर

सुनील बाजपेई

घाटमपुर क्षेत्र के सागर हाईवे पर हादसे से घंटों लगा जाम, मृतक की शिनाख्त नहीं

कानपुर। आज यहां रविवार सुबह घाटमपुर थाना क्षेत्र में भीषण हादसा हो गया। यहां सागर हाईवे पर तीन डंपरों की आमने सामने भिड़ंत हो गई, जिससे तेज धमाके के साथ आग लग गई और डंपर धूं धूंकर जल उठे।

बाद में सूचना पर पहुंची दमकल ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इस घटना में मरने वाले की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस उसका पता लगा रही है।

घाटमपुर कानपुर-सागर हाईवे पर हादसा जहांगीराबाद गांव के पास चीनी मिल गेट के ठीक सामने हुआ। दमकल कर्मियों ने उन्नाव निवासी 30 वर्षीय मुलायम, चचेरा भाई दीपेश, मैथा निवासी 35 वर्षीय प्रदीप, उन्नाव के भैया खेड़ा निवासी 40 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र गया प्रसाद, हरसिंहपुर गांव निवासी 30 वर्षीय सचिन को बचाया है। पुलिस ने बताया कि सभी को घाटमपुर सीएचसी के बाद कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। इस हादसे के बाद से कानपुर - सागर हाइवे पर लम्बा जाम लग गया, जिसे करीब दो घंटे बाद बहाल कराया जा सका।

भोपाल/ रायसेन। आगामी 27 जून को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य प्रदेश के तहत आने वाले शहडोल जिला आगमन को लेकर समय पूर्व ही प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री रामखेलावन पटेल मंत्री मीना सिंह सांसद हिमाद्री सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जगह-जगह निरीक्षण किया और शुभ अवस्थित व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश प्रशासन के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दिए ज्ञात हो कि 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शहडोल जिले में दौरा कार्यक्रम निर्धारित है जिसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

रानी दुर्गावती के 459वे बलिदान दिवस में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में पहुंचे वरिष्ठ कोंग्रेस नेता जयंत मनहर

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर। सरकंडा अशोक नगर स्थित गोंडवाना भवन में गोंड भूमकाल और सर्व आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वाधान में महारानी दुर्गावती जी के 459वे बलिदान दिवस को, मातृ शौर्य दिवस के रूप में

मनाया गया। उस्लापुर ओवर ब्रिज का नामकरण रानी दुर्गावती जी के नाम पर किया गया है, जहाँ उनकी पूजा अर्चना की गई। इसके बाद बाइक रैली निकाली गई। उस्लापुर से रैली देवकीनंदन चौक पहुंची जहाँ रानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात देवकीनंदन चौक से रैली सीधे मुख्य कार्यक्रम स्थल गोंडवाना भवन पहुंची। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बी दलाई नायक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वंदना हॉस्पिटल के संचालक डॉ. चंद्रशेखर उइके द्वारा किया गया। अतिथियों में प्रदेश अध्यक्षा महिला प्रभाग श्रीमती वंदना उइके, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मस्तूरी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयंत मनहर, डॉ. सुजाता नायक तथा मस्तूरी जनपद अध्यक्ष रामनारायण राठौर, उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रधान, महासचिव राजीव ध्रुव, जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सियाराम नेताम, कोषाध्यक्ष धनेश्वर नेताम, संरक्षक डी पी भूपाल, पी एस पट्टा, डी पी ठाकुर, के एस ठाकुर, देवसिंह पोरते, शशि ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वरी जगत तथा सभी सामाजिक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संपूर्ण मध्य प्रदेश क्षेत्र में पहुंचा मानसून, कई जिलों में जोरदार बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

सीएल गौर,भोपाल। दक्षिण पश्चिम मानसून मध्य प्रदेश के पूर्वी अंचल के जिलों से प्रवेश करने के एक दिन बाद रविवार को पूरी तरह पहुंच गया है इसके प्रभाव से अनेक स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। रविवार को

राजधानी भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, भिंड, गुना, खजुराहो, रायसेन, शिवपुरी, मंडला और सागर समेत प्रदेश के कई जिलों में पानी गिरा। बारिश की वजह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान गिरा है। अब मौसम में ठंडक घुल गई है।मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ने कल मंडला, बालाघाट जिले में प्रवेश किया था। आज पूरे मध्यप्रदेश में पहुंच गया। बीते 24 घंटों में रीवा, इंदौर और उज्जैन संभागों के जिलों में अधिकांश स्थानों पर बारिश हुई है। वहीं भोपाल, चंबल और शहडोल संभागों के जिलों में अनेक स्थानों पर भी वर्षा हुई है। जबकि, ग्वालियर और सागर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर तथा जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश हुई। इधर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में मौसम शुष्क रहा वहीं भोपाल संभाग के तहत आने वाले सभी जिलों में रविवार की शाम से जोरदार बारिश होना शुरू हो गई देखते ही देखते बारिश से गलियां वह पढ़ें और अन्नदाता किसानों के खेतों में भी पानी भर गया। खरीफ की फसल धान के लिए मानसून की बरस सर्वश्रेष्ठ मानी जा रही है क्योंकि अभी किसानों ने खेतों में धान की रोक लगा रखी है जी होने के बाद धान की रोपाई का काम शुरू हो जाएगा लोग भी मानसूनी वारिस का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे थे इंद्रदेव ने प्रसन्न होकर रविवार की शाम से अचानक जोरदार बारिश करना शुरू कर दिया शहर की गलियों में पानी यो में भी भरपूर पानी बहते हुए दिखाई दिया शहर के खाली पड़े प्लाटों में भी पानी भर गया है कुल मिलाकर अब मध्य प्रदेश क्षेत्र में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश होने की संभावना व्यक्त की जा रही है । अच्छी बात होने के कारण किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं उन्हें पूरी उम्मीद है कि आगामी समय में खरीफ की धान फसल का अच्छा उत्पादन हो सकेगा क्योंकि समय पर ही मानसून ने दस्तक दी है और आगामी समय में भी मानसून सक्रिय रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

विज्ञान से भी ऊपर है ब्रह्माकुमारीज का ज्ञान - गोपाल वर्मा

सीएल गौर, बागेश्वर धाम समाचार

कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थी एवं समाजसेवियों का किया सम्मान

रायसेन। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुखर्जी नगर सेवा केंद्र में समाजसेवियों एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। इस समय एसडीएम गोपाल वर्मा ने सभी बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने समाजसेवी सम्मलेन के उदेश्य की जानकारी देते हुए कहा कि समाज सेवा दो प्रकार की है - एक वो जो रोटी, कपडा, मकान, विद्या और औषधि देता है, जिस दिशा में आज हजारों-लाखों संस्थाएं कार्य कर रही हैं और आवश्यक भी है। दूसरा है समाज सुधारक, ब्रह्माकुमारीज संस्थान भी समाज सुधारक के रूप में अपनी सेवाएं दे रही है। इसी उदेश्य के साथ यहाँ सम्मलेन आयोजित किया गया है जिससे हर समाज सेवी समाज सेवा के साथ एक समाज सुधारक भी बन सके, समाज के संरक्षक भी बन सकते हैं। ईश्वरीय नियमों को जीवन में आत्मसात करने वाले समाजसेवी निरंतर समाज उत्थान में अहम योगदान दे सकते हैं। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज सेवा वही कर सकते हैं जिनके अंदर त्याग है, त्याग के बिना कभी सेवा नहीं हो सकती। समय, श्वांस, संकल्प, तन, मन और धन निःस्वार्थ रूप से सेवा में लगाने वाले समाज सेवी ही समाज को सकारात्मक दिशा में ले जा सकते हैं। समाज सेवा के लिए स्व परिवर्तन बहुत जरुरी है, क्योंकि जो स्वयं में

परिवर्तन लाता है वही समाज में परिवर्तन ला सकता है। एसडीएम गोपाल वर्मा जी ने अपनी शुभ भावनाएं रखते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज का आध्यात्मिक ज्ञान, विज्ञान से भी ऊपर है इसकी आज के समाज को सख्त जरुरत है। विद्यालयों में नैतिक मूल्यों के ज्ञान का अभाव है। एक समय था जब श्रवण कुमार ने अपने माता-पिता को अपने कन्धों पर उठाकर सभी तीर्थ यात्रायें कराई लेकिन आज के श्रवण कुमार अपने वृद्ध माता पिता को ऑटो में बिठाकर कहीं भी अनजान जगह छोड़कर आ जाते हैं। यहाँ कई प्रकार के समाजसेवी बैठे हैं जो देश और दुनिया में कई प्रकार की समाज सेवा कर रहे हैं लेकिन आज जरूरत है सभी को जागरूक करने की, आध्यात्मिक ज्ञान की, जो लोगों के अंदर के मूल्यों को जगाये। आखिर कितने वृद्धाश्रम खोले जायेंगे, कितने समाज सेवी संस्थाएं खोली जाए! जरुरत है एक ऐसे ज्ञान की जो लोगों को लाचार और बीमार होने से बचाये। हम सभी समाज सेवकों की जो जिंदगी है गुलाब के पौधों जैसी है, जिसमें बहुत सारे कांटे हैं लेकिन अथक परिश्रम से उन काँटों के बीच जो फूल निकलता है तो काफी सुन्दर लगता है, जिस दिन हम सभी समाज सेवियों के अंदर आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्य आ जायेंगे उस दिन समाज भी गुलाब की खुशबू से महकेगा। ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी समाजसेवियों एवं प्रतिभावान बच्चों का सम्मान फटका एवं फूल गुलदस्ता, प्रशस्ति पत्र देकर किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी अतुल शाह, राजकुमार सराफ, सुचिता सोनी, वेद प्रकाश शर्मा, मोहनलाल भावसार, अरुण कुमार सोनी, राजाराम राजपूत, प्रिंस राजपूत, चारु सक्सेना आदि अधिक संख्या में भाई-बहन उपस्थित रहे।

सुने मकान में चोरों ने किया हाथ साफ,सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी किया पार

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (26 जून)जिले में लगातार हो रही चोरियो से आमजन भयभीत है जिससे पुलिस की कार्यप्रणाणी पर सवालिया निशान लग रहा है।आये दिन जिले के किसी न किसी क्षेत्र में चोरी की घटना ने पुलिस की सुरक्षा पर सवाल के साथ ही लोगो को दहशत में डाल दिया है।ऐसी ही एक चोरी शनिवार रात ससुराल गए व्यक्ति के सुने मकान में हुई जहाँ चोरों ने सुनेपन का फायदा उठाते हुए लाखों रुपए के जेवरात सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी अनुसार किरनापुर पुलिस थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 14 आंबेडकर नगर में चोरों ने मानसिंह पिता खुशियाल सिंह राणा के घर का ताला तोड़कर घर में रखी दो आलमारियों से सोने-चांदी के जेवरात सहित 9 हजार रुपए चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौका स्थल का मुआयना कर डाग

स्क्वाड और फिंगर प्रिंट टीम को बुलवाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित मानसिंह पिता खुशियाल सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 जून को वे अपनी ससुराल किसी कार्यक्रम में आमगांव बापूटोला गए थे। उन्हें सुबह पड़ोसी के बेटे ने फोन कर बताया कि अंकल आपके घर के आगे पीछे के दोनों दरवाजे खुले हुए हैं। मैं सुबह 11 बजे आकर देखा तब तक डाग स्क्वाड एवं फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम आ चुकी थी।

पीड़ित मानसिंह राणा ने बताया कि कमरे की दोनों आलमारियों के ताले तोड़कर सोने के जेवरात में पुराने इस्तेमाली सोने का मंगलसूत्र पौने दो तोला, सोने के कान के झुमके सवा तोला, सोनी की आधा तोला सोने की 5 नाक की फुल्ली के अलावा नकदी 9 हजार रुपए चोर चुरा ले गए। बताया जाता है नगद सहित जेवरात में चोर कुल 2 लाख 20 हजार रुपये की चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने पीड़ित मानसिंह राणा वार्ड नंबर 14 आंबेडकर नगर किरनापुर निवासी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर चोरों की पतासाजी शुरू कर दी है।

दस दिन पहले हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, मामूली कहासूनी पर मामा भांजे ने बॉटल मारकर किया था हत्या

बालाघाट।(26 जून)शराब को यूं ही खराब नहीं कहा जाता क्यों कि एक घूंट जाने के बाद मरियल इंसान भी शेर बन जाता है जो कभी कभी खूंखार बन जाता है ऐसा ही एक घटना लांजी थाना अंतर्गत ग्राम कोचेवाही-टेमनी मार्ग पर हनुमान मंदिर के पीछे पलाश के जंगल में हुई ।जहाँ कृषि सेवा केंद्र व ट्रैक्टर एजेंट युवक के साथ पहले मामा भांजे ने मिलकर शराब का सेवन किया और बाद में मामूली कहा सुनी पर दोनों ने मिलकर शराब की बोतल से एजेंट के सिर पर वार करके हत्या कर दी।

मृतक की पहचान न हो सके इसके लिए आरोपियों ने उसके चेहरे पर अनेक वार करके उसका चेहरा बिगाड़ दिया था। पुलिस ने दस दिन बाद मामले का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है ।जिन्हे न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

दस दिन पहले युवक का मिला था शव

मिली जानकारी अनुसार रामप्रसाद पारधी ग्राम मोहगांवखुर्द थाना हट्टा निवासी कृषि सेवा केंद्र व ट्रैक्टर एजेंट का काम करता था। 16 जून को लोकेश कुमार पिता अशोक भागड़कर 23 वर्ष ग्राम चौंदाटोला टेमनी निवासी अपने मामा गजानंद पिता रामेश्वर कार 34 वर्ष ग्राम आवासटोला टेमनी निवासी के साथ टेमनी जा रहा था।

ये लोग किसी काम के लिए मोहारा-टेमनी मार्ग किनारे रुके थे। उसी समय एजेंट रामप्रसाद पारदी मोटरसाइकिल से आकर रुका ।बातचीत करने के दौरान उसने बताया कि उसका नाम रामप्रसाद पारधी है और वह कृषि सेवा केंद्र व ट्रैक्टर का एजेंट का काम करता है। लोकेश कुमार भागड़कर को ट्रैक्टर की आवश्यकता थी। इसलिये ट्रैक्टर के विषय में बातचीत हुई, फिर रामप्रसाद और आरोपी ग्राम कोचेवाही के एक मंदिर के पास बैठकर शराब पीने के लिए गए। शराब सेवन के बाद बातचीत के दौरान रामप्रसाद पारधी से कहासूनी हो गयी जिससे लोकेश और उसके मामा गजानंद कार ने मारपीट की और पास में पड़ी शराब की खाली बोतल उठाकर रामप्रसाद के सिर में मार दी।

पुलिस को 17 जून को सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली कि जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने जांच उपरांत संदेह के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया। इन्होंने पूछताछ में हत्या करना स्वीकार किया।

हत्या कर एजेंट के जेब से निकाले नगदी बताया गया है कि हत्या करने के बाद आरोपियों ने रामप्रसाद के जेब में रखे 10 हजार रुपये निकाल कर आपस में बराबर बराबर बाँट लिया ।रुपयें का बटवारा करने के बाद जेब में मिले कागजात सहित मृतक के मोबाइल को दूर और बैग व हेलमेट को घटनास्थल के पास फेंक दिया था। मृतक का सामान जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

लाँजी डबल मनी का मुख्य आरोपी सोमेन्द्र कंकराने ने 25 जून तक निवेशकों का रुपया वापस करने का दिया था भरोसा

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(26 जून)कभी लगजरी जीवन जीने वाला सोमेन्द्र कंकराने आज पुलिस से भागा भागा फिर रहा है ।अपने आप को अम्बानी कहने वाला लाँजी क्षेत्र का महाठग सोमेन्द्र कंकराने ने 25 जून को सभी निवेशकों का रूपए वापस करने का भरोसा दिया था, जिसको निवेशक सच मानकर 25 जून का इंतजार कर रहें थे वह घड़ी भी आ गयी जिस दिन सोमेन्द्र ने लोगो से रुपए वापस करने वादा किया था। सूत्रों के अनुसार बहुत सारे लोग सुबह से ही सोमेन्द्र के घर जमा हो गये थे लेकिन महा ठग सोमेन्द्र का कहीं अता पता नहीं चला जिससे निवेशक एक बार फिर बेवकूफ बन गए। निवेशकों के रुपए पर ऐशो आराम की जिंदगी जीने वाला सोमेन्द्र अपने आप को लाँजी क्षेत्र का अम्बानी कहता था लेकिन आज वही अम्बानी मारा मारा फिर रहा है जिसे पुलिस खोज रही है। अरबों का किया था घोटाला

लाँजी पुलिस ने डबल मनी को लेकर की थी बड़ी कार्यवाही जिसमे करोडो की नगदी समेत कई लोगो को हिरासत में लिया गया था ।पुलिस ने लोगों से दोगुना पैसा करने के नाम पर करोड़ों रुपए का फजीर्वाड़ा करने वाले कुछ अलग-अलग गिरोह के ठिकानों पर दबिश दी और करोड़ों रुपए से ज्यादा का कैश बरामद किया था।. इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सोमेंद्र समेत कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

महा ठग सोमेन्द्र कंकराने 30 दिन, 28 दिन में पैसा डबल करने का भरोसा देता था और सोमेन्द्र के दलाल रूपी एजेंट जनता को झांसा देकर उनसे पैसे ऐंठ रहे थे जिसे संज्ञान में लेकर पुलिस टीम बना कर जांच करने के बाद शुरूआती कार्रवाई में 2 अलग-अलग प्रकरणों में आरोपियों से करोड़ों से ज्यादा नकदी बरामद की गयी थी। जो लगातार जारी थी ।पुलिस ने जब गिरोह के अलग-अलग ठिकानों पर दबिश देकर कैश बरामद किया तो सभी की आंखे खुली की खुली रह गईं थी ।उस समय आरोपियों के पक्ष में भी खूब माहौल बना था लेकिन कानून के आगे किसी की एक न चली और एक एक करके सारे आरोपियों को पुलिस ने दबोच कर हवालात में डाल दिया था जिसमे सोमेन्द्र कंकराने प्रमुख आरोपी था जो आज पुलिस से छुप छुपकर जीने पर मजबूर है।

मस्तूरी में अनुसूचित जाति वर्ग का कांग्रेस से मोह भंग बिनौरीडीह में विधायक बांधी के नेतृत्व में 120 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

आधा गांव भाजपा में शमिल

बिलासपुर। मस्तूरी विधानसभा में भाजपा मैच की तरह एक के बाद एक हैट्रिक लगा रही है सीपत के हिंडाडीह में 107 फिर खपरी में 1000 और अब बिनौरीडीह में भाजपा ने 120 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिला का कांग्रेस में खलबली मचा दी है।

शनिवार को ग्राम बिनौरीडीह के आधे गांव ने कांग्रेस की अनदेखी और खोखले दावों से नाराज होकर भाजपा प्रवेश कर लिया इस दौरान मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने उन्हें भगवा वस्त्र पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई

मस्तुरी विधायक का जैसे ही बिनौरीडीह गांव में प्रवेश हुआ सैकड़ो ग्रामीण एकमत होकर बांधी जी के स्वागत के लिए उमड़ पड़े लगभग हर घर के सामने महिलाओं ने नारियल देकर विधायक बांधी का अभिनंदन किया इस दौरान नरेंद्र मोदी जिंदाबाद डॉ.बांधी जिंदाबाद के गगनचुंबी नारों से पुरा गांव गुज उठा तत्पश्चात डॉ.बांधी के पीछे पीछे ग्रामीण एक रैली के रूप में कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां भाजपा सदस्यता कार्यक्रम संपन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश के के दौरान ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर छलने का आरोप लगाया और कहा की भूपेश सरकार की कोई योजना धरातल पर नहीं है केवल पोस्टर बाजी दिखावा किया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भेंट मुलाकात कार्यक्रम सीपत में आगमन हुआ था जिसके कुछ दिन बाद सीपत मंडल के ग्राम हिंडाडीह के 107 कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थाम लिया था इसके बाद एक और बड़ा झटका कांग्रेस को तब लगा था जब बेलपान खपरी के पूरे गांव ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने का निर्णय लिया अब शनिवार को ग्राम पंचायत केंवटाडीह के आश्रित ग्राम बिनौरीडीह के 650 जनसंख्या में से लगभग 25% ग्रामीणों ने शनिवार को विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बांधी सहित मल्हार ,मस्तूरी, सीपत मंडल के पदाधिकारियों के समक्ष भाजपा प्रवेश कर सत्तासीन कांग्रेस को तगड़ा झटका दिया

कार्यक्रम के दौरान मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि अब अनुसूचित जाति वर्ग का भी विश्वास कांग्रेस से उठने लगा है यही कारण

है कि पहले गांव के गांव और अब इतनी बड़ी संख्या में लोग भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। भाजपा शासनकाल में भाजपा विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनता से जुड़ी हुई थी श्रम विभाग की योजनाओं के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति सिलाई मशीन वितरण जैसे वो काम किए जा रहे थे जो बंद कर दिया गए है, नरवा गरवा घुरवा बाड़ी के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया जा रहा हैकांग्रेस के लोगों ने श्रम विभाग को वसूली का अड्डा बना लिया है । अनुसूचित जाति का कोई ख्याल नहीं है केवल दिखावा किया जा रहा है। डॉक्टर बांधी ने कहा कि युवाओं पर विश्वास कीजिए यही युवा पूरे गांव में बदलाव करेंगे इन्हीं से गांव में विकास और क्रांति आएगी। इस अवसर पर मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी समेत दिलेन्द्र कौशिल, सन्तोष मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि द्वारिका टंडन, मिस्टर इंडिया भार्गव, सहित बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरपंच समेत 120 लोगों ने ली सदस्यता

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से सत्यम, गद्दू सुरेश पिता मंगल राज कुमार ,पिता चेतराम शेखर, पिता दिलीप, दीपक पिता गंगाराम संत कुमार, पिता लक्ष्मण नरेंद्र ,बाल सहाय ,अमित खरे, किरण खरे, हरि नंद ,सुजीत बंजारे ,अंबानी सरयू ,सुरेंद्र, रामसत्ता, विक्रम, चरण ,सुंदरलाल, कलीराम, रितु, कलीराम, लालजी ,कोदूराम ,केसर कुमार ,दुखीराम, अजय ,दुखीराम विवेक ,जवाहर अजीत, गंगाराम, निशा ,पीलू राम ,सूरज भाई मती भागीरथी, राहुल ,पूरनलाल, तारती फुल कुमारी रामअवतार, परमानंद, रविशंकर ,रमाशंकर, भगवंता, मनोज, रामदुलार, कलाराम, इंद्रजीत ज्वाला शेखर सुभाष राजेंद्र रज्जू राहुल सुमित अनिल मुकेश संतोषी मनोज आनंद संदीप चेलाराम धनीराम विनोद राजू सनोज सुभाष तुम ध्वज देवनारायण मोहन राजकुमार राजेश छोटेलाल अवध राम राम नारायण लक्ष्मी प्रसाद संतोष शांतनु चमेली बाई, अर्जुन, मन्नूलाल, गोपाल, उदयराम, चेतराम, सतीश, पूजा, प्रदीप ,मनोज, गोपाल, जोगिंदर, विक्रम, सकू, राममेहर ,उपसरपंच खम्मन केवट, लल्ला पटेल, सुखनंदन पटेल, बलिराम, राजेंद्र पटेल, श्रवण केवट ,अनुज पटेल , अभिलाषा ,रश्मि भार्गव, मालती, सुनीता, रंजीता, खुशबू , मालती, विमला, राजकुमारी ,सरोजिनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण बीजेपी में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री के 9 साल बेमिसाल को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई प्रेस वार्ता

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी एवं सांसद भार्गव ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की बताई उपलब्धियां

रायसेन। भारत सरकार के मुखिया देश के सफल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रधानमंत्री के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत जिला भाजपा कार्यालय रायसेन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी क्षेत्रीय सांसद रमाकांत भार्गव जिला भाजपा संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा भाजपा नेता राकेश तोमर, बृजेश चतुवेर्दी, रामकुमार साहू सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस अवसर पर पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं क्षेत्रीय भाजपा विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत देश निरंतर तरक्की कर रहा है इस समय हमारा देश पूरे देशों में अलग पहचान बनाए हुए हैं हर स्तर पर भारत उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जोगेंद्र की कार योजनाएं बनाई गई हैं जिनका लाभ पूरे देश भर में आम जनता के लिए मिल रहा है हम कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री जी का 9 वर्ष का कार्यकाल बहुत ही बेमिसाल रहा है उन्होंने कहा कि चाहे प्रधानमंत्री सड़कों की बात हो चाहे बेरोजगारों को रोजगार की बात हो और चाय प्रदेशों में उद्योग लगाने की बात हो या अन्य आम जनता से जुड़ी कई जनहित की कार योजनाएं हो सभी का क्रियान्वयन मोदी जी के नेतृत्व में सफल रहा है इसी प्रकार से हमारी मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश भी कई क्षेत्रों में तरक्की कर रहा है चाहे प्रदेश की तीर्थ दर्शन योजना हो और चाहे

लाड़ली लक्ष्मी योजना हो सभी में हमारा प्रदेश अब्बल चल रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता के हित में अनेक कार्य योजनाएं शुरू की गई है जिनका लाभ आम जनता के लिए सीधे मिल रहा है बेरोजगारी की दिशा में भी सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी प्रदेश निरंतर तरक्की कर रहा है अस्पतालों का उन्नयन किया जा रहा है मध्य प्रदेश के लोगों के लिए समय पर बेहतर उपचार मिल रहा है इस दिशा में हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि लोगों को समय पर उपचार मिले और किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए हम कार्य योजना बनाकर काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल सांची में देश का दूसरा सोलर प्लांट लगने जा रहा है जो प्रदेश सरकार की अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है जिसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय सांसद रमाकांत भार्गव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश उन्नति की ओर अग्रसर है आम जनता के लिए इतनी सारी कार्य योजना है उन्होंने बनाई है कि जिसका लाभ जनता को सीधे मिल रहा है । उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहतर सड़कें बनाई गई हैं और कई सड़कों का उन्नयन कार्य व्यापक स्तर पर चल रहा है स्वास्थ्य सेवाओं में भी प्रदेश बेहतर उन्नति कर रहा है किसानों के लिए भी केंद्र सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना चलाकर किसानों के हित में बेहतर काम किया गया है जिसका लाभ प्रदेश के लाखों किसानों को मिल रहा है उन्होंने कहा कि आगे चलकर है राशि सम्मान निधि बढ़ाई जा रही है इसी प्रकार से लाडली लक्ष्मी योजना हो या लाडली बहना योजना हो इसमें भी ज्यादा से ज्यादा लाभ बहनों को मिलेगा इसके लिए प्रदेश सरकार बेहतर काम कर रही है।

अलग अलग दुर्घटना में दो की मौत,एक ट्रेक्टर के तो दूसरा ट्रेन की चपेट में आकर गवाई जान

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(26 जून)जिले में दो अलग अलग दुर्घटना में दो लोगो की मौत हो गयी। पहली घटना किरनापुर थाना क्षेत्र के नेवरगांव और खारा मार्ग की है जहाँ तेज रफ्तार ट्रैक्टर से नीचे गिरने के बाद ट्रैक्टर की चपेट में आए मजदूर की मौत हो गई ।घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फुट पड़ा, ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रैक्टर चालक लापरवाही एवं तेज रफ़्तार से ट्रैक्टर को चलाते है जिससे दुर्घटना घटित होती है जिसको लेकर घटनास्थल पर ग्रामीणों की काफी भीड़ एकठ्ठा हो गयी थी।

ट्रैक्टर में हमाली का काम करने वाला बोडुंदाकला निवासी युवक काजू पिता चंदूलाल नगाड़े खाली ट्रैक्टर पर बैठकर वापस लौट रहा था। ट्रैक्टर के तेज रफ्तार में होने से बैठा हमाल झटके से नीचे गिर गया और चक्के की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल को निजी वाहन से अस्पताल लाया जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। उसके बाद मृतक को वापस घटनास्थल पर लाया गया, जहां पर

बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी लोगों का आक्रोश इस बात को लेकर था कि समय पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची, वरना युवक को बचाया जा सकता था। फिलहाल घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंच कर मामले को संभाला और कागजी कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

जिले के नवेगांव ग्रामीण थाना क्षेत्र के बंदर झिरिया रेलवे ट्रैक पर गोंदिया बालाघाट ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई है। इस घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने मृतक की पहचान कोसमी बंदर झिरिया निवासी 65 वर्षीय प्रीतमलाल पिता तिलक लाल कटरे के रूप में की। उसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को जिला अस्पताल में लाया।

रविवार की सुबह करीब 6 बजे गोंदिया से जबलपुर गढ़ा की ओर जाने वाली ट्रेन बालाघाट के समीप बंदर झिरिया के पास पहुंची थी। तभी रेलवे लाइन को पार करने के दौरान वृद्ध ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बंदर जिला क्षेत्र में सुबह-सुबह हुई इस घटना से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। यहां ट्रेन से कटने की वारदात होते रहती है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

सांसद, विधायक और स्वास्थ्य मंत्री ने रायसेन जिले के प्रबुद्धजन सम्मलेन में रखे विचार,, कहा कांग्रेस पार्टी की तानाशाही और अत्याचार ने लोकतंत्र की हत्या कर पूरे देश को जेल बना दिया था

रायसेन से सीएल गौर,

रायसेन। विगत 2014 से लेकर आज 2023 तक की यात्रा में विश्व का कोई नेता, कोई देश हो वह भारत की बढ़ती ताकत का गवाह है। चाहे ओद्योगिकीकरण की बात हो या उर्जा शक्ति का क्षेत्र हो। चाहे भारत की दोस्ती के रूप में अन्य राष्ट्रों से सम्बन्ध की बात हो, आज भारत एक शक्ति के रूप में उभरा है। उस शक्ति के पीछे आपातकाल के समय लोकतंत्र की रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) की तपस्या है। आपने आपातकाल के दौरान जो त्याग किया उसके कारण आज भारत का मान- सम्मान बढ़ा है और मोदी सरकार पूरी शक्ति के साथ काम कर रही है।

यह बात विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री रमाकांत भार्गव ने रविवार को रायसेन के प्रेसिडेंसी कॉलेज में प्रबुद्ध जन सम्मेलन में कही।

कांग्रेस के अत्याचार को देश भुला नहीं सकता,,

पूर्व मंत्री एवं सिलवानी विधायक रामपाल सिंह ने कहा कि 25 जून याद दिलाता है कि किस प्रकार नेहरू-गांधी और कांग्रेस पार्टी की तानाशाही और अत्याचार ने लोकतंत्र की हत्या कर पूरे देश को जेल बना दिया था। उस समय घर में सोए हुए निदेशों को जेल भेज दिया गया, 3800 अखबार जब्त किये गये, 327 वरिष्ठ पत्रकारों को मीसा में बंद कर दिया। लोकतंत्र व संविधान को दबाने, कुचलने वाले उन डरावने दिनों और कांग्रेस के अत्याचार को देश कभी भूल नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि 70 के दशक में इंदिरा गाँधी ने न्यायपालिका को पंगु बना दिया था। आज उन्हीं के वंशज एक बार भी आपातकाल में किये अत्याचार के लिए माफी मांगने को तैयार नहीं है। आज भी गाँधी-

नेहरु परिवार में वंशवाद, परिवारवाद चल रहा हैं। आज भी यह लोग इसी अहंकार के साथ काम कर रहे है। हम सबने देखा कि 2004 से 2014 के बीच केंद्र में रही सरकार में प्रधानमंत्री छोटा और गाँधी परिवार बड़ा होता था, इनके युवराज ने संसद में बिल फाड़कर बता दिया की गाँधी परिवार सरकार से बड़ा है। यह देश के बाहर जाकर देश को बदनाम करते है। उन्होंने कहा कि कुछ विदेशी ताकतें वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत के बढ़ते मान- सम्मान से घबराई हुई है। ये देश विरोधी ताकतें भारत की तरक्की को रोकना चाहते है और दुर्भाग्य से ही देश के कुछ नेता इनके टूलकिट बनकर काम कर रहे है।

रायसेन संगठन के प्रभारी सुधीर अग्रवाल ने कहा कि यह कैसी विडम्बना है कि लोकतंत्र के महान सिपाही राम मनोहर लोहिया तथा लोक नायक जय प्रकाश जैसे महान नेताओं के नाम पर तीन दशकों से राजनीति चलाने वाले ह्रतथाकथित अनुयायीह्व ने सत्तापिपासा में अपनी विचारधारा को तिलाजंलि देकर देश को जेल बनाने वाले तानाशाही गांधी परिवार के चरणों में लेट गए हैं। उन्होंने ने कहा कि वंशवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार की तिकड़ी का जमावड़ा सिर्फ मुंगेरी लाल का सपना देख रहा है, लेकिन देश की जनता इनकी सच्चाई जान रही है कि ये लोग देश को कमजोर देखना चाहते हैं। यह गठजोड़ देश में एक कमजोर और लाचार सरकार चाहता है, ताकि उन्हें सत्ता का सुख मिलता रहे। अपने परिवार का कल्याण हो सके, भ्रष्टाचार के बंद दरवाजे फिर से खुल सकें। लेकिन देश की जनता विपक्ष के इस मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि देश की जनता इन सत्तालोलुपों की सिद्धांतविहीन गठजोड़ की कमजोर और लंगड़ी सरकार नहीं चाहती है। देश की जनता दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मजबूत और तगड़ी सरकार चाहती है, ताकि भारत विश्वगुरु बने, सशक्त और समृद्ध भारत बने।

भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन देशभर में काले दिन के रूप में जाना जाता है। 25 जून 1975 को कांग्रेस की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र को कुचलने का काम किया था। प्रबुद्धजनों ने आपातकाल के दंश को झेला है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए कई लोगों ने अपने जीवन को भी समर्पित कर दिया था। इंदिरा गांधी सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों को जबरन जेल में ठूंसकर उन्हें प्रताड़ना दी। उन्होंने कहा कि आपातकाल की क्रूर यातनाएं कैसी थी यह आज की नई पीढ़ी भी जाने ताकि उन्हें यह पता हो की इंदिरा गांधी सरकार ने किस तरह उस दौर में देश को बंधक बनाया था। श्री शर्मा ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि देश को आपातकाल थोपने वालों में एक कांग्रेसी नेता अब मध्यप्रदेश को अंधकार में ले जाने के लिए कोशिश कर रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि साल 2014 से पहले आई महामारियों में कांग्रेस सरकार विदेशों पर निर्भर रहती थी। कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत में दो कोविड वैक्सीन का निर्माण कर 220 करोड़ लोगों का वैक्सीनेशन हुआ एवं 160 देशों को भी हमने वैक्सीन भेजी। मोदी जी के नेतृत्व में आज उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, अन्नपूर्णा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित कई योजनाओं और अभियान से गरीबों के सपने साकार हो रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने कभी गरीबों के सपने पूरे करने का विचार तक नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लोकतंत्र को सशक्त करने और भारत का सम्मान विश्वभर में और अधिक बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाये जा रहे हैं। कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता एवं सक्रिय कार्यकर्ता सहित जिले के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में बागेश्वर धाम सरकार की भागवत कथा के लिए निकाली गई शोभा यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

बागेश्वर धाम सरकार के लिए घर छोड़कर कलश शोभा यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु, सड़कों पर पैर रखने जगह नहीं

भोपाल/राजगढ़ से सी एल गौर,

विश्व प्रसिद्ध श्रीमद् भागवत कथा एवं राम कथा वाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण जी महाराज बागेश्वर धाम सरकार की आयोजित होने वाली कथा के लिए रविवार को मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के खिलचीपुर कस्बा में ऐतिहासिक कलश शोभा यात्रा आयोजकों द्वारा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्याओं में श्रद्धालु अपने अपने घरों से निकाल कर शोभा यात्रा में शामिल हुए जहर देखो उधर बागेश्वर धाम सरकार के भक्तों की नजर आ रही थी जहां से कलश सो यात्रा निकाली वहां जाम की स्थिति दिखाई दी लाखों की संख्या में भक्ति राम भाग लेने के लिए

शामिल हुए जिसे देखने में आया कि भक्तों की कारण पैर रखने के लिए जगह भी नहीं रही श्रद्धा और विश्वास की बात है की राजगढ़ जिले के खिलजीपुर का सभा में पहली बार परम पूज्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण जी महाराज बागेश्वर धाम सरकार की कथा का आयोजन हो रहा है जिसे लेकर संपूर्ण राजगढ़ जलाशय आसपास के जिले के भक्तों में भी गजब का उत्साह नया आ रहा है यात्रा से सिद्ध हो गया है कि जब बागेश्वर धाम सरकार की कथा शुरू होगी तो लाखों की संख्या में वहां श्रद्धालु पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी....काम करने निकला था घर से, बबूल के पेड़ पर झूलती मिली लाश

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

मस्तूरी। पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सोन पड़ियाइन के पास शनिवार को एक खेत के मेड़ में एक युवक की लाश फाँसी पर झूलती हुई मिली थी, मामले में परिजनों को सूचना मिलते ही उन्होंने इसकी जानकारी पचपेड़ी थाने को दी जिन्होंने मौके पर पहुँचकर पाया कि ग्राम सोन निवासी देवानंद मनहर पिता मोहित मनहर उम्र 35 वर्ष की लाश बबूल के पेड़ पर फांसी पर लटकी है और उसकी मौत हो चुकी है, परिजनों के अनुसार मृतक किराए के पिकअप में सामान लेकर पामगढ़ काम करने की बात

कहकर निकला था, जिसकी लाश फांसी के फंदे पर मिली है, वही परिजनों ने यह भी बताया कि मृतक शराब पीने का आदि था। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

डीजे पर गाना बजाने को लेकर बाराती घराती आपस में भिड़े

जुनैद अहमद, समाज जागरण

रतसड़ (बलिया) : शादी समारोह के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर शनिवार रात घराती और बराती भिड़ गए। दोनों पक्षों में हुई मारपीट में एक दर्जन घायल हुए हैं। घायलों को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।

नरही थाना क्षेत्र के मझरियां,कोट अंजोरपुर गांव से मुनीब यादव के बेटे आलोक यादव की बारात गड़वार थाना क्षेत्र के पृथ्वीबांध निवासी गोरख नाथ यादव के घर शनिवार की रात पहुंची थी। द्वारचार के समय डीजे पर घराती और बराती नाच रहे थे। भोजपुरी गाने बजाने को लेकर घराती व बराती आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में बराती पक्ष के विनोद

यादव, अजय यादव, आशीष यादव, कृष्णा यादव, पंकज यादव घायल हो गए। जब कि घराती पक्ष के जयमंगल यादव, चन्दन यादव, प्रियांशु यादव, विशाल यादव, सत्य प्रकाश यादव एवं अंकित यादव घायल हुए। घायलों को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों ने नरही थाना क्षेत्र के कोट अंजोरपुर निवासी विनोद यादव (36) पुत्र नंद किशोर यादव की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रात में ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मारपीट से बरातियों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणो की सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने विवाद शांत कराया और पुलिस की देखरेख में शादी संपन्न हुई। गड़वार थाना प्रभारी आरके सिंह ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नही मिली है। दोनों पक्षों के बीच विवाद सुलझ गया है।

लोक सभा चुनाव को लेकर सपा ने संगठन की मजबूती के लिए किया बैठक

शकील खान, समाज जागरण

सुरेमनपुर (बलिया) : मिशन 2024 आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सपा नेताओं ने अभी से मोर्चा संभाल लिया है। एक तरफ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का काम तो दूसरी तरफ पूर्व की सपा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने की अपील कार्यकताओं से की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को देर शाम बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल के बैरिया स्थिति आवास पर विधानसभा स्तरीय बूथ व सेक्टर प्रभारियों की बैठक की गई। बैठक में राम अचल राजभर ने बूथ व सेक्टर प्रभारी का पुनर्गठन पर जोर दिया, साथ ही संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल ने अपने

भाषण में कहा कि संगठन जीतना चुस्त दुरुस्त रहेगा उतने ही अच्छे परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं को आम लोगों तक पहुँचाना सभी वर्ग के लोगों को संगठन से जोड़ने की बात कही ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके। राजीव राय ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ गठन को सफल बनाए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि पूर्व में पार्टी के ओर से किये गए विकास कार्यो के बारे में लोगों को जानकारी दे। जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी लगन के साथ कार्य करें जिससे पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाया जा सके। बैठक में राजप्रताप यादव, अरविंद तिवारी, अजय सिंह, संजय यादव, मनोज यादव, गोपाल जी यादव, विनायक मौर्य ,शशिभूषण यादव,दशरथ यादव अमरजीत यादव विद्या यादव राजेन्द्र प्रसाद, सहित सैकड़ों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कुँए में तैरती मिली युवती की लाश...हादसे से मौत की आशंका, मंदिर जाने हाथ पैर धोने गई थी बाड़ी में

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

पचपेड़ी। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनसरी निवासी दुकालू मेहर की बेटी मनीषा मेहर उम्र 25 वर्ष की लाश घर के पीछे बाड़ी में स्थित कुँए में तैरती हुई मिली है। मामले में मृतिका के पिता ने थाने पहुँचकर इसकी जानकारी दी है, जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया था, रविवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका के पिता ने बताया कि वह मंदिर

जाने के लिए अपनी बेटी को ढूंढ रहे थे, लेकिन वह नही मिली जब वह बाड़ी में कुँए की तरह गए तो देखा पानी में उनकी बेटी डूबी हुई है तत्काल उसे बाहर निकाल कर देखा, लेकिन उसकी सांस नही चल रही थी, मामले की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुँच पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया था, आज पीएम के बाद शव परिजनों को सौप दिया, जहाँ परिजनों और पुलिस ने हाथ पैर धोने के दौरान दुर्घटना वश मृतिका मनीषा के कुँए में गिरने की आशंका जताई है, जिससे उसकी मौत हो गई, फिलहाल पुलिस अपनी जांच में जुटी है।

यूपी हेल्थ डैश बोर्ड की रैंकिंग में रतसर सीएचसी को मिला प्रथम स्थान

-स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धि

-जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जुनैद अहमद, समाज जागरण

रतसर (बलिया) : अस्पताल में जच्चा-बच्चा को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने में जनपद तेजी से आगे बढ़ रहा है। गर्भवती की जांच,संस्थागत प्रसव व नियमित टीकाकरण में बेहतर कार्य करने से यूपी हेल्थ डैश बोर्ड की ताजा रैंकिंग में 44 पायदान की छलांग लगाई है। मार्च में जारी हुई सूची में जनपद 28 वें स्थान पर रहा। वहीं जनपद की रैंकिंग में रतसर प्रथम स्थान, मुरली छपरी द्वितीय एवं बैरिया सीएचसी तीसरे स्थान पर रही। शनिवार को जिला अधिकारी रविन्द्र कुमार ने जिला कलेक्ट्रेक सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतसर के अधीक्षक डा०राकिफ

अख्तर एवं बीपीएम आशुतोष सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत करते हुए बधाई दिया एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को प्रेरित किया। बतातें चले कि सीएचसी रतसर को लगातार दूसरी बार यह सम्मान हासिल हुआ है। 13 विन्दुओं पर हुए इस मूल्यांकन में एक साल पहले जिला प्रदेश में 72 वें स्थान पर था। गर्भवती व नवजात की जान बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग कई कार्यक्रम चला रहा है। जिसमें गर्भवती की पहचान से लेकर ढाई साल तक बच्चों को सभी संपूर्ण टीका लगाने,परिवार नियोजन के संसाधनों का प्रयोग व आशा से मिलने वाली सुविधाओं को प्रभावी बनाया जाता है। ब्लाक व जिला स्तर पर तैनात एमसीटीसी आपरेटर पोर्टल पर इसकी रिपोर्टिंग करते हैं। इसी के आधार पर जिले की रैंकिग होती है।

एक बूथ पांच यूथ के साथ आगे बढ़ेंगे हमः- संतोष मांझी

दैनिक समाज जागरण/सुधांशू रंजन/ब्यूरो चीफ/पटना

पटनाःहिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से०) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक संपन्न हुई । पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के 12एम स्टैंड रोड पटना आवास पर बुलाई गई बैठक दोपहर 2:00 से शाम 7:00 बजे तक चली। डॉक्टर संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में हम पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई बैठक में एनडीए में शामिल होना और पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर बिंदु बार विषयों पर चर्चा हुई । बैठक को संबोधित करते हुए हम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता गरीब हो सकते हैं लेकिन उनके हौसले किसी से कम नहीं। पार्टी के मेहनती कार्यकताओं ने यह साबित किया है कि हमारी पार्टी किसी से कम नहीं । हम पार्टी के बढ़ते जनाधार को देखकर जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता बिहार के मुख्यमंत्री आदरणीय नीतीश कुमार जी को गिर गिराना पड़ा की आप अपनी पार्टी को जदयू में विलय कर दीजिए ।

हम पार्टी के संस्थापक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने जिस उद्देश्य से हम पार्टी का निर्माण किया था, उसमें गरीबों की विकास की प्राथमिकता थी । गरीब जनता और पार्टी के कार्यकताओं का सम्मान का ख्याल करते हुए, हमने जदयू में विलय का प्रस्ताव को ठुकरा कर अलग रहने का निर्णय लिया ।

डॉक्टर संतोष कुमार सुमन ने कहा कि एक बूथ पांच यूथ के साथ आगे बढ़ेंगे "हम" । हमें संगठन को और मजबूत करना होगा। संगठन में किसी प्रकार की लापरवाही को अब नजर अंदाज नहीं किया जाएगा । पार्टी के ऊजार्वान कार्यकताओं को हम पार्टी की संगठन की संरचना को मजबूती के लिए दायित्व दिए जाएंगे । हमें विश्वास है कि हम पूरे देश में अपना परचम लहराने में और कामयाब होगी। इसलिए इस बैठक में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को और जमीनी स्तर तक मेहनत करने की जरूरत है ।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व जिला के संस्थापक की 35वीं पुण्यतिथि

अनिल सिंह, समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व जनपद के संस्थापक जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित तारकेश्वर पांडेय की 35वीं पुण्यतिथि रविवार को टोला फकरु राय राधिका देवी उच्च बालिका विद्यालय में काफी धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने प0 तारकेश्वर पांडेय के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये पांडेय जी के बताये रास्तों पर चलने व अपने जीवन मे आत्मसात करने की बात कही। पांडेय जी निर्भीक व साहसी व्यक्ति थे। एक दूसरे के दुख सुख में आगे बढ़ कर हमेशा सहयोग की भावना से कार्य करते थे। इस मौके पर प्रोफेसर सुबास सिंह,रामाधार पांडेय,कन्हैया सिंह,पारस वर्मा,जिला पंचायत सदस्य अजय यादव,रि0 सूबेदार मेजर शैलेन्द्र सिंह,अंजनी पांडेय,बनवारी साह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

जानिए कौन है ? लगातार चौथी बार बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने मृत्युंजय कुमार सिंह

दैनिक समाज जागरण
सुधांशू रंजन/ब्यूरो चीफ/पटना

पटनाः मृत्युंजय कुमार सिंह लगातार चौथी बार बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने सामाजिक गतिविधियों में भी मृत्युंजय कुमार सिंह बिहार में चर्चित नाम है।मृत्युंजय कुमार सिंह का जन्म आरा के खरनी कला गांव में एक किसान परिवार में हुआ उनके पिता श्री रामाधार सिंह जी है उनकी माता स्वर्गीय विंध्यवासिनी देवी थी जिनका स्वर्गवास इन के बचपन में ही हो गया था इनकी शिक्षा दीक्षा आरा में ही हुई. उन्होंने जैन कॉलेज आरा से इतिहास में एम.ए किया तत्पश्चात 1994 में पुलिस की नौकरी में आए.कहते हैं कि हर सफल व्यक्ति के पीछे किसी स्त्री का हाथ होता है. विवाह के बाद दोनों एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलते रहे और नित्य नई ऊंचाइयों को छूते रहें। इनकी पहली पोस्टिंग बिहार के नवादा जिले में हुई जहां इन्होंने तन मन से जनसेवा की और निरंतर आगे बढ़ते हुए समाज को अपने साथ लेकर चलते रहे.नौकरी के दौरान पुलिस वालों को होने वाले कष्टों को देखकर इन का मन दुखी हो जाता था इतनी कठोर मेहनत के बाद भी ना कोई सुविधा नहीं खाना पीना हराम बस काम ही काम जब सब लोग अपने परिवार वालों के साथ होली दीवाली दशहरा मनाते है. तब पुलिस वाले समाज सेवा में लगे रहते है इन सबके बावजूद इन को सुनने वाला कोई नहीं होता था।तभी एक दिन उनके मन में आया कि क्या इन लोगों की आवाज बनें और अपने सपनों को उन्होंने 2011 में बिहार पुलिस एसोसिएशन के इलेक्शन को जीतकर अमली जामा पहनाया अपने कुशल नेतृत्व में पुलिस वालों के साथ ही साथ आम जनता का भी मन जीत लिया दूसरी बार 10 जून 2015 को बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर भारी मतों से विजयी हुए. पुलिस कर्मियों की कई लाभकारी उद्देश्यों के प्रति भी उन्होंने सफलता हासिल की . वर्ष 2023 में यह लगातार चौथी बार बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर लगभग एक हजार से ज्यादा मतों के अंतर से चुनाव जीते।इनके प्रयास से 13 माह का वेतन बिहार पुलिस एसोसिएशन के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है. वे कहते है कि बिहार पुलिस काम के बोझ से दबी हुई हैं हर जगह पुलिस वाले को जेम्स बांड बनाकर भेज दिया जाता है जबकि यह समस्या से ग्रस्त हैं ऐसे में आम समस्या का समाधान हो तो कौन करेगा या कोई नहीं देखता आज बिहार के कई चर्चित कांडों की जांच उद्भेदन अच्छे से पुलिस ने की है और वर्तमान में कर रहे है।

आम जनमानस को आज भी पुलिसकर्मियों पर काफी भरोसा है कई बड़े कुख्यात अपराधी आज जेल की सलाखों के अंदर है.कई को सजा भी हो चुकी है देश के सबसे अच्छी पुलिस बिहार की है आज बिहार में सुशासन की बात होती है बेहतर राज की बात होती है.यह सब बेहतर पुलिसिंग के कारण ही. बिहार पुलिस तूफान हो धूप हो या कराके की ठंड हो । विषम परिस्थिति में रहते हैं बिहार पुलिस के जवान बलिदान की पीछे नहीं हटते हमें गर्व है बिहार पुलिस पर यह कहना है बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सिंह कहते हैं कि हमें गर्व है कि हम बिहार पुलिस के एक सच्चे सिपाही और जनता के सच्चे सेवक हैं।आज पुलिस कमीर्यों के अपने परिवारिक समस्या है इनके बच्चों की पढ़ाई हो या बुढ़े मां बाप की सेवा हो रिश्तेदार मित्रों या परिवारिक शादी में शामिल नहीं हो पाते अपने बच्चे के शादी के लिए भी छुट्टी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जिससे पुलिसकर्मी मानसिक तनाव में आ जाते हैं पुलिस भी आम आदमी की तरह मनुष्य है और इसी समाज से आते हैं मूलभूत सुविधाओ जैसे रोटी कपड़ा और मकान पुलिसकर्मियों के पास अभाव में पुलिस की समस्याओं के समाधान के लिए काफी प्रयास की गई तथा समाधान हुआ है इसके लिए सरकार प्रयासरत है.पुलिस कर्मियों में भी काफी बदलाव की जरूरत है आम जनता की बातों को अच्छे से सुने और उनका समाधान करें। राजनेता का परिवार को व आम जनता को एक नजर से देखें और उसका कार्य करें जिससे आम जनता का भरोसा बढ़ेगा।

भारतीय संस्कृति के प्रबल समर्थक मृत्युंजय कुमार सिंह पांच भाइयों के भरे पूरे परिवार में सबसे दुलरुआ थे वह कहते हैं कि बचपन में मां को खो देने का दर्द ने उनके जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी सामाजिक दायित्वों के लिए सदैव तत्पर रहने वाले मृत्युंजय अपने पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर हैं.वह कहते हैं कि मैंने कभी भी भीड़ का हिस्सा बनने की चाहत नहीं रखी सकारात्मक सोच के साथ एक अलग पहचान बनाई क्षत्रिय को वह जाति नही एक संस्कार मानते हैं उनका कहना है कि क्षत्रिय संस्कार है विचार है धर्म है कर्म है व कर्तव्य है.जन्म और कर्म से क्षत्रिय है मृत्युंजय .खाली समय में किताब पढ़ने के शौकीन है. चिंतन पठन पाठन सामाजिक कार्यों में इन्हे सुकून मिलता है छात्र जीवन से ही यह देश विदेश की नीति सामाजिक बदलाव के प्रति जागरुक रहे है.वे कहते है पुलिस से समाज को ढेर सारी अपेक्षाएं है उसी प्रकार पुलिस को भी समाज से अपेक्षा रहती है अगर आम आदमी ससमय सूचना सत्य निष्ठा के साथ पुलिस को उपलब्ध कराएं तो किसी भी घटना का उद्भेदन यथाशीघ्र किया जा सकता है .पटना में प्रतिवर्ष उनके द्वारा मनाए जाने वाले महाराणा प्रताप जयंती में सभी जाति के कर्मठ लोगों को सम्मानित किया जाता है यह एक परंपरा को जीवित रखने का प्रयास है. जिसमें जाति-पाति धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर समतामूलक समाज की स्थापना करने की ललक हैं.कहना है व्यक्ति गलत हो सकता है पर कोई जाति या समाज गलत नहीं हो सकता वर्ष 2007 से 2010 तक मृत्युंजय कुमार सिंह एस टी एफ मे रहे इस दौरान कई बड़े नक्सलियों के खिलाफ अभियान में भाग लिया रिकॉर्ड 14 एनकाउंटर इन के खाते में दर्ज है.वर्ष 1995 में इन्होंने आदर्श विवाह कर समाज को एक बेहतर संदेश दिया था .नीतीश कुमार के दहेज विरोधी और शराबबंदी अभियान के बहुत पहले ही लगभग 6 वर्ष पहले इन्होंने विद्यापति भवन में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती में ही अपने समाज के लोगों से यह संकल्प दिलवाया था कि दहेज समाज के लिए कैंसर हम किसी व्यक्ति के साथ अगर संबंध जोड़ते हैं तो दहेज एक ऐसा रोग है जिस से उस संबंधी व्यक्ति की कमर टूट जाती है.शिक्षा के महत्व पर उनका कहना है कि ज्ञान शाश्वत है. क्षत्रिय महासभा बिहार के मुख्य संरक्षक और राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कमेटी के सदस्य मृत्युंजय कुमार सिंह को इस बार राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है .आज के परिपेक्ष में उनका कहना है कि साधन के प्रयास से पुलिस का स्वरूप बदला है पहले से सुविधाएं बेहतर हुई है इन्हे बिहारी होने का गर्व है वह कहते हैं कि देश के इतिहास से बिहार के इतिहास को अलग नहीं किया जा सकता ऋषि मुनियों मनीषियों विद्वानों भगवान महावीर गौतम बुद्ध आर्यभट्ट चाणक्य जनक नंदिनी सीता गुरु गोविंद सिंह डॉ राजेंद्र प्रसाद रामधारी सिंह दिनकर बाबू वीर कुंवर सिंह जैसे इतिहास पुरुषों की जननी रही है.बिहार की धरती देश में कई क्रांतियों का सूत्रपात बिहार के इस पवित्र धरती से हुआ है आज पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी बिहारी प्रतिभा का डंका बज रहा है.पटना मे अपने अथक प्रयास से इन्होने क्षत्रिय भवन की स्थापना करवायी है।

ट्रक चालकों के लिए मुफ़्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन

यूनिक वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से ट्रक चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर दिनांक 10 अगस्त से 16 अगस्त 2022 तक आयोजित किया गया जिसमें निशुल्क जांच एवं चश्मे का वितरण किया गया जिसमें डा 0 जनार्दन

मिश्रा पूर्व चिकित्साधिकारी उल्लउ पट्टी द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के कई नेशनल हाईवे पर विभिन्न जनपदों से आए हुए ड्राइवरों का निशुल्क जांच कर चश्मे का वितरण किया गया इसके अलावा भूपियामऊ विश्वनाथगंज चिलबिला रानीगन्ज कई अन्य स्थानों पर भी कैंप का आयोजन कर 500 ट्रक ड्राइवरों को निशुल्क चश्मा एवं जांच की व्यवस्था दी गई नेत्र चिकित्सक डा0 बी डी पांडे द्वारा मुफ़्त जाच कार्य किया जिसका संचालन धीरेंद्र प्रताप सिंह संतोष कुमार चतुवेर्दी भीष्म प्रताप सिंह प्रदीप कुमार रावत एवं डॉक्टर द्वारा कार्यक्रम संपन्न किया गया

नबीनगर रोड स्टेशन पर राची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव : सांसद महाबली सिंह एवम सुशील कुमार सिंह ने झंडी दिखाकर किया रवाना

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद नबीनगर (बिहार) 24 जून 2023 नबीनगर रोड स्टेशन के साथ साथ नबीनगर वासियों के लिए आज गौरव का दिन रहा । काफी दिनों से की जा रही रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग पूरा हुआ। 24 जून को रात्रि लगभग 12 बजे ट्रेन को औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह,काराकाट के सांसद महाबली सिंह,नबीनगर के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह,पूर्व सांसद एवम नबीनगर के पूर्व विधायक विरेंद्र कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया गया । हालाकि ट्रेन अपने निर्धारित समय से 15 मिनट बिलंब से 10झ52 स्रबजे पहुंची और 11झ15 मे रवाना हो गई। इस अवसर पर काराकाट के सांसद महाबली सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता की मांग को पूरा किया गया।सांसद सुशील सिंह ने बताया कि क्षेत्र से जुड़े दोनो सांसद के अथक प्रयास से इस ट्रेन का ठहराव संभव हुआ है।

जदयू नेता सह मिडिया प्रभारी सोनू कुमार सोनी ने इस अवसर पर बताया की. .नबीनगर के लोग के लिए आज का दिन गौरव का दिन रहा। इस अवसर पर नबीनगर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन सिंह, श्यामबिहारी सिंह, जगन यादव, उदय प्रसाद गुप्ता,सुरेशसोनी,भाजपा नेता उदय प्रताप सिंह,जदयू के सूर्यवंश सिंह, राजीव रंजन सिंह उर्फ राजा बाबू,जगन यादव सहित बड़ी संख्या मे राजनीतिक कार्यकर्ता समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

सारण जिला जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

छपरा (सारण) छपरा सर्किट हाउस में सारण जिला जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की समीक्षात्मक बैठक जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जहाँगीर आलम उर्फ मुन्ना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जहा मुख्य अतिथि जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व उपसभापति जनाब सलीम परवेज ने सभा को सम्बोधित करते हुए। संगठन और जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मजबूती पर प्रकाश डाला वही उक्त सभा को सम्बोधित करने वाले मुख्य रूप से सारण जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ। अब्दुल रहीम राइन अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जहाँगीर आलम उर्फ मुन्ना। जदयू जिला प्रवक्ता मोहम्मद फिरोज जदयू प्रदेश सचिव सद्दाम हुसैन अमजद अली रोजाद्दीन खान वसीम खान। रेयाज अली गुड्डू खान नबी अहमद शहनवाज खान करीम अंसारी फैयाज आलम राशिद आलम उर्फ मोनू आदि शामिल हुए,कार्यक्रम का संचालन सदाम हुसैन ने किया।

चर्चित छात्र कृष्ण प्रकाश की मौत पर सीबीएसई बोर्ड की कार्रवाई, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल का 3 साल के लिए मान्यता रद्द

दैनिक समाज जागरण राकेश कुमार मिश्रा ब्यूरो चीफ गया

गया (बिहार) शहर के चर्चित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्र कृष्ण प्रकाश की मौत मामले पर सीबीएसई बोर्ड ने स्कूल पर बड़ी कार्रवाई की है। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल का सीबीएसई बोर्ड ने मानयता 3 साल के लिए रद्द कर दिया है। इसकी खुलासा बाटा मोड़ स्थित चर्चित कृष्ण प्रकाश हत्याकांड के पिता प्रकाश चन्द्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर किया है।

मृतक के पिता प्रकाश चन्द्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि यह आदेश केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के संयुक्त सचिव एफलिएयशन एस धरणी अरूण ने बीते 15 जून 2023 को पत्र जारी कर 3 साल के लिए रद्द कर दिया है। बोर्ड ने ई-मेल के जरिए गया कि जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालय प्रबंधन, सीबीएसई के संबंधित अधिकारी को इसकी जानकारी दे दी गई है।

जारी आदेश में साफ तौर पर लिखा गया है कि वर्ष 2022 में कक्षा अष्टम के छात्र कृष्ण प्रकाश की मौत मामले पर यह कारवाई की गई है। इसको लेकर स्थानीय स्तर पर गया के डीएम ने त्रिस्तरीय कमेटी से जांच कराई थी। उसके बाद मानवाधिकार आयोग एवं गया पुलिस प्रशासन ने अपने-अपने स्तर से जांच कर सीबीएसई को ई-मेल के जरिए रिपोर्ट सौंपी गई थी। मृतक के पिता प्रकाश चंद्र ने कहा कि मेरे पुत्र के हत्या का इस तरह के करवाई से हमें इंसाफ मिला है।

दो अलग अलग मे मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

दैनिक समाज जागरण

बनियापुर (सारण) मामूली विवाद मे पति पत्नी के साथ गाली गलौज करते मारपोट कर जख्मी किए जाने के मामले मे कोल्हुआ गाव निवासी दिनेश माझी ने प्राथमिकी दर्ज कराया है जिसमे बगल के रमेश माझी चेतन माझी सिंधु देवी को नामजद किया है।

वही छपिया गाव मे दो पक्षों के जमीनी विवाद मे आधा दर्जन लोग जख्मी हो गये है।मामले मे अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।प्रथम पक्ष के नितीश सिंह ने नितेश शर्मा टुनटुन शर्मा रविंद्र शर्मा योगेश तिवारी सहित दस लोगो को नामजद किया वही दूसरे पक्ष के रविंद्र शर्मा ने बिबेक सिंह जयप्रकाश सिंह रमेश सिंह ब्लीराम सिंह सहित आठ लोगो के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है।मामले मे पुलिस अनुसंधान मे जुट गयी है।

औरंगाबाद जदयू सदर प्रखण्ड अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने पार्टी के पंचायत प्रभारियों को किया नियुक्त

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार (संवाददाता)

औरंगाबाद (बिहार) पार्टी के सदर प्रखंड प्रवक्ता शशि कांत कुमार ने बताया कि पार्टी के प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा को जम्होर, उपाध्यक्ष मिथलेश सिंह को पडरावा, उपाध्यक्ष विरेंद्र राम को कुरम्हा, कार्यकारिणी सदस्य ज्योति प्रकाश सिंह को खैरा बिंद, महा सचिव विकाश कुमार को कर्मा भगवान, उपाध्यक्ष नागेंद्र चंद्रवंशी को बेला, महासचिव अवधेश राम को इब्राहिमपुर , सचिव अभिषेक कुमार चंद्रवंशी को पोखराहा, कार्यकारिणी सदस्य अजीत कुमार सिंह को परसडीह, सचिव कृष्ण मुरारी यादव को मंझार, महासचिव अजीत कुमार चंद्रवंशी, महासचिव जनेश्वर प्रजापति को पोईवां , उपाध्यक्ष मोहम्मद शोएब को खैरा मिर्जा, महासचिव रितेश कुमार सिंह को फेसर, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद इकराम को ओरा का पंचायत प्रभारी बनाया गया है।

लोकतंत्र की दुश्मन है कांग्रेस : नंदकिशोर

नयी पीढ़ी को बताया जाना चाहिए आपातकाल की घटना

राजनीति में जिनका उदय कांग्रेस के विरोध के कारण हुआ, वे आज कांग्रेस से मिला रहे हाथ

दैनिक समाज जागरण/सुधांशू रंजन/ब्यूरो चीफ/पटना

पटनाः भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने कहा आज के दिन 48 साल पहले देश में कांग्रेस की सरकार ने आपातकाल लगाया था। 25 जून 1975 को भारत के इतिहास में काला दिन के रूप में अंकित है। नंदकिशोर यादव ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था की दुश्मन है। उस दिन को देश कभी नहीं भूल सकता, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा कर देश के नागरिकों से सारे लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए थे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी समेत जनसंघ के कई नेताओं को जेल में डाल दिया गया था और क्रूर यातनाएं दी गईं थीं। भाजपा वह दिन कभी नहीं भूल सकती। श्री यादव ने कहा कि आज की नयी पीढ़ी को भी 1975 में लगायी गयी आपातकाल की घटना को बताना चाहिए, ताकि वे कांग्रेस के चाल-चलन और चरित्र को जान सकें।

नंदकिशोर यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह कितनी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि राजनीति में जिन नेताओं का उदय कांग्रेस के तानाशाही रवैया के विरोध के कारण हुआ, वह आज कांग्रेस से हाथ मिला रहे हैं। कांग्रेस से हाथ मिला रहे कई नेता ऐसे हैं, जो आपातकाल के दौरान जेल में बंद थे और पुलिस की यातनाएं सही थी। ऐसे नेताओं को अपने अतीत की ओर झांकना चाहिए।

औरंगाबादः जिले के टॉप-10 अपराधियों में शुमार एक बड़े अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार (संवाददाता)

औरंगाबादः पुलिस ने जिले के टॉप-10 अपराधियों में शुमार एक बड़े अपराधी को शनिवार की शाम गिरफ्तार किया है। अपराधी के पास से पुलिस ने एक अपाची बाइक, एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस एवं एक मोबाइल बरामद किया है।अपराधी को ओबरा थाना क्षेत्र में अरंडा के पास से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अपराधी दिनेश पासवान ओबरा थाना क्षेत्र के भरूब गांव का निवासी है। उस पर औरंगाबाद जिले के विभिन्न थानों में लूट और डकैती के कुल 18 मामले दर्ज है। इन मामलों में पुलिस इस कुख्यात अपराधी को सरगर्मी से तलाश रही थी। गिरफ्तार अपराधी औरंगाबाद के आसपास के जिलों-गया, अरवल एवं रोहतास जिले में भी सक्रिय रहा है। इन जिलों की पुलिस के माध्यम से उन जिलों में इस अपराधी का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम ने यहां देर शाम प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को खुफिया इनपुट मिला कि औरंगाबाद जिले के टॉप-10 अपराधियों में एक दिनेश पासवान किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बेहद सक्रिय है। इस सूचना के आलोक में उनके निर्देश पर पुलिस की अपनी आसूचना यूनिट एक्शन में आई। यूनिट को जानकारी मिली

कि जिस अपराधी की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है, वह अभी ओबरा थाना क्षेत्र में है।

इस इनपुट के बाद ओबरा पुलिस एवं जिला सूचना इकाई ने कुख्यात अपराधी दिनेश पासवान को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 पर ओबरा थाना क्षेत्र में अरंडा के पास से धर दबोंचा। गिरफ्तार अपराधी के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक मोबाइल एवं उजले रंग की एक अपाची बाइक बरामद की है।

गिरफ्तार अपराधी दिनेश पासवान रोड रॉबरी एवं डकैती की एक दर्जन से अधिक कांडों में शामिल रहा है। उस पर जिले के विभिन्न थानों में कुल 18 मामले दर्ज है। उसके गिरोह में आधा दर्जन अपराधी शामिल रहे है, जो पहले ही गिरफ्तार हो चुके है और फिलहाल वें जेल में है।

इस गिरोह का मुख्य काम सड़क पर कटियां गिराकर वाहनों को लूट का शिकार बनाना रहा है। अपराधी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में ओबरा थानाध्यक्ष पंकज सैनी एवं जिला सूचना इकाई के सदस्य शामिल है।

गिरफ्तार अपराधी पर ओबरा थाना में कांड संख्या- 100/07, 102/07, 120/08, 256/21, 301/21, 324/21, 98/22, बारुण थाना कांड संख्या- 190/07, मदनपुर थाना कांड संख्या- 184/10, औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना कांड संख्या- 272/11, झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज थाना में कांड संख्या- 13/11, शाहजहांपुर थाना कांड संख्या-03/14, 04/14, हसपुरा थाना कांड संख्या-168/21, 49/22, दाउदनगर थाना कांड संख्या-534/21, 632/21 एवं 115/22 शामिल है।

उत्सव गार्डन नबीनगर मे महागठबंधन ने कार्यकर्ता सम्मेलन का किया आयोजन

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद (बिहार)

नबीनगर(बिहार) 25 जून 2023 आज दिनांक 25/06/2023 को प्रखंड स्तरीय महागठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन नबीनगर के उत्सव गार्डन मे आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घघाटन मुख्य अतिथि काराकाट के जदयू सांसद महाबली सिंह, विशिष्ट अतिथि नवीनगर के राजद विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह, औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह, गोह के राजद विधायक भीम सिंह यादव ,जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ,रफीगंज के पूर्व विधायक सह जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह , कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पप्पू सिंह ,आरजेडी जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा एवं कई गणमान्य लोगो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि काराकाट के सांसद महाबली सिंह सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवम फूल माला पहनाकर किया गया। सम्मेलन मे आए महागठबंधन के कार्यकताओं का स्वागत फूल माला एवम अंग वस्त्र पहनाकर सांसद महाबली सिंह एवम नबीनगर के राजद विधायक डब्लू सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगन यादव एवम संचालन सुरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम मे भोजपुरी गायक चंदन सिंह द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान गया गया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद

महाबली सिंह ने कहा कि 2024 मे महागठबंधन के सभी दलों को एकजुट होकर भाजपा के विरुद्ध चुनाव लड़कर महागठबंधन की सरकार केंद्र मे बनाना है।प्रधान मंत्री पर हमला बोलते हुए महाबली सिंह ने कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है,उन्माद की राजनीति की जा रही है संविधान बदलने की साजिश रची जा रही है ।सम्मेलन में महागठबंधन के नेताओं ने केंद्र के भाजपा सरकार विशेषकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला किया और केंद्र सरकार के नीतियों का विरोध किया ।पूर्व विधायक अशोक सिंह ने स्वीकार किया कि नबीनगर को अनुमंडल का दर्जा मिलना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले मे मेडिकल कालेज की स्थापना होनी चाहिए। पूर्व विधायक ने यह भी कहा की छोटी छोटी बातो पर राजनीति नहीं बल्कि विकास पर राजनीति होनी चाहिए।सम्मेलन को विधायक डब्लू सिंह पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह, गोह के विधायक भीम सिंह यादव सहित महागठबंधन के अन्य नेताओं द्वारा भी संबोधित किया गया।

कार्यकर्ता सम्मेलन में जदयू मीडिया प्रभारी सोनू कुमार सोनी,सांसद प्रतिनिधि राजा बाबू,माले से मुनरिक राम, सीपीआई से महेंद्र यादव, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह,जदयू प्रदेश सचिव सुनील यादव,नगर पंचायत अध्यक्ष नबीनगर प्रियंका सिंह,हरी राम जिला पार्षद,दूधेश्वर पासवान जिला पार्षद,ओमप्रकाश गुप्ता जिला पार्षद,विपिन सिंह अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत नबीनगर, प्रो सुनील बोस,कुमार अवधेश सिंह, जदयू नेता सूर्यवंश सिंह,प्रदीप सिंह,दिवाकर चंद्रवंशी, उदय गुप्ता,रमजान अली, मो कैशर ,पूर्व शिक्षक शंकर प्रसाद सहित बड़ी संख्या मे महागठबंधन के कार्यकर्ता शामिल रहे।

2024 के लोसभा चुनाव में भाजपा का होगा सफाया

पार्टी कार्यकर्ता साथितो के मेहनत से ही 2024 का लोकसभा चुनाव जीता जा सकता है :- रविंद्र सिंह

दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण) प्रदेश द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत दरियापुर प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष संजय सिंह के अध्यक्षता में आयोजित विभिन्न पंचायतो में पंचायत अध्यक्ष एवम पंचायत कार्यकारिणी की सयुक्त बैठक आहूत की गई

पार्टी कार्यकर्ताओ के लगन एवम मेहनत से ही 2024 का लोकसभा चुनाव जीता जा सकता है उक्त बाते जदयू के राष्ट्रीय सचिव सह विधान पार्षद रविंदर सिंह ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कई श्री सिंह ने कहा की पार्टी के द्वारा निरंतर प्रखण्ड,पंचयात से लेकर बूथ स्तर तक कार्यक्रम चलाए जा रहे है कार्यकर्ताओ से कहा की माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी आम जनता को मजबूती से बताने का काम करें सारण प्रमण्डलीय प्रभारी सह विधान पार्षद सतीश कुमार ने कहा की एक एक कार्यकर्ता अपने अपने बूथों को जितने का कार्य करें जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा पार्टी के समर्पित साथियों के सहयोग से ही हम लोग भाजपा के नापाक इरादो को नेस्त नाबूद करने में सफल होंगे बैठक में विधानसभा प्रभारी सुरेंदर रजवार,राज्य परिषद सदस्य आनंद किशोर सिंहप्रखण्ड प्रभारी शंकर कुमार मलाकर,प्रभुनाथ पटेल, रवि प्रकास, रेयाजुद्दीन मंसूरी, मन्नू गिरी, कौशल किशोर सिंह, तरुण सिंह, सलेन्दर सिंह,हरिबदन सिंह इत्यादि सम्मलित थे।

राजगीरः-सड़कों पर बालू फैलाव से बढ़ रहा है वायु प्रदूषण, लोगों के सेहत पर पड़ रहा है बुरा असर

दैनिक समाज जागरण मुन्ना पासवान ब्यूरो चीफ नालंदा बिहार शरीफ

बिहारशरीफ। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर की कई मुख्य सड़कों पर बालू बिखरा रहने से आए दिन दुपहिया वाहन चालक हादसे के शिकार हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर धूलकण उड़ने से वायु प्रदूषण हो रहा है।

बताया जाता है कि पंडितपुर गांव से बस स्टैंड होते हुए राजगीर गुरुद्वारा तक जहां वाली सड़कों पर कई स्थानों पर बालू आधी सड़क पर बिखरा हुआ है ,जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है। दो पहिया वाहन चालक हादसे के शिकार हो रहे हैं तथा इस गर्मी के मौसम में धूलकण उड़ने से लोगों के सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है।

अगले माह मलमास मेला की शुरूआत होने वाली है। जिले के वरीय पदाधिकारियों का इसी मार्ग से आना जाना होता हैं,परंतु लगता है कि प्रशासन के आलाधिकारियों की निगाहें इस पर नहीं जाती है, क्या। आने जाने वाले बड़े वाहनों

के कारण तथा तेज हवा से धूलकण तेजी से शहर में उडता रहता है ,जिससे वायुमंडल में प्रदूषण फैल रहा है ।साथ ही साथ स्थानीय लोगों में सांस के बीमारी की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। सूवें के मुखिया नीतीश कुमार कि निगाहें राजगीर पर ज्यादा रहता हैं ,बावजूद पर्यटन स्थल के साथ-साथ राजगीर में जू सफारी सहित कई दर्शनीय स्थल है ,बावजूद बिहारशरीफ से राजगीर तथा गया तक चलने वाले जितने भी छोटी बड़ी गाड़ियां हैं, सभी गाड़ियों में पावर हॉर्न का इस्तेमाल धड़ल्ले से होता रहा है। जब की इन गाड़ियों में बीप हॉर्न का इस्तेमाल होना चाहिए।

तेज हॉर्न के कारण स्थानीय लोगों में बहरेपन होने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सीएम नीतीश कुमार की राजगीर की घटनाओं पर विशेष ध्यान रहता है। बताया जाता है कि राजगीर के घने जंगलों में आग लगने पर मुख्यमंत्री बहुत चिंतित हुए थे तथा उन्होंने स्वयं आकर निरीक्षण भी किया था। परंतु जिले के अधिकारियों कि निंदा कब टूटेगी

पटना पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी लूट गिरोह का किया भंडाफोड़

दैनिक समाज जागरण/सुधांशू रंजन/ब्यूरो चीफ/पटना

पटना सिटीः पिछले दिनों 23 जून को आलमगंज थाना क्षेत्र के जल्ला रोड सब्जी मंडी हनुमान मंदिर के पास चार अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर दिनदहाड़े चावल व्यवसाय प्रकाश खेतान के कार्यालय में घुसकर ₹400000 और मोबाइल की लूट की घटना को अंजाम दिया था , घटना को अंजाम देकर लुटेरे फरार हो गए थे लूट की घटना अंजाम देकर फरार होने के दौरान nh30 बाईपास थाना क्षेत्र के महिंद्रा शोरूम के पास उक्त अपराधियों द्वारा पिस्तौल का भय दिखाकर बादी विमल कुमार पिता विजय कुमार गोस्वामी,आर्य समाज गली के रहने वाले का पलसर बाइक तथा मोबाइल और बैग छीनकर यह अपराधी फरार हो गए।

इस पूरे मामले का उद्भेदन करते हुए जानकारी पटना सिटी एसपी संदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक पटना सिटी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें आलमगंज थाना, बाईपास थाना , दीदारगंज थाना, नदी थाना के प्रभारी एवं कर्मी शामिल है।

अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज तकनीकी सहयोग से घटना में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा एक टेंपो व चालक का मोबाइल तथा लूटे गए तीन मोबाइल ₹165000 नगद तथा बाईपास थाना क्षेत्र से लूटी हुई बाइक पल्सर मोटरसाइकिल व एक मोबाइल बरामद किया गया।

उद्भेदन के दौरान बताया गया, कि चावल व्यवसायी प्रकाश खेतान

के यहां काम करने वाले महावीर उर्फ मनीष कुमार लाइनर द्वारा बनाई गई योजना के अनुसार प्रकाश खेतान के कार्यालय में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता इस प्रकार है।

01. अनिल कुमार, उम्र 35 वर्ष, पिता विशुन देव राय, मुहल्ला दीदारगंज धर्मशाला, थाना दीदारगंज

02. कुंदन कुमार (उर्फ रॉकी) उम्र 22 वर्ष,पिता रामजय राय, मोहल्ला दीदारगंज धर्मशाला, थाना दीदारगंज

03.रिशी कुमार (रॉकी उम्र)उम्र 30 वर्ष ,पिता अर्जुन यादव ,मोहल्ला रिकाब गंज, थाना मालसलामी

04. महावीर कुमार उर्फ मनीष कुमार, पिता शिव शंकर साव,मोहल्ला सिमली शाहदरा नया टोला ,थाना मालसलामी जिला पटना, वर्तमान पता साकिन शरीफा गंज, थाना मालसलामी, जिला पटना

05. शिवम कुमार, उम्र 21 वर्ष, पिता बैजनाथ दास मोहल्ला मालसलामी पूर्वी नंद गोला, थाना मालसलामी, जिला पटना, अस्थाई पता, महनार लवापुर मिश्री चौक, थाना महनार, जिला वैशाली

इन पांचों अपराधियों को पकड़ने में पटना पुलिस की मुख्य भूमिका में कई थानों का सहयोग इस प्रकार से है

अभिजीत कुमार पु० नि० सह थाना अध्यक्ष आलमगंज

मोहम्मद सनोवर खाँ, पु० नि० सह थानाध्यक्ष बाईपास

चेतनानन्द झा, पु० नि० सह थानाध्यक्ष दीदारगंज

अखिलेश कुमार सिंह थानाध्यक्ष नदी थाना

पु०अ०नि० लालमणि डूबा पर थाना अध्यक्ष आलमगंज थाना

पु०अ०नि०, संजय कुमार आप और थानाध्यक्ष बाईपास थाना

पु०अ०नि०, गंगासागर सीमा पर थानाध्यक्ष मालसलामी थाना।

पटना पुलिस की कार्रवाई से अपराधियों के बीच भय का माहौल बन गया है 48 घंटे में 5 अपराधियों को पटना पुलिस ने खोज कर निकाल लिया अब यह अपराधी चले गए हैं सलाखों के पीछे

आपातकाल के विरुद्ध भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन बसंत में सम्पन्न।

छपरा (सारण) जिले के गरखा प्रखंड अंतर्गत बसंत महाविद्यालय के सभागार में भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन पुर्व मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर हरेंद्र सिंह ने किया।

25 जून 1975 में माननीया प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल पूरे देश में लगा दिया गया जिसके विरोध में आज के दिन भाजपा भारतीय लोकतंत्र का काला दिवस के रूप में मना रही हैं।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हमारे संविधान में दिए गए अधिकारों का हनन कर आपातकाल लागू कर भारतीय लोकतंत्र की हत्या कांग्रेस की सरकार ने किया।आपात का विरोध करने वाले आज कांग्रेस के समर्थन में मोदी सरकार के विरुद्ध में खरे हैं।

मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए आज देश दुनिया में भारत का नाम रौशन कर रहे हैं।

अपने सम्बोधन में विनय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो भी

वादा किया वह आज पूरा करके दिखा दिया जिसका उदाहरण राम मंदिर, अनुच्छेद 370,तीन तलाक सामिल है।

सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि आज मोदी सरकार देश दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है तथा फिर 2024 में फिर से मोदी सरकार बनना तय है आप सभी प्रबुद्ध साथी है आप को सोच समझ कर सरकार बनानी है।

आज के कार्यक्रम में सम्बोधित करने वालो में सारण के वर्तमान सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रूडी, अनुशासन समिति सदस्य विनय सिंह , अमनौर विधायक मंटु सिंह, पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी सांसद एवं प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह, पुर्व जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय, बसंत महाविद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह, महामंत्री अनिल सिंह, जिला मंत्री राजेश कुमार सिंह, रमेश प्रसाद सिंह, श्रीनिवासन सिंह,अरुण सिंह,मंडल अध्यक्ष धनंजय सिंह उर्फ टुनटुन सिंह, राजेश कुमार सिंह, अमरजीत कुमार सिंह उर्फ लड्डू के साथ दर्जनों भाजपा नेता के साथ सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

पुलिस पब्लिक सद्भावना वॉलीबॉल टूनार्मेंट का फाइनल में भगवान भास्कर असोर्ट कल्ब देव के टीम ने जीत हासिल की।

वीरेंद्र यादव, दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 25 जून

औरंगाबाद जिले देव पुलिस पब्लिक सद्भावना वॉलीबॉल टूनार्मेंट के आज फाइनल मुकाबला भगवान भास्कर स्पोर्ट क्लब देव बनाम, शिव श्रृंगार समिति देव के बिच खेला गया खेल का शुभारंभ सर्किल इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार एवं देव थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे के द्वारा खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर किया

दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे पर हावी रहे हैं और भगवान भास्कर स्पोर्ट क्लब देव के टीम ने शिव श्रृंगार देव के टीम को पराजित कर दिया और शील्ड

पर कब्जा जमा लिया।

इस अवसर पर एसआई राजू कुमार, ए एस आई कृष्णा कांत सिंह, पूर्व एएसआई एचएन राम, एसआई गांधीजी, इकबाल अहमद सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर ने कहा कि टूनार्मेंट का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम जनता में सामंजस्य स्थापित करना है। जिससे क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे।

किशनगंज में ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन, जिले के एक सौ खिलाड़ी हुए शामिल

राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज

ताइक्वांडों एसोसिएशन ऑफ किशनगंज के तत्वाधान में 25 जून को खेल भवन सह व्यायामशाला किशनगंज में आयोजन किया गया. पुरे जिले से लगभग सौ खिलाड़ीयो ने भाग लिया. रविवार को समापन समारोह का

आयोजन किया गया. किशनगंज जिले के चैमरमैन इन्द्रदेव पासवान जिला एसोसिएशन के सचिव अनवारूल हक, और अध्यक्ष मो. कलीमुद्दीन, ज्वाइंट सचिव, मो. अंजर आलम, सहित जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सभी सदस्य शामिल ने खिलाडियों को मेडल देकर सम्मानित किया.

इस अवसर पर किशनगंज के चैयरमैन ने कहा कि किशनगंज जिले के लिए गौरव एवं सम्मान की बात है किशनगञ जिले के विद्यालयों में बढ़ाने की जरूरत है ताकि लड़कियां आत्मारक्षा हेतु ताइक्वांडो इत्यादि का प्रशिक्षण ले सकें. प्रतियोगिता मे ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ किशनगंज के अध्यक्ष मो. कलीमुद्दीन ने बताया कि इस चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता को राज्यस्तरीय चैंपियनशिप गोपालगंज में होने वाला प्रतियोगिता में सिधे प्रवेश मिलेगा.

आद्रा रेल मंडल के ओंडाग्राम में ट्रेन हादसा : आपस में टकराई दो मालगाड़ी

बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में बड़ा ट्रेन हादसा, आपस में टकराई दो मालगाड़ी आद्रा रेल मंडल अंतर्गत ओंडाग्राम स्टेशन पर रेलवे मेंटेनेंस ट्रेन (बीआरएन) की शटिंग चल रही थी। मालगाड़ी (बीसीएन) लाल सिग्नल से आगे निकल गई और रुकी नहीं। तथा बीआरएन मालगाड़ी रखरखाव ट्रेन के साथ पटरी से उतर

गई। घटना लगभग रविवार सुबह 4:05 बजे की है। इंजन समेत आठ वैगन पटरी से उतर गए। इस हादसे के बाद खड़गपुर बांकुड़ा आद्रा संभाग पर रेल परिचालन बंद पड़ गया। रेल प्रशासन द्वारा ट्रैक मरम्मत व बहाली का कार्य युद्धस्तर पर कर सुबह 7:45 बजे आप मैन लाइन तथा आप लूप लाइन बहाल कर दी गई। दुर्घटना का कारण जानने हेतु प्रशासन द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा अधिसूचना जारी कर 14 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। तथा 3 ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन कर दिए गए हैं। तथा दो ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट क्या गया है।

मोदी सरकार के नौ साल का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

दैनिक समाज जागरण,सुनील कुमार मिश्र,मगध प्रमंडल

रफीगंज शहर के कासमा रोड़ में भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साव के नेतृत्व में मोदी सरकार के 9 साल पूरा होने पर जनसंपर्क अभियान चलाया।जिसमें सरकार की उपलब्धियों को बताया गया।भाजपा कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर पत्रक और एक किताब बांटे

और लोगों से अपील किया है कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का काम करें। इस मौके पर भाजपा महामंत्री बब्लू सिंह, कोषाध्यक्ष शिव नारायण साव, अरविंद राज सिंह, अशोक प्रसाद, बिमलेश पासवान, रंजीत शर्मा के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

65 ली शराब बरामद कारोबारी फरार।

दैनिक समाज जागरण,सुनील कुमार मिश्र,मगध प्रमंडल

कासमा पुलिस ने चंद्रराही मोड़ के पास से बाईक पर लदे 65 लीटर महुआ शराब बरामद किया। थानाध्यक्ष मनेष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की चंद्रराही मोड़ के पास बाइक से भारी मात्रा में शराब आ रहा है। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, बाईक एवं शराब छोड़कर भागने में सफल रहा। 5-5 लीटर के कुल 13 पॉलिथीन में 65 लीटर देशी महुआ शराब बरामद कर स्प्लेंडर बाइक को जप्त किया।मध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत वाहन मालिक एवं वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी।

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले जिलाध्यक्ष।

दैनिक समाज जागरण,सुनील कुमार मिश्र,मगध प्रमंडल

सपा प्रदेश कार्यालय पटना में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ,औरंगाबाद जिलाध्यक्ष तुलसी यादव अपने कार्यकताओं के साथ शिष्टाचार मुलाकात किया।साथ ही जिले के हरेक प्रखंड में स्टेडियम एवं पुस्तकालय का निर्माण

कराने पर बल दिया। अन्य समस्याओं के साथ-साथ उत्तर कोयल नहर को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री को बताया। उन्होंने इस काम को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।इस मौके पर सिद्धि यादव ,धर्मेंद्र कुमार, पप्पू कुमार,आदि थे।

ईद उल-अजहा : शांति को ले निदेशों का होगा सख्ती से अनुपालन

● गलगलिया थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने लोगों से आपसी भाई –चारा को ध्यान में रखकर सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनाने हेतु की अपील

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) । गलगलिया थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी की अध्यक्षता में गलगलिया थाना परिसर में बकरीद पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की एक बैठक थाना क्षेत्र के गण्यमान्य लोगों के साथ आयोजित की गई।

गलगलिया थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने उपस्थित लोगों से आपसी भाई - चारा को ध्यान में रखकर सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की । उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचे, साथ ही किसी तरह के अफवाह पर ध्यान न देने की बात कही । थाना क्षेत्र में पर्व के दौरान चौक-चौराहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी साथ ही पुलिस लगातार पेट्रोलिंग भी करेगी । किसी भी तरह की गड़बड़ी व अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं शांति समिति की बैठक में उपस्थित सीमावर्ती क्षेत्रों के

जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने आगामी बकरीद पर्व को ले अपने अपने विचारों को रख शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात कही।

इस मौके पर गलगलिया थाना के थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी, प्रशिक्षु दरोगा मन्नू कुमारी, भातगाँव पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि मो0 आरिफ, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुनील पासवान, पूर्व पंसस मो० ताजुद्दीन, वार्ड सदस्य विशाल गुप्ता, राज कुमार माझी, ग्रामीणों में रामनारायण महतो, फिरोज खान, मो० जलील, भोला मंडल सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि बकरीद या ईद उल-अजहा का त्योहार मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारों में क माना जाता है। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार, आखिरी माह जु अल-हज्जा में बकरीद मनाई जाती है। इस त्योहार को मुस्लिम समुदाय के लोग त्याग और कुबार्नी के तौर पर मनाते हैं। इस दिन बकरे की कुबार्नी देने के साथ-साथ जमात और नमाज अदा कर सलामती की दुआ की जाती है। इस त्योहार को ईद उल-अजहा या बकरीद या कुबार्नी के नाम से जाना जाता है।

मुरलीगंजः भाजपा के प्रबुद्धजन सम्मेलन कार्यक्रम में वाद विवाद के बाद चली गोली, एक घायल

पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल

(मुरलीगंज/मधेपुरा) मधेपुरा के मुरलीगंज गोल बाजार स्थित भगत धर्मशाला में रविवार को आयोजित भाजपा के एक कार्यक्रम में हुए आपसी वाद विवाद के बाद एक भाजपा नेता ने दूसरे भाजपा नेता को गोली मार दी।घायल भाजपा नेता पूर्व डिप्टी सीएम,बिहार तारकिशोर प्रसाद के करीबी बताए जा रहे हैं।उनकी हालत गंभीर बनी हुई हैं।विवाद के दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट भी हुई।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीच-बचाव करने आए भाजपा जिलाध्यक्ष,मधेपुरा दीपक कुमार को भी पीटा गया।मौके पर पहुंची पुलिस की भाजपा कार्यकताओं से झड़प भी हुई।पुलिस के मुताबिक रुपए के किसी पुराने लेन-देन के विवाद में गोली चली है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत बीजेपी की ओर से रविवार को मुरलीगंज भगत धर्मशाला परिसर में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन

किया गया था।कार्यक्रम में पूर्व उप मुख्यमंत्री बिहार तारकेश्वर प्रसाद, पूर्व मंत्री डॉ रविंद्र चरण यादव,नीरज कुमार बबलू एवं अमोल राय भी पहुंचने वाले थे। रविवार को आयोजित कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता पंकज कुमार निराला उर्फ पंकज पटेल पहले मंच पर आए।इसी दौरान भाजपा नेता संजय कुमार भगत से पंकज की कहासुनी हो गई, विवाद इतना बढ़ गया कि पंकज ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।एक गोली संजय कुमार भगत के कमर में लगी। घायल संजय भगत को मुरलीगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन,उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर,मधेपुरा रेफर कर दिया गया है।पुलिस पंकज पटेल को लाइसेंसी पिस्टल सहित हिरासत में लेकर अग्रतर करवाई कर रही है।वहीं हिरासत में लिए गए पंकज पटेल ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए भाजपा नेता संजय भगत पर पहले मारपीट करने का आरोप लगाया और अपने जानमाल की रक्षा में गोली चलाने की बात स्वीकार की।

कई देशो को पीछे छोड़ते हुए विश्व के 5 वें स्थान पर भारत पंहुच गया है– नगर विधायक

दैनिक समाज जागरण राकेश कुमार मिश्रा ब्यूरो चीफ गया

गया (बिहार) प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के केंद्र सरकार के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत गया विधान सभा स्तरीय भाजपा कार्यकताओं का टिफिन बैठक का आयोजन सम्राट होटल में किया गया है। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा समिति के सभापति सह गया शहर विधायक डॉ प्रेम कुमार शामिल हुए हैं। इसकार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता के द्वारा किया गया इस बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ प्रेम कुमार ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सोच आपसी समस्ता का मिसाल के रूप में इस बैठक का आयोजन किया गया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी, अमेरिका में प्रवास के दौरे पर हैं। मोदी के नेतृत्व में कितने देशो को पीछे छोड़ते हुए विश्व के 5 वें स्थान पर भारत पंहुच गया है। पूरे दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री के स्वागत में अपने देश के परम्परा को तोड़ते हुए पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री ने चरण छूकर आशीर्वाद लिया है। अमेरिका जैसे देश के राष्ट्रपति बाईडन के द्वारा मोदी से ऑटोग्राफ लेना, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के द्वारा मोदी को ऑस्ट्रेलिया के लोकप्रिये नेता के रूप में सम्बोधन किया, भारत का पूरे विश्व मोदी कार्य शैली से डंका बज रहा है, भारत में मोदी को हटाने के लिए विपक्ष के नेताओं के द्वारा जमावड़ा लगा कर सिर्फ मोदी का विरोध करना एक मात्र मकसद रह गया है, क्यूंकि मोदी जी की सरकार के द्वारा भ्रस्टाचार के लिए जीरो टॉलरेन्स नीति कायम रहेगा, आज मोदी जी के समर्थन में प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता मोदी जी के नौ साल

बेमिसाल सेवा सुशांसन गरीब कल्याण संकल्प पत्रक के साथ तपती धूप में देव दुर्लभ कार्यकर्ता घर घर जा कर मोदी जी का सन्देश पंहुचा रहे हैं। पार्टी के द्वारा टिफिन बैठक का निर्णय स्वागत योग्य है क्यूंकि सारे कार्यकर्त्ता, नेता एक दूसरे कार्यकर्त्ता के टिफिन को एक साथ मिलाकर भोजन का आनंद लिया है। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने सम्बोधित करते हुए कहा की भाजपा कार्यकर्ता 30 मई से मोदी के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत मोदी की उपलब्धियों को घर घर पहुंचा रहे हैं और घर घर से उत्साहित लोगों के द्वारा बताया जाता है की मोदी जी के चलते आवास, शौचालय, आयुष्मान भारत के तहत 5लाख तक मुफ्त इलाज, गॉव गॉव बिजली, सड़क, गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ, किसानों को 6000 रूपए प्रति वर्ष, उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, बेटियों के भविष्य सुकन्या समिति योजना चलाया जा रहा है। कार्यकताओं के उत्साह को देखते हुए पुनः 2024 में मोदी जी की 400 प्लस के साथ प्रधानमंत्री बनना सुनिश्चित है। आज के कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता प्रेम सागर, धीरज रौनीयार,जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, भाजपा वरिष्ठ नेता संजय सिंह, विकास कुमार, डॉ जेड. खान, देवानंद पासवान, करुणा कुमरी,मंडल अध्यक्ष शम्भु यादव, पंकज लोहानी, ऋषि लोहानी, रौकी चंद्रवंशी, रुपेश कुमार वर्मा, नागेंद्र चंद्रवंशी, कमल बारीक, टिंकू गोस्वामी, धीरू सिन्हा, अमित लोहानी, डॉ राजकुमार, शिव नारायण चंद्रवंशी, राम पुकार सिंह, पम्मी सिंह, अन्नू बरनवाल, रंजना सिन्हा, मुन्ना लाल पाठक, अशोक साहनी, दीपक पांडे, अजय सिन्हा, अमर दास, दीपक चंद्रवंशी, राजनंदन गाँधी, दीपक कुमार राय, विनय गुप्ता, गोपाल प्रसाद चंद्रवंशी सहित भारी संख्या में उत्साहित कार्यकर्ता टिफिन बैठक में शामिल हुए हैं। धन्यवाद जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार तन्नी के द्वारा किया गया है।

शतरंज में दिव्यांशु ,अथर्व, धान्वी ,ऋत्विक व आयुष ने बाजी मारी

राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज

चूड़ीपट्टी स्थित खालिद एंड एसोसिएट्स के सौजन्य से जिला शतरंज संघ द्वारा रविवार को स्थानीय इनडोर स्टेडियम में एक निःशुल्क ओपन रैपिड प्राइज मनी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांशु कुमार सिंह चैंपियन बने।

संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा आयोजन सचिव कमल कर्मकार ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता के ओपन विभाग में दिव्यांशु के बाद रोहन कुमार एवं मुकेश कुमार क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थानों पर रहे। इसके अगले स्थानों पर सौरभ कुमार ,चेतन दुग्गर, अमन कुमार गुप्ता, धान्वी कर्मकार, अथर्व राज ,आयुष कुमार, ऋत्विक मजूमदार, सार्थक अग्रवाल, मानव कुमार, सुरोनोय दास, केशव मित्तल, पूर्ण दोकानिया, अंश साहा, अनिमेष कुमार, आदित्य कुमार, ग्रंथ जैन, सार्थक आनंद, मोहम्मद सरबाज आलम ,आयुष आनंद ,श्रीजोय पाल, इशिका अग्रवाल, किशलय, आरव कुमार, मोहम्मद अयान अहमद ,तृष्टि, सामद्री प्रिया एवं अन्य ने क्रमशः जगह बनाई।वहीं अंडर -7, 9 ,11 एवं 13 विभागों में क्रमशः

अथर्व राज ,धान्वी कर्मकार, ऋत्विक मजूमदार एवं आयुष कुमार शीर्ष पर रहे। ये सभी विजेतागण नगद राशियों से पुरस्कृत किए गए। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में कुल 3 दर्जन से अधिक बालक - बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन उक्त संस्थान के स्वामी खालिद हुसैन अकबर ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शतरंज सहित कोई भी खेलकूद विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होता है। इससे शरीर-मन स्वस्थ रहता है। इसके अलावे इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ने के साथ-साथ यह उनका कैरियर भी बन सकता है। अतः सभी विद्यार्थियों को अपने रूचि के अनुसार खेल को चुनकर मन लगाकर उसे खेलते रहना चाहिए। इसके माध्यम से तभी उनका भविष्य उज्जवल बन पाना संभव हो पाएगा।

इस प्रतियोगिता के विजेताओं को बतौर मुख्य अतिथि श्री अकबर, संघ के उपाध्यक्ष राजेश कुमार दास, डॉ अमर कुमार एवं अन्य ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया। मौके पर संघ के संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार, कई खिलाड़ियों के अभिभावकगण एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

सिलीगुड़ी में बंदूक की नोक पर अपहरण हुए व्यवसायी प्रभाकर सिंह सही–सलामत बरामद

उत्तम सिंह :संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)ः अपहरण के 12 घंटे बाद आखिरकार पुलिस ने व्यवसायी प्रभाकर सिंह उर्फ दीपक को सही सलामत बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीते देर रात पुलिस ने प्रभाकर को बरामद किया है। बताया जा रहा है कि अपहरणकर्ता अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अपहरणकताओं को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस बीच प्रभाकर सिंह के सही-सलामत घर लौटने से परिवार में खुशी का माहोल है। फिलहाल प्रधान नगर थाना की पुलिस प्रभाकर सिंह के घर पर विशेष नजर रख रही है। साथ ही अपहरण की गुथी सुलझाने के लिए प्रभाकर के हर रिश्तेदार से पूछताछ की जा रही है। आपको बताते दें कि शनिवार की सुबह सिलीगुड़ी नगर निगम के 46 नंबर वार्ड अंतर्गत चंपासारी से बंदूक की नोक पर प्रभाकर सिंह का अपहरण कर लिया गया था। पेशे से व्यवसायी प्रभाकर सिंह का रेगुलेटेड मार्केट में गद्दी है। बीते कल रेगुलेटेड मार्केट के लिये

वह घर से निकले थे। इस दौरान रास्ते में ही उनका अपहरण कर लिया गया। इस घटना के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गयी थी। वहीं शहर में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे थे। जिसके चलते पुलिस के उपर दबाव काफी बढ़ गया था। दूसरी तरफ, जांच के दौरान डीडी और एसओजी की टीम ने इंडो-नेपाल बॉर्डर संलग्न इलाके में अभियान चलाया। लेकिन कोई कामयाबी नही मिली। लेकिन बीते देर रात प्रभाकर सिंह को बरामद कर लिया गया है। पुलिस की प्रथमिक जांच में अपहरण के पिछे का मुख्य कारण रुपये बताया जा रहा है।

बताया गया है कि अपहरण के बाद परिवार वालों को फोन पर फिरौती के लिए करीब एक करोड़ रुपए की मांग की गयी थी। वहीं, परिवार वालों ने अपहरणकताओं की बात मानते हुए रुपए लेकर मौके पर पहूंचे थे। इधर, अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार थी। लेकिन, पुलिस की भनक लगते ही अपहरणकर्ता प्रभाकर को छोड़ कर रुपये लिये बिना घटनास्थल से फरार हो गये। इस विषय में एडीसीपी शुवेंद्र कुमार से फोन पर बात करने पर उन्होंने बताया कि व्यवसायी प्रभाकर सिंह को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। वहीं, पुलिस द्वारा अपहरणकताओं की तलाश जारी है।

बकरीद को लेकर राजगीर थाना में शांति समिति की बैठक, त्योहार में गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नही जाएगा–मोहम्मद मुश्ताक

दैनिक समाज जागरण मुन्ना पासवान ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ)

राजगीर थाना कैंपस में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता कर रहे राजगीर थानाध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक ने साफ तौर पर कहा कि त्योहार में गड़बड़ी फैलाने वालों को बख्शा नही जाएगा।के बैठक में उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने संयुक्त रूप से कहा कि बराकर में एक दिन पहले 28.06.23 को और राजगीर ब्रह्मकुंड ईदगाह,झालर मस्जिद, बेलौआ मस्जिद, नोन्ही, बलवापर

गांव में 29 .06.23 बृहस्पतिवार को सुबह 07 बजे से नमाज अदा की जाएगी।शांति समिति के सदस्यों के द्वारा नगर परिषद से साफ सफाई और पानी के टैंकर की व्यवस्था और सहायक विद्युत अभियंता को बिजली की व्यवस्था के लिए और थाना से विधि-व्यवस्था के लिए पुलिस बल की आवश्यकता पर जोड़ दिया।थानाध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक के द्वारा बताया गया की शांति और सांप्रदायिक सौहार्द से बकरीद का त्योहार मनायें और गडबरी करने वाले असामाजिक तत्वों पर कडी कार्रवाई की जाएगी।शांति समिति के सदस्यों से शांति व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजगीर,अंचलाधिकारी राजगीर, नगरपरिषद और बिजली विभाग के कर्मी शामिल हुए।

कोचैसा समाज ने आपसी एकता व सौहार्द्र का बिगुल फूंका, पार्टी को नहीं कोचैसा प्रत्याशी को जिताएंगे

दैनिक समाज जागरण मुन्ना पासवान ब्यूरो चीफ नालंदा बिहार शरीफ

नालंदा जिला के प्रखंड मुख्यालय नूरसराय के सनसिटी पैलेस में रविवार को बड़ी संख्या में कोचैसा समाज के लोग जुटे।यह के के मिलन समारोह नूरसराय प्रखंड के लिये आयोजित किया गया था, पर पूरे नालंदा जिला से इस समाज के प्रमुख लोगों की भागीदारी रही।समारोह की अध्यक्षता के के परिषद के सुरेन्द्र प्रसाद ने की तथा संचालन विशेश्वर प्रसाद ने किया। आयोजन में मुख्य भूमिका रामकेश्वर प्रसाद उर्फ पप्पू नेता तथा संदीप सुमन ने निभाई।के के परिषद द्वारा आयोजित इस समारोह में समाज के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि एवं रोजगार के विषय में आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ आगे बढ़ने पर विचार किया गया।सभा में

जोर-शोर से सत्ता में राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की बात की गयी।यहाँ सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि चुनाव में हमें पार्टी को नहीं बल्कि कोचैसा प्रत्याशी को देखना है।जो भी पार्टी समाज को उचित हक देगी और समाज के उम्मीदवार को मौका देगी,पूरा समाज उसी को वोट करेगा और जिताएगा।इस अवसर पर के के परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट विजय प्रसाद,के के के पुस्तकालय के अध्यक्ष अनील कुमार, सचिव सिद्धेश्वर प्रसाद, महतो बाबा समिति के अध्यक्ष नवल कुमार,रामकेश्वर प्रसाद उर्फ पप्पू नेता,रवि रौशन,श्रवण कुमार सुमन,सुरेंद्र प्रसाद,अजय कुमार, पूर्व जिला पार्षद अनिल कुमार, मनीष पटेल,सुधीर पटेल,विनोद प्रसाद आदि ने समारोह को संबोधित किया।समारोह के अंत में हाल-फिलहाल में दिवंगत हुये समाज के व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी गयी।

सांसद रविशंकर प्रसाद का लाभार्थियों से संवाद

दैनिक समाज जागरण/सुधांशू रंजन/ब्यूरो चीफ/पटना

पटनाः भारतीय जनता पार्टी की बांकीपुर विधानसभा में आज लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पाटलिपुत्र सांसद राम कृपाल यादव तथा बांकीपुर विधायक नितिन नवीन के साथ विधानसभा के विभिन्न मंडल के लाभार्थी शामिल हुए।

इस अवसर पर पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद ने केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा चलायी गई अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को सुरक्षित लोक कल्याणकारी और ईमानदार बताया। कोरोना काल में सरकार के द्वारा किए कार्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल में देश के करोड़ों लोगो को मुफ़्त वैकसीन की व्यवस्था के साथ ही देश के अस्सी करोड़ लोगो के लिए मुफ़्त अनाज की व्यवस्था प्रधानमंत्री मोदी ने की है , ऐसे कड़े और बड़े फैसले के पीछे प्रधानमंत्री की ईमानदार सोच और दृढ़ संकल्प से ही संभव हो पाते है । आज देश के हर क्षेत्र में प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम दिखता है।

श्री प्रसाद ने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई वाली सरकार में भारत अपनी छबि उत्साही

भारत, सुरक्षित भारत,विकास की ओर बढ़ता भारत और अपनी सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करता हुआ भारत के रूप में विश्व को पहचान करा रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा की भारत की विकास यात्रा को अगर मोटे शब्दों में रखा जाए तो एक ऐसे भारत की तस्वीर है जो उत्साही भारत है, सुरक्षित भारत है, विकास की ओर बढ़ता भारत है और अपनी सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करता हुआ भारत है। यह विषय सिर्फ बोलने के लिए नहीं है चीजे दिखती है, नरेंद्र मोदी जी ने 2014 में कहा था कि उनकी सरकार गरीबों के प्रति समर्पित होगी। आज गरीब कल्याण का संकल्प और उसकी सिद्धि दिखाई पड़ती है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाना खिलाया गया, 200 करोड कोरोना का मुफ्त टीका लगाए गए, 11 करोड़ किसानों को 6000 रुपया प्रति वर्ष रुपया दिए जाते है, गरीब माताओं, रेहड़ी पटरी वाले सबों की चिंता की गई है। करोड़ों की संख्या में ग्रामीण आवास, शहरी आवास का गरीबों को लाभ मिला है, उज्जवला दिया गया।

मोदी सरकार के जनकल्याणकारी नौ साल पूर्ण होने पर भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में मोदी सरकार के जनकल्याणकारी नौ साल पूर्ण होने पर भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत पटना साहिब विधान सभा क्षेत्र के चित्रगुप्त मण्डल अन्तर्गत छोटी बाजार एवं मीरगुलाबी बाग शक्तिकेन्द्र के विभिन्न बूथों पर घर-घर जन संपर्क कर मतदाताओं के बीच पीएम मोदी के नौ वर्षों की उपलब्धियों से संबंधित बुकलेट बांटे। संजय चंद्रवंशी ने बताया कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्य को

लेकर लोगों में उत्साह है विशेष रूप से महिलाओं ने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं के लिए बहुत सारे कार्य किया है और उन्हें अधिकार दिया है इसलिए फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।

इस अवसर पर भाजपा पटना महानगर ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री संजय चन्द्रवंशी, मण्डल अध्यक्ष अशोक भारती, मण्डल महामंत्री गोपाल जायसवाल, मण्डल के प्रवक्ता विक्रम मेहता, पारस पासवान, राजेंद्र शर्मा, दीपक दूबे, गिरीश सिंह डब्ल्यू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुलमी गांव के राम मंदिर के पास खराब हुआ 4000 लीटर जलमिनार, ग्रामीणों की मांग- मरम्मत करें!

दैनिक समाज जागरण
शेखर सुमन

ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड)25 जून 2023 कुकडू - सरायकेला खरसावां जिला के कुकडू प्रखंड अंतर्गत दुलमी गांव के राम मंदिर के पास स्थित पीएचडी विभाग द्वारा निर्मित 4000 लीटर छमता बाला जलमिनार, खराब होने के कारण ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह खबर स्थानीय लोगों में बहुत चिंता का कारण बन चुकी है। दुलमी गांव के राम मंदिर के पास स्थित पीएचडी विभाग द्वारा निर्मित 4000 लीटर छमता बाला जलमिनार खराब होने के कारण ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह जलमिनार, जो पिछले 6 महीनों से अवरुद्ध है, ग्रामीण समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी मरम्मत की जरूरत है। खराब होने के कारण, दूर दूर से महिलाएं पानी लाने के लिए लंबे दौरे लगा रही हैं। ग्रामीण समुदाय के सदस्यों ने इस समस्या को देखते हुए जलमिनार की मरम्मत की मांग की है। वे बताते हैं कि इस जलमिनार के खराब होने से, पानी की कोई समस्यायें है , और इसलिए इसे जल्द से जल्द ठीक कराने की आवश्यकता है। ग्रामीणों की यह मांग ध्यान में रखते हुए पीएचडी विभाग के अधिकारियों को जलमिनार की मरम्मत के लिए कदम उठाने की अपील की जा रही है।

उन्होंने कहा कि यदि जलमिनार को जल्दी ठीक नहीं किया गया, तो ग्रामीण समुदाय को और भी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जो पानी की कमी के कारण होंगी। इस मामले में, समाजसेवी रोहित दे ने बताया कि जलमिनार की खराबी के चलते उनके गांव के लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वह इस मामले की जल्द से जल्द सुलझाव की मांग कर रहे हैं और ग्राम पंचायत के साथ-साथ पीएचडी विभाग को भी जलमिनार की मरम्मत करवाने के लिए जुटने की अपील की है। अब यह देखा जा रहा है कि क्या पीएचडी विभाग जलमिनार की मरम्मत के लिए कदम उठाता है और इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करता है, ताकि ग्रामीण समुदाय को आवश्यक पानी की आपूर्ति में कोई बाधा ना हो। जलमिनार की मरम्मत न करने के मामले में पीएचडी विभाग के खिलाफ ग्रामीणों की आंदोलन भी संभावित है, जिससे सरकार को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। यहां तक कि सभी ने भी इस मुद्दे को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है और प्रखंड स्तर पर इस मुद्दे का हल निकालने की मांग की है । आखिरकार, ग्रामीण समुदाय की इस मांग के पीछे एकमात्र उद्देश्य है - पानी की आपूर्ति की सुनिश्चितता। इसलिए, पीएचडी विभाग को इस मामले को गंभीरता से लेने की और जलमिनार की मरम्मत करवाने की अपील की जाती है, ताकि ग्रामीण समुदाय को यह समस्या से निपटने के लिए लंबे दौरे नहीं लगाने पड़ें और पानी की समस्या से निजात मिले।

अपनी समस्याओं की फरियाद लेकर असहाय विधवा दो नाबालिग बच्चों के साथ पँहुची पूर्व जिलापार्षद के पास

दैनिक समाज जागरण
मोहम्मद कलीमुद्दीन प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),25जून 2023:-

ज्ञात रहे पोटका प्रखंड के आसनबनी पंचायत स्थित कानिकोला गाँव के टोला लालडीह के करण चंद्र हांसदा के निधन गत दिनांक-04/05/2023 को मात्र- 47 वर्ष में ही हो जाने के बाद उनके परिवार सम्पूर्ण अनाथ हो गई। विधवा पत्नी पानो हांसदा के जीवन में मानो दुःखों का पहाड़ टूट पड़ी। दो नाबालिग बच्चे- 1) डोमन हांसदा एवं 2) लेडाम हांसदा - को लेकर दैनिक मजदूरी के सहारे जीवन व्यतीत करना उनकी नियती बन गई। इनकी वर्तमान स्थिति तो ऐसी है की एक और जँहा परिवार की पेट पालना वंही बच्चों की पढ़ाई के साथ साथ तिरपाल में ढाँका हुआ बिल्कुल जर्जर घर को सुधारना नामुमकिन सी साबित हो रही है। बर्षात की मौसम पँहुच चुकी है ऐसे में ऐसी जर्जर में बच्चों को लेकर रहना भी खतरों से खाली नहीं है।

अंततः आज असहाय पानो हांसदा आज अपने पूर्व जिलापार्षद करुणा

मय मंडल के आवासीय कार्यालय आकर अपनी सारी दुःखड़ा सुनाते हुये सरकार से मिलने वाली सहयोगों को दिलवाने की अनुरोध किये। पीड़िता की सारी दुःखद कहानी सुनकर पूर्व पार्षद श्री मंडल जँहा द्रवित हो गये वंही पीड़िता पानो हांसदा को सरकार से मिलने वाली नियमानुकूल हरेक सुविधाएँ उपलब्ध करवाने की आश्वासन दिये।

मंडल ने बोले वृद्धावस्था पेंसन, पारिवारिक लाभ, नाबालिग बच्चों के लिये स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ, सरकारी आवासीय विद्यालयों में नामांकन आदि का लाभ दिलवाया जायेगा साथ ही पूर्व पार्षद ने जर्जर घर के लिये कल सोमबार को उपायुक्त की साप्ताहिक जनता दरवार में पीड़िता को ले जाकर अम्बेडकर आवास उपलब्ध करवाने की अनुरोध किये जाने की भरोसा दिये। आज पूर्व पार्षद के शंकरदा स्थित आवासीय कार्यालय में समाज सेवा में रूचि रखने वाले संजय दास पीड़िता पानो हांसदा एवं उनके दो नाबालिग बच्चों को साथ लेकर पँहुचे थे।

बहरागोड़ा के बरसोल थाना क्षेत्र के खांड़ा मौदा में भीषन सड़क दुर्घटना

दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन प्रखंड संवाददाता मुसाबनी

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),25जून 2023:- बरसोल थाना क्षेत्र स्थित खंडामौदा के पास राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 49 के किनारे स्थित यात्री विश्रामागार से रविवार की सुबह करीब 7 बजे अलकतरा से भरा एक टैंकर नंबर डब्ल्यूबी 29 ए 8919 टकरा गया, इससे यात्री विश्रामागार ध्वस्त हो गया और उसमें बैठे कई यात्री दब गए हैं। टैंकर कोलकाता की ओर से जमशेदपुर की ओर जा रहा था। घटना स्थल पर जुटी ग्रामीणों के भीड़, खाड़ा मौदा के

विश्रामगार ध्वस्त होने के कारण उसमें बैठे कई यात्री मलवा में दब गए हैं। मलबे में दबे दो यात्री दिखाई पड़ रहे हैं, दुर्घटना के बाद टैंकर चालक फरार हो गया है। घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ लगी है. सूचना पाकर बरसोल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है. कितने लोग दबे हैं, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है. इस दुर्घटना के कारण हाईवे जाम हो गया है. पुलिस रेस्क्यू में जुटी हुई है, क्रेन के द्वारा मलवा को हटाया जा रहा है,ज्ञात हो कि विभिन्न जगहों पर जाने के लिए इस विश्रामागार में बैठकर यात्री वाहनों का इंतजार करते हैं। सूचना मिल रही है कि एक बुजुर्ग महिला समेत दो लोगों मौके पर मौत हो गई है।

ईचागढ़ व तिरुलडीह थाना परिषद में शांति समिति की हुई बैठक

दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड) 25 जून 2023

ईचागढ़ -सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ व तिरूलडीह थाना परिसर में रविवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। ईचागढ़ थाना में शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो की अध्यक्षता में किया गया। वहीं तिरूलडीह में थाना प्रभारी रितेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक कि गई।बैठक में सौहार्द पूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। त्याग व बलिदान का महापर्व बकरीद को भाईचारे के साथ मनाने को लेकर शांति समिति के सदस्यों ने आपसी सहयोग बनाए रखने पर चर्चा किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद पर्व पर भड़काऊ मैसेज पर ध्यान नहीं देते

हुए भाईचारे के साथ पर्व मनाने का अपिल किया। उन्होंने कहा कि कहीं भी कुछ अपवाह फैलाने की कोशिश करने वाले के संबंध में प्रशासन को सुचित करें। वहीं तिरूलडीह थाना प्रभारी रितेश कुमार ने कहा कि बकरीद पर असमाजिक तत्वों, हुड़दंगियों व गलत मैसेज व अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का हुड़दंग करने व वातावरण को दुषीत करने की कोशिश करने वालों का सुचना थाना को दें, ताकि तत्काल कार्रवाई किया जा सके। उन्होंने कहा कि वाटसप पर अफवाह फैलाने वालों व सौहार्द को बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर जिप सदस्य जोतीलाल मांझी,एएसआई मुनीन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, अनिल सिंह, अमित सिन्हा, मुरलीधर मिश्रा, साईफूल अंसारी, कामरूद्दीन अंसारी, रायुफ अंसारी, राजेन सिंह मुण्डा, अनंत गोप,नरेन गोप आदि उपस्थित थे।

यूसिल अस्पताल की सुविधा में सुधार के लिए मंत्री से मिले पवन सिंह

दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन, प्रखंड संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),25जून 2023:- कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस के जादूगोड़ा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह के नेतृत्व में रविवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर जादूगोड़ा स्तिथ यूसिल अस्पताल में स्तिथि के सुधार के लिए एक मांग पत्र सोपा। इस संबंध में पवन सिंह ने बताया कि हमलोग मंत्री से मिलकर कहा कि यूसीआईएल के कर्मचारी की चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ यहां आस-पास 15 किलोमीटर में निवास करने वाले विस्थापित आदिवासी दलित पिछड़ा बहुल ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का चिकित्सा का यूसिल अस्पताल एकमात्र अस्पताल है। पहले अस्पताल में साइकोलॉजिस्ट सर्जन नेत्र सर्जन छाती विशेषज्ञ आदि जैसे डॉ यूसीआईएल अस्पताल में रखा गया था। बिना किसी कारण के इन सुविधाओं बंद कर दिया गया।

मजदूरों को अन्य निजी अस्पताल में रेफर कर प्रबंधन करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।

वही प्राइवेट से दवा खरीद कर प्रबंधन अनब्रांडेड दवाओं की प्रिंट रेट पर भुगतान कर 7 से ड्ड10 करोड़ रुपए यूसी प्रबंधन के अधिकारी और हस्पताल मैनेजमेंट के मिलीभगत से बंदरबांट किया जा रहा है। हम लोगों ने मांग किया है कि अस्पताल में बेड और सहायक उपकरण का नवीनीकरण हो, अस्पताल के वार्ड एवं केबिन में एयर कंडीशन करवाया जाए, ऑपरेशन थिएटर का सुविधा किया जाए, स्त्री रोग सर्जन ईएनटी नेत्र विशेषज्ञ बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का फिर से स्थापना किया जाए। 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले ग्रामीण के मरीजों को टाटा रांची कोलकाता जाने के लिए सीएसआर फंड से एंबुलेंस उपलब्ध कराएं। अस्पताल में कैंटीन की सुविधा को बेहतर करें एवं मंत्री से आग्रह किया गया है कि एक बार यूसीआईएल अस्पताल का दौरा करके इस अस्पताल को खुद से देखकर स्तिथि से अवगत हो जाए।

बकरीद को लेकर कपाली पुलिस ने आयोजन किया शांति समिति की बैठक

शशि भूषण महतो (चांडिल)

चांडिलः सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी अंर्तगत डांगोरडीह स्थित सामुदायिक भवन में शांति समिति की बैठक चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान पुलिस के

समक्ष कई प्रबुद्ध नागरिकों ने पर्व त्योहारों में होने वाले विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें खासकर बिजली की लचर व्यवस्था, पेयजल की समस्या, सड़क पर गंदगी का अंबार से राहगीरों को होने वाली परेशानी और कुछ असामजिक तत्व द्वारा सोहद्र खराब के नियत से मोटर साईकिल का साइलेंसर खोल बेधड़क सड़क पर दौड़ने जैसे समयसाओं से निजात दिलाने को लेकर प्रशासन से गुहार लगाया। मौके पर कपाली ओ पी प्रभारी संदीप कुमार, एएसआई कासिम अंसारी, कपाली नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सर्वर आलम, समाज सेवी ललित महतो, सानुर रहमान, मोहम्मद अर्शद, इनामुल हक, चांदनी उरांव, राजू, खोकन महतो

आदित्यपुर : शांति समिति की बैठक में प्रेम और सौहार्द से बकरीद मनाने की अपील

सुबह 8 बजे ईदगाह में अदा होगी बकरीद की नमाज : सदर

दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड)25 जून 2023

बकरीद को लेकर रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई. इसमें प्रेम और सौहार्द से त्याग व बलिदान का त्योहार बकरीद मनाने का निर्णय समिति के सदस्यों ने लिया. सदस्यों ने बैठक के दौरान मुस्लिम बस्ती में गर्मी को देखते हुए पानी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया. इसके अलावे बस्ती में सफाई और स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने की बातें रखी. बस्ती में पाइप लाइन जलापूर्ति बंद है जिसे देखते हुए टैंकर से जलापूर्ति की मांग की गई. सदस्यों ने बस्ती के एच और आई रोड में टैंकर देने का आश्वासन दिया, वहीं बस्ती की सफाई कराने और लाइट दुरुस्त करा देने का भी आश्वासन दिया.

बस्ती में तैनात रहेगी पुलिस

बस्ती के सदर मो यूनुस ने 29 जून को सुबह 8 बजे बस्ती के ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा किए जाने

की जानकारी दी. थाना प्रभारी राजन कुमार ने कहा कि बकरीद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी और नमाज के वक्त बस्ती में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगी. पुरेंद्र नारायण ने 26 से 29 तक टैंकर से जलापूर्ति करने और नालों आदि की सफाई नगर निगम के माध्यम से कराने का आश्वासन दिया. मो नाजिर ने इमामबाड़ा गली की नाली जाम होने की बात रखी. बैठक में नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश, वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ चौबे, बस्ती के सदर मो. यूनुस, रामचंद्र पासवान, एसआई सत्यवीर सिंह, मो नाजिर हुसैन, अब्दुल मजीद, शेख मंजूर आलम, मेहबूब आलम, पूर्व डीएसपी सरयू पासवान, नौशाद आलम ब्रजेश पति तिवारी, अधिवक्ता संजय कुमार, कैलाश साह, जवाहर लाल सिंह आदि मौजूद थे.

जे बी के एस एस ने महिला समितियों के बीच चलाया जागरूकता अभियान।

सरकार के 60/40 नियोजन नीतियों को हम सबों को विरोध करने चाहिए इस नीति से राज्य के मूल निवासियों को नहीं मिल रहा रोजगार : गोपेश महतो।

शशि भूषण महतो (चांडिल) चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के रसुनिया पंचायत अंतर्गत रसूनिया गांव के महिला समितियों के संघ बैठक कर जन जागरूक अभियान चलाया गया। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के महाधिवेशन के बाद गांव के महिलाओं में जो जवाब मिला उससे यह प्रतीत होता है , क्षेत्र के लोग बदलाव चाहते है साथ ही साथ शिक्षा में बदलाव हेतु उन्हें जागरूक कराया , उपस्थित महिलाओं ने हमारे विचारों का पूर्ण समर्थन देते हुए , राज्य और क्षेत्र में बदलाव का संकेत दिए। मौके पर झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के सदस्य फुल चांद महतो,गोपेश, सुकदेव , प्रताप गोराई, विष्णु महतो,फुल चांद,उषा रानी महतो,गीता महतो ,कल्याणी महतो,परिवाला महतो,रूबी कुमारी ,लतिका कालिंदी, इंद्रा गोप, सोमबारी गोप,लक्ष्मी लोहार , सरस्वती मांझी , छातामनी मांझी ,सुमित्रा मांझी, सालगे मांझी,नेपाली मांझी, दानगी मांझी , सुनिया मांझी ,सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

आदित्यपुर : दुकानदारों से रंगदारी मांगने वाले पांच नाबालिगों को पुलिस ने दबोचा

दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला

आदित्यपुर पुलिस ने दिंदली बाजार के दुकानदारों की लिखित शिकायत के छह घंटे के भीतर रंगदारी मांगने वाले पांच नाबालिग को गिरफ्तार किया है. इनके पास से हथियार भी बरामद हुआ हैं. सभी से पूछताछ की जा रही है. इसके साथ ही थाना प्रभारी द्वारा दिंदली बाजार के दुकानदारों से किया गया वादा पूरा हो गया. बता दें कि शनिवार रात कुछ लोगों ने दिंदली बाजार स्थित प्रेम वस्त्रालय में घुसकर हथियार के बल पर रंगदारी की मांग की थी. विरोध करने पर मारपीट भी की थी.

दुकानदारों ने सुरक्षा की लगाई थी गुहार इस घटना से भयभीत दुकानदारों ने रविवार सुबह पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई थी. थाना प्रभारी राजन कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया था और अभियुक्तों की धरपकड़ में जुट गए थे. घटना के चंद घंटों के भीतर ही थाना प्रभारी राजन कुमार ने अपने अफसरों के साथ आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती की घेराबंदी कर अलग-अलग हिस्सों से पांचो आरोपियों को धर दबोचा और उनकी निशानदेही पर एक धारदार हथियार भी बरामद कर लिया. फिलहाल सभी से पूछताछ की जा रही है.

डॉ भीमराव अंबेडकर कोचिंग सेंटर द्वारा निकाला गया शिक्षा जागरूकता मशाल जुलूस

समाज जागरण, कौशल किशोर
प्रखंड़ संवाददात्ता, विश्रामपुर

पलामू (झारखंड) 25 जून 2023 :- विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 10 बरवाडीह के डॉ भीमराव अंबेडकर कोचिंग सेंटर द्वारा शिक्षा जागरूकता मशाल जुलूस निकाला गया.जुलूस की शुरूआत बरवाडीह कोचिंग सेंटर परिसर से शुरू हुआ.जो पूरे वार्ड भ्रमण के बाद मधुरीडीह-तेनुवाहि कोचिंग सेंटर तक पहुंचा जहां जुलूस का समापन हुआ.शिक्षा

जागरूकता मशाल जुलूस की अगुवाई भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष सह कोचिंग सेंटर के निदेशक सुरेंद्र भारती कर रहे थे.जुलूस में कोचिंग सेंटर के 50 छात्र-छात्राओं ने हाथ मे तख्ती लिये थे.जिसमे शिक्षा से संबंधित कई स्लोगन व लेखन लिखा हुआ था.सेंटर के शिक्षकों ने भी क्षेत्र के बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया.जुलूस में सेंटर के शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्रा शामिल थे.

धीमी रफ्तार का शिकार नल जल योजना : जनप्रतिनिधि की लापरवाही।

दैनिक समाज जागरण
निशांत तिवारी
प्रखंड संवाददाता हंटरगंज

चतरा(झारखंड)25 जून 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के चकला पंचायत के बेला गाँव मे महीनों से लगाए गए जल मीनार खड़ा कर छोड़ दिया गया है। नल जल योजना का जलमीनार जो योजना की धीमी रफ़्तार का परिचय देता नजर आ रहा है। ग्रामीण जनता का कहना है की यहाँ इस मीनार को खड़ा किए एक महीना हो गया है पर अभी तक इसे चालू नही किया गया है।और जो बोरिंग किया गया है वो एक सौ पचास से 200 फिट तक बोरिंग की

गई है। मीनार के ऊपर टंकी लगाकर छोड़ दिया गया है इस भीषण गर्मी मे जल की समस्या सबसे बड़ी समस्या है और इससे निजात पाने के लिए सरकार द्वारा नल जल योजना शुरू की गयी है पर इसकी रफ़्तार इतनी धीमी है की महीनों लग जाएंगे इसे पुरा होते होते।ग्रामीणों का ये भी कहना है की उपरोक्त कार्यो के बाद पता नही आगे कार्य होगा भी की नही ये बताना मुश्किल है ।बतातें चलें कि ऐसे मामले पूरे हंटरगंज प्रखंड में देखने को मिल रहें हैं।वहीं सम्बंधित विभाग की बात की जाए तो विभाग भी हाथ पर हाथ धरे विकास के कार्य के रफ्तार को धीमी गति दे रहे हैं।

नगर परिषद द्वारा प्रधानमंत्री शहरी आवास का कराया गयो गृहप्रवेश

समाज जागरण, कौशल किशोर
प्रखंड़ संवाददात्ता, विश्रामपुर

पलामू (झारखंड) 25 जून 2023 :- प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के आठवीं वर्षगांठ पर विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया.तथा 20 नवनिर्मित आवास का सामूहिक रूप से गृहप्रवेशे भी कराया गया.गृहप्रवेशे के बाद लाभुक आज से ही अपने नये मकान में शिफ्ट हो गये.नप के सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज ने कहा कि नप क्षेत्र के सभी

वार्डो में कोई भी कच्चे का मकान नही रहेगा.अहर्ता पूरा करने वाले सभी व्यक्ति को आवास योजना का लाभ दिया जायेगा.मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम, प्रभात कुमार, कनीय अभियंता अभय राज हंस,विभूति भूषण, अजित टुडू,मुकेश कुमार, वार्ड पार्षद पूनम देवी, समाजसेवी विजय कुमार रवि, दीपक कुमार, संजय कुमार सहित कई नप कर्मी मौजूद थे.

झामुमो पंचायत स्तरीय बैठक में संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

मोहम्मद इस्तियाक अहमद ब्यूरो चीफ बोकारो देनिक समाज जागरण

बोकारो बेरमो (झारखंड) बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट स्थित मुंगोरंगामाटी पंचायत में झामुमो कार्यकताओं की बैठक पंचायत सचिवालय परिसर में पर्यवेक्षक मुरलीधर सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया मोहन कुमार महतो एवं संचालन उपमुखिया भागीरथ महतो ने किया` सर्वसम्मति से युवा मोर्चा के अध्यक्ष उमेश हांसदा एवं सचिव हेमलाल कुमार महतो का चुनाव किया गया साथ ही महिला मोर्चा के अध्यक्ष सावित्री देवी व सचिव तेजिया देवी का चयन किया गया` डुमरी विधानसभा सभा उप चुनाव की तैयारी, बुथ कमिटी के गठन , युवा मोर्चा का गठन एवं महिला मोर्चा गठन के साथ साथ पार्टी की जीत के लिए जन संपर्क अभियान चलाने पर विचार विमर्श किया गया। झामुमो के पंचायत

अध्यक्ष रामेश्वर महतो ने कहा कि मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के कारण डुमरी में उप चुनाव होने जा रहा है। इसको लेकर मुंगोरंगामाटी पंचायत के बुथ कमिटी के एक एक कार्यकर्ता पार्टी की जीत के लिए अभी से ही जनसंपर्क में जुट जाएं। साथ ही कहा की दिवंगत जगरनाथ महतो ने अपने जीवन पर्याप्त में पंचायत में किये गये विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। कहा कि उप चुनाव में दिवंगत मंत्री की पत्नी व पुत्र को पार्टी की ओर से प्रत्याशी बनाए जाने की पुरी उम्मीद है। इसलिए झामुमो के पंचायत से लेकर बुथ स्तर के कार्य में जुट जाएं । मौके पर टेकलाल महतो, रामेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, जगरनाथ महतो, सुंदर लाल हांसदा तुलिया देवी, दुलारी देवी, बिरजी देवी गीता देवी, सुमिता कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे

नए सप्ताहिक बाजार की शुरूआत सानग्राम में की गई

क्रेताओ एवं विक्रेताओं को बाजार समिति द्वारा सम्मानित किया गया

दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),25जून 2023:- सानग्राम में सप्ताहिक बाजार की शुरूआत रविवार को किया गया` इस दौरान पोटका मुखिया पानो सरदार, रसून चोपा मुखिया सिमती सरदार, समाजसेवी तपन मंडल आदि उपस्थित रहे` सप्ताहिक बाजार प्रत्येक रविवार को शिव मंदिर परिसर में आयोजित

किया जाएगा बाजार की शुरूआत दोपहर के 3:00 से लेकर 4:00 के बीच आने वाले क्रेताओ एवं विक्रेताओं को बाजार समिति द्वारा सम्मानित किया गया बाजार में काफी संख्या में क्रेता एवं दुकानदार उपस्थित हुए` मुखिया अभिषेक सरदार ने कहा कि सान ग्राम पंचायत का संग्राम गांव एक बड़ा गांव है मगर यहां एक भी बाजार नहीं होने से ग्रामीणों को 7 से 10 किलोमीटर दूर बाजार करने जाने पर जाना पड़ता था किसानों को अपनी सब्जी बेचने में काफी दिक्कतें होती थी इसी को देखते हुए, बाजार समिति संग्राम एवं गणमान्य लोगों के मार्गदर्शन में बाजार लगाया गया जिसमें ग्रामीणों में काफी खुशी की लहर देखने को मिली` बाजार में उपस्थित तपन मंडल ने कहा कि बरसों से हम सबों की मांग थी कि सानग्राम में बाजार लगना चाहिए मगर बाजार नहीं था पंचायत के मुखिया और शिव मंदिर कमेटी, बाजार समिति के सहयोग से आज सफलतापूर्वक बाजार लगाया गया हम सब काफी खुश हैं

लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा भंडार में लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर,111 मरीजो का हुआ जांच

समाज जागरण, कौशल किशोर
प्रखंड़ संवाददात्ता, विश्रामपुर

पलामू (झारखंड) 25 जून 2023 :- विश्रामपुर प्रखंड के भंडार में लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया.चिकित्सा शिविर का उद्घाटन विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय व पंचायत की मुखिया आरती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया.शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित 111 मरीजो का जांचोपरांत सफतापूर्वक इलाज किया गया.साथ ही सभी मरीजो के बीच निःशुक्ल दवा का भी वितरण किया गया.शिविर में सभी मरीजो का इलाज डॉ एस पी सैनी व डॉ चंदन कुमार के द्वारा किया गया.विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा विश्रामपुर क्षेत्र में जगह-जगह शिविर का आयोजन कर विभिन्न रोगों से ग्रसित मरोजो का जांच व इलाज किया जा रहा है.मौके पर एएनएम संतोषी हांसदा,ममता कुमारी,फार्मासिस्ट धर्मेंद्र कुमार, राकेश कुमार,मोहम्मद खुर्शीद आलम,प्रभात पांडेय,दिलीप चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे.